✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 121 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## चतुर्थ नवदुर्गा : माता कुष्मांडा

**वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम।**
**सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम।।**



नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है।

### मुख्यमंत्री ने भागलपुर में 301.71 करोड़ की 59 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा बिहार : नीतीश

**पुष्पांकर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज भागलपुर जिले के सन्हौला प्रखंड के अरार-धुआवे पंचायत के श्री चंडिका मिश्री लाल कृष्ण प्रसाद माध्यमिक उच्चतर प्लस टू विद्यालय परिसर में 301 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से कुल 59 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 141.99 करोड़ की लागत से 43 योजनाओं का उद्घाटन तथा 159.71 करोड़ की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारियों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि रसोइयों का मासिक मानदेय 1650 रुपये से बढ़ाकर 3300 रुपये करने, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 युपये से बढ़ाकर 1100 करने, किसान सलाहकारों का मासिक मानदेय 13 हजार से बढ़ाकर 21 हजार करने, बिहार भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निबंधित निर्माण श्रमिकों को वस्त्र सहायता योजना के तहत 5000 रुपये प्रति श्रमिक बैंक खाता में अंतरित किये जाने से काफी सहूलियत मिली है। इसके साथ ही स्वच्छता पर्यवेक्षकों का मानदेय 7500 रुपये से बढ़ाकर 9 हजार करने, समस्त ग्रामीण आवास सहायकों का मानदेय 16540 से बढ़ाकर 19675 करने, जीविका कैडरों के मानदेय में दो गुनी वृद्धि किए जाने से काफी राहत मिली है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री दिए जाने से लोगों को काफी फायदा मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार हर प्रकार से विकास का कार्य कर रही है। प्रारंभ से ही हमलोग सबके उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। आप सभी के सहयोग से बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आप सभी मिलजुल कर रहें। आप के सहयोग और सरकार के प्रयास से बिहार बहुत आगे बढ़ेगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. सदानंद सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, सांसद अजय कुमार मंडल, विधायक पवन कुमार यादव एवं ललित नारायण मंडल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, आयुक्त हिमांशु कुमार राय, आइजी विवेक कुमार, डीएम डा. नवल किशोर चौधरी, एसएसपी हृदय कांत आदि उपस्थित थे।



# जिला नियोजन पदाधिकारी और डाटा ऑपरेटर घूस लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** मधुबनी में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ निगरानी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में निगरानी विभाग की टीम ने बाबूबरही थाना क्षेत्र के भूपट्टी चौक पर छापेमारी कर जिला नियोजन पदाधिकारी मुनाल कुमार चौधरी और डाटा ऑपरेटर राहुल कुमार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। निगरानी विभाग के डीएसपी अमरेंद्र हर विद्यार्थी ने बताया कि कल्पवृक्ष संस्थान चलाने वाले हाजीपुर निवासी से नियोजन पदाधिकारी मुनाल कुमार चौधरी ने प्रतिमाह पांच हजार रुपए की मांग की थी। ये रुपए वो रिश्वत के रूप में ले रहे थे। निगरानी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी मृणाल चौधरी से 10,000 रुपए और डेटा ऑपरेटर राहुल कुमार से 5,000 रुपए की रिश्वत की रकम बरामद की है। इन दोनों को तुरंत गिरफ्तार कर निगरानी मुख्यालय ले जाया गया है। गिरफ्तार पदाधिकारी मृणाल चौधरी का घर समस्तीपुर जिले के रोसड़ा या खानपुर में बताया जा रहा है। फिलहाल निगरानी विभाग दोनों से पूछताछ कर रहा है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घूसखोरी का यह सिलसिला कब से चल रहा था और इसमें और कौन-कौन शामिल है। बता दें कि इससे पहले बिहार आर्थिक अपराध इकाई ने समस्तीपुर विद्युत आपूर्ति इकाई के अधीक्षण अभियंता विवेकानंद के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। अधीक्षण अभियंता विवेकानंद पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ज्ञात आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गुप्त प्राप्त जानकारी के सत्यापन के बाद पाया गया कि विवेकानंद ने अपनी वैध आय 2 करोड़ 74 लाख रुपए की तुलना में करीब 4 करोड़ 87 लाख 30 हजार रुपए की परिसंपत्ति अर्जित की है। यानी उनकी संपत्ति उनकी वैध आय से लगभग 77.84 प्रतिशत अधिक पाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने धर्मेंद्र प्रधान को बनाया चुनाव प्रभारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में गुरुवार को पार्टी ने चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों का एलान किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। उधर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल को एवं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाया गया है।

### मोतिहारी में प्रियंका गांधी की सभा आज

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा 26 सितंबर को बिहार में अपनी पहली चुनावी सभा करेंगी। यह सभा मोतिहारी में आयोजित की जा रही है। प्रियंका गांधी के इस दौरे को पार्टी की बिहार में चुनावी रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। राजद और जदयू लगातार जनता से सरकार बनने पर कई वादे कर रही है। ऐसे में अब कांग्रेस अपने विजन से जनता को अवगत करा सकती है।

### स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के पास घात लगाए अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बाकरगंज दारू भट्टी निवासी 25 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। राहुल कुमार ब्राह्मत्रा चौक पर अपनी ज्वेलरी दुकान चलाते थे।

### दारोगा की पत्नी ने की आत्महत्या

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के करगहर थाना में तैनात दारोगा की पत्नी ने आत्महत्या कर ली है। दारोगा की पहचान ज्ञानदीप कुमार के रूप में हुई है। दारोगा का परिवार मुजफ्फरपुर के पारू का रहने वाला है। रोहतास एसपी ने घटना की पुष्टि की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### पैक्स अध्यक्ष की मौत के बाद एनएच जाम

**शिवहर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरी कटसरी प्रखंड अंतर्गत श्यामपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह की सड़क हादसे में मौत के बाद गुरुवार सुबह से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने श्यामपुर के पास शिवहर-मोतिहारी एनएच 104 को जाम कर दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# राज्यकर्मियों को सितंबर महीने का वेतन भुगतान शुरू करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधान सभा का चुनाव होना है और इसकी अधिसूचना जारी होने में अब गिन कर दिन बच गए हैं। इससे पहले हिन्दुओं का महापर्व दुर्गा पूजा चल रहा है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बड़ी घोषणा की है। यह घोषणा राज्यकर्मियों के लिए है। मुख्यमंत्री नीतीश सरकार ने दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए उनके सितंबर महीने के वेतन का भुगतान समय से पहले करने का ऐलान किया है। यह भुगतान आज यानी गुरुवार से शुरु हो जाएगा। सरकार के इस फैसले से राज्यकर्मियों ने एक बड़ी राहत की सांस ली है। क्योंकि राज्यकर्मी कर्मचारी अपने वेतन के इंतजार में बैठे हुए थे, इस घोषणा के बाद वह काफी खुश हैं। बिहार सरकार के इस घोषणा के बाद राज्यभर के कर्मचारियों में उत्साह और खुशी का माहौल है। इस संबंध में कर्मचारियों का कहना है कि त्योहार से पहले वेतन मिलने से उनकी तैयारियों में आसानी होगी। अब पूरा परिवार एक साथ दुर्गा पूजा की तैयारी करेंगे। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर वित्त विभाग ने यह आदेश जारी करते हुए आज गुरुवार से सितंबर महीने का वेतन भुगतान शुरू करने का निर्देश दिया है क्योंकि बिहार सरकार का यह निर्णय दुर्गा पूजा को ध्यान में रखकर लिया गया है। इसको लेकर वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर के द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। जारी किए गए आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि राज्य सरकार के कर्मचारी के साथ-साथ हाईकोर्ट, विधानसभा, विधान परिषद और राजभवन के कर्मियों को भी सितंबर का वेतन समय से पहले दिया जाएगा। इसके लिए आदेश की प्रति सभी कोषागार पदाधिकारियों को भेज दी गई है।

# 6 अक्टूबर तक पूरी कर लें ट्रांसफर-पोस्टिंग की प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान लगभग तय है। अब सिर्फ कुछ ही दिनों का वक्त बाकी है। निर्वाचन आयोग की ओर से लिखे पत्र के बाद यह साफ हो गया है कि 6 अक्टूबर के बाद कभी भी चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो सकती है। इसके साथ ही चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त 6 अक्टूबर के बाद बिहार दौरे पर आने वाले हैं। इससे पहले आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव को चिट्ठी लिखी है। पत्र में साफ निर्देश दिया गया है कि 6 अक्टूबर तक सभी ट्रांसफर-पोस्टिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। साथ ही इसकी रिपोर्ट भी आयोग को सौंप दी जाए। ऐसे में अब यह साफ हो गया है कि 6 अक्टूबर के बाद कभी भी बिहार विधानसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है। चुनावी तैयारी को लेकर सिर्फ मुख्य सचिव ही नहीं बल्कि पुलिस महानिदेशक, विकास आयुक्त और सभी विभागों के प्रधान सचिवों को भी पत्र भेजा गया है। प्रशासनिक मशीनरी को पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त करने का दबाव बढ़ गया है। वहीं बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इलेक्शन कमीशन (चुनाव आयोग) ने बड़ा ऐलान किया है। गुरुवार को आयोग ने बताया कि अब वोटों की गिनती के समय इवीएम से पहले पोस्टल बैलेट के वोटों की गिनती होगी। यह फैसला पोस्टल बैलेट की संख्या में हुई भारी बढ़ोतरी के मद्देनजर लिया गया है। आयोग ने बताया इसका उद्देश्य वोटों की गिनती में देरी को कम करने के साथ-साथ पारदर्शिता और एकरूपता सुनिश्चित करना है। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया कि जहां डाक मतपत्रों की संख्या अधिक हो, वहां रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) को यह सुनिश्चित करना होगा कि पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनती कर्मचारी उपलब्ध हों ताकि कोई देरी न हो और मतगणना प्रक्रिया को और सुचारू बनाया जा सके।

# बिहार की 75 लाख महिलाओं को आज मिलेंगे दस-दस हजार रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूबे की सरकार द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रत्येक परिवार की एक पात्र महिला को स्वरोजगार मुहैया कराने के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। योजना की विधिवत शुरुआत आज 26 सितंबर को होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में जुड़ेंगे और लगभग 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि जारी करेंगे। इन महिलाओं के बीच साढ़े सात हजार करोड़ रुपये का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम को आयोजित करने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इसे लेकर सभी जिलों के डीएम को पत्र जारी किया है। इसमें खासतौर से यह निर्देश दिया गया है कि इस मौके पर संकुल स्तरीय संघ ग्राम संगठन स्तर पर इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव के तौर पर मनाने एवं जन-जन तक इसकी जानकारी पहुंचाने के साथ ही महिला समूहों एवं सामुदायिक संगठनों को जागरूक करने के उदेश्य से राज्य मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जीविका स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों की सहभागिता होगी। योजना का लाभ लेने के लिए अब तक शहरी और ग्रामीण इलाकों की 1 करोड़ 15 लाख से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया है। इसके लिए सभी 38 जिला मुख्यालय में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें जन प्रतिनिधि के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कम से कम 1 हजार महिलाएं भाग लेंगी। सभी 534 प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ (प्रखंड विकास पदाधिकारी) की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम होगा। इसमें प्रखंड स्तरीय जन प्रतिनिधि, अधिकारी और एसएचजी से जुड़ी 500 महिलाएं भाग लेंगी। जीविका के सभी 1680 संकुल स्तरीय संघ पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें संकुल स्तरीय जीविका समूह की 200 महिलाएं शामिल होंगी। जीविका के सभी 70 हजार ग्राम संगठन स्तर पर भी इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसमें एसएचजी से जुड़ी 100 महिलाएं भाग लेंगी। यह राशि महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने, छोटे-मोटे व्यवसाय स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।



**मेरे प्यारे झारखण्ड वासियों**
**जोहार !**

कुपोषण मुक्त झारखण्ड के संकल्प को साकार करने हेतु 17 सितम्बर, 2025 से 16 अक्टूबर, 2025 तक 'पोषण माह' के रुप में मनाया जा रहा है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ शरीर के लिए सही पोषण अति आवश्यक है। विशेष रुप से किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ उचित व्यवहार का पालन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य में स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में निरंतर प्रयासों के कारण विगत पांच वर्षों में मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर में कमी आई है।

झारखण्ड प्रदेश को प्रकृति ने विभिन्न प्रकार के हरी साग-सब्जियों, मोटे अनाज एवं मौसमी फलों का उपहार दिया है, जो हमारे घर-आंगन के आस-पास अत्यंत आसानी से कम मूल्य में उपलब्ध हैं। अपने भोजन में इनका समावेश कुपोषण को दूर करने में हमारी बहुत मदद कर सकता है। साथ ही, अपने आस-पास मौजूद लोगों में मोटापा दूर करने हेतु नमक, चीनी एवं वसा का उपयोग कम करने हेतु प्रोत्साहित करें ताकि, मोटापा से संबंधित विभिन्न रोगों से बचा जा सके। इसके लिए महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा, ताकि पूरे जन समुदाय के खान-पान की आदतों में सुधार हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। पोषण माह के दौरान, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार के महत्व का व्यापक प्रचार-प्रसार, पोषण भी पढ़ाई भी को बढ़ावा देने एवं समग्र पोषण पर जागरुकता फैलाने हेतु राज्य/जिला/परियोजना/आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियां जन आंदोलन के रुप में आयोजित की जाएंगी। आंगनबाड़ी केन्द्रों, शिक्षण संस्थानों तथा पंचायतों आदि में अन्नप्राशन, गोदभराई, पोषण रैली, पोषण रथ, पोषण पर चर्चा, वाद-विवाद प्रतियोगिता, रचनात्मक गतिविधियां यथा रंगोली प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिससे समुदाय का पोषण के विषय पर ज्ञानवर्द्धन हो सके।

मेरा अनुरोध है कि विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें एवं पोषण के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाएं ताकि, कुपोषण मुक्त झारखण्ड का हमारा सपना साकार हो सके।

**सुपोषित झारखण्ड, साक्षर झारखण्ड, सशक्त झारखण्ड !**

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-362885 (Social Welfare,Women and Child Development) 25-26

# पं. दीनदयाल दयाल के संघर्ष को नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने जमीन पर उतारा : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ द्वारा बिहार विधान परिषद के सभागार में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती संकल्प दिवस सह नव मनोनीत प्रदेश पदाधिकार जिला संयोजक जिला प्रभार के मनोनयन पत्र सम्मान समारोह में दीप प्रज्वलित कर सहकारिता मंत्री एवं बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ने संयुक्त रूप से किया एवं उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी एवं संचालन पवन ठाकुर, संतोष पटेल ने किया। कार्यक्रम के प्रस्तुतिकरण सह संयोजक भानु प्रकाश राय ने किया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी मनोनयन पत्र प्रदेश संयोजक ने अपने हाथों सभी को सौंपा।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल दयाल का जो संघर्ष था और जो अन्त्योदय, राष्ट्र एकता का संदेश था उसे जमीन पर नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने उतारा है। इस लिए अति पिछड़ा वर्ग के लोगों से अपील करेंगे कि नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार को मजबूती प्रदान करना ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सही श्रद्धांजलि होगा। समारोह को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी एवं नीतीश जी की एनडीए सरकार चौतरफा विकास कर रही है। श्री चंद्रवंशी महागठबंधन द्वारा अति पिछड़ा संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि 60वर्ष कांग्रेस की सरकार 15 राजद की सरकार को अति पिछड़ा याद नहीं आया यहां तक कि जननायक कर्पूरी ठाकुर 1978 में बिहार में पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्गीकरण किया उसे लालू प्रसाद ने समाप्त करने के 1993में पंचायती राज अधिनियम लाया जिसमें अति पिछड़ा को समाप्त कर बिहार राज्य पंचायती राज्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण लाया। कर्पूरी ठाकुर के सपनों को चकनाचूर कर अति पिछड़ा के अस्तित्व को समाप्त करने का काम किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी यह महसूस किया कि पूरे देश में अति पिछड़ा का वर्गीकरण हो इसलिए जस्टिश रोहिणी कमीशन गठन किया गया और इस पर तेजी से काम चल रहा है। श्री चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि कांग्रेस राजद के झांसे में नहीं आना है और अगर अति पिछड़ा का विकास और मुख्य धारा में बने रहना चाहते हैं तो आने वाला विधान सभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को भारी मतों से जिताएं। समारोह का धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक शिव पूजन राम ने किया। इस अवसर पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक मनोज कुमार शर्मा, प्रदेश प्रभारी यूपी शर्मा सह संयोजक अभय सिंह, संतोष पटेल, सुबोध तुरहा, बीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, संजय निषाद, पुष्प देवी, चंपा देवी, इंदल कुमारन, अनिल कुमार, संजय गुप्ता, रमन चंद्रवंशी, मुकेश मंडल, मो. रेहान अहमद, राजीव रंजन सिंह, विजय कुमार चंद्रवंशी, कमलेश कुमार, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र चौहान, अजित चौधरी, दीपक गुप्ता, सुनील शर्मा, छठू गुप्ता, अमरनाथ शर्मा इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने समारोह को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर प्रकाश डाला एवं आने वाले विधान सभा चुनाव अभी से घर-घर जाने का संकल्प लेते हुए 225 फिर से नीतीश के नारा बुलंद करने का संकल्प को दोहराया ।

## परिधान सिलाई केंद्र के प्रथम बैच की प्रशिक्षु महिलाओं एवं लड़कियों को उत्तीर्ण होने पर मिला सर्टिफिकेट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में रेलवे कॉलोनी, हाजीपुर स्थित 'परिधान सिलाई केंद्र' के प्रथम छः महीने के बैच के प्रशिक्षु महिलाओं एवं लड़कियों को परिक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात उन्हें केंद्र इंचार्ज सुनीता वर्मा एवं श्रुति पाण्डे के द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

'परिधान' प्रशिक्षण सिलाई केंद्र का परिचालन पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर एवं सिंगर कम्पनी के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रशिक्षु विद्यार्थियों को बताया गया कि वो अपने भविष्य को प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपना स्वरोजगार भी स्थापित कर के अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं। हाजीपुर स्थित रेलवे कॉलोनी तथा उसके आसपास रहने वाली महिलाओं के बीच सिलाई प्रशिक्षण केंद्र काफी लोकप्रिय हो रहा है।

## उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की बैंकों द्वारा किए जा रहे कामों की समीक्षा, उपलब्धि बढ़ाने का दिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की 94वीं त्रैमासिक बैठक होटल द पनाश, पटना में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य के उप-मुख्य (वित्त) मंत्री सम्राट चौधरी ने की तथा बैंकों द्वारा किए जा रहे काम की समीक्षा की। उन्होंने बैंकों द्वारा राज्य के जमा साख अनुपात में वृद्धि और एसीपी के 100% लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में कार्य करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री जीवेश कुमार शहरी विकास एवं आवास भी उपस्थित थे। उन्होंने भी अपने-अपने विभागों से संबंधित बैंकों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की और उनमें उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक के प्रारम्भ में भारतीय स्टेट बैंक के



मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने सभा में उपस्थित सभी मंत्री एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम तिमाही में राज्य में कार्यरत बैंकों द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया जिसमें 100% एसीपी लक्ष्य प्राप्ति, सीडी अनुपात बढ़ाने तथा राज्य के समुचित वित्तीय विकास की ओर जोर दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम तिमाही में एसीपी का 23.18 % की उपलब्धि पर बैंकों की सराहना की तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की 100 % उपलब्धि हासिल करने का संकल्प व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 'स्वछोत्सव' नाम से स्वच्छता पर चलाये जा रहे अभियान में सभी संगठनों से सहयोग करने की अपील की।

## पावरग्रिड पटना के कार्मिकों ने किया स्वच्छता श्रमदान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पावरग्रिड पटना के सभी कार्मिकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 'एक दिन एक घंटा एक साथ' अभियान के तहत प्रातः 8 से 9 बजे तक पटना के शास्त्रीनगर में स्वच्छता श्रमदान किया गया। इस अभियान के तहत जनमानस को जागरूक करने हेतु स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गयी एवं सभी कार्मिकों ने सफाई अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। गौरतलब है कि बिहार एवं झारखंड राज्य में पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के अंतर्गत सभी उपकेंद्र कार्यालयों में 'एक दिन एक घंटा एक साथ' में सभी कार्मिकों द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया गया।

## एसबीआई बना स्वच्छता ही सेवा अभियान का वाहक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना ने भारत सरकार के देशव्यापी अभियान 'स्वच्छता ही सेवा' का हिस्सा बनते हुये 25 सितंबर को स्वच्छता संबंधी अनेक कार्यक्रम आयोजित किये। भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के मुख्य महाप्रबन्धक अनुराग जोशी के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों ने पर्यटन घाट, दीघा, पटना की सफाई की। इस अभियान में जन भागीदारी के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वच्छता पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी गई जिसने दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी। कार्यक्रम में अनुराग जोशी ने स्वच्छता मित्रों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच



शिविर का भी आयोजन पारस एच. एम. आर. आई. अस्पताल, पटना के सहयोग से स्थानीय प्रधान कार्यालय के परिसर में किया गया तथा साथ ही साथ सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत बीमा करवाने हेतु स्वच्छता मित्रों का पंजीकरण भी करवाया गया। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत का निर्माण हम सभी के योगदान से ही संभव है। अतः हम सभी का दायित्व है कि हम सभी अपने आसपास स्वच्छता सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के महाप्रबंधकगण रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, आर. नटराजन एवं विवेक चन्द्र जायसवाल सहित स्थानीय प्रधान कार्यालय के सभी उप महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी समूह के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता सेनानी एवं आयुर्वेद के चिकित्सक वैद्यनाथ ओझा की जयंती मनाई गई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वतंत्रता सेनानी एवं आयुर्वेद के चिकित्सक वैद्य नाथ ओझा की जयंती पटना सहित देश के विभिन्न जगहों पर मनाई गई। पटना में होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता पीयूष रंजन ने किया वहीं उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में कार्यक्रम की अध्यक्षता वैद्यनाथ जानकी सामाजिक सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ ओझा ने किया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसका विषय था 'वैद्यनाथ ओझा एवं सामाजिक न्याय'। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अमरेंद्र नाथ ओझा ने बताया कि ओझा जी वंचित, शोषित और समाज से कटे लोगों की सेवा जीवन पर्यंत करते रहे। उनके नजरों में जाति निरपेक्ष वंचित, असहाय, भूखे, नंगे और दरिद्र की सेवा ही वास्तव में सामाजिक न्याय को परिभाषित करती है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय ने स्वच्छता को लेकर किया जागरुक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 के दौरान मनाये जा रहे 'स्वच्छता पखवारा' के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा - स्वच्छोत्सव' प्रसंग के तहत आज भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक प्रमेंद्र हरि के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मार्च करते हुये क्षेत्रीय कार्यालय, एक्जीबिशन रोड से गांधी मैदान तक सड़कों, नालियों और अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाया और लोगों को साफ-सफाई और उसके लाभों के प्रति जागरुक किया। बाद में सफाई कर्मचारियों एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के स्वास्थ्य जांच हेतु एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का भी




आयोजन किया गया जिसमें कई सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। भारतीय जीवन बीमा निगम का यह स्वच्छता अभियान सह मार्च गांधी मैदान के गेट नं. 10 पर निम्नांकित संकल्पों के साथ सम्पन्न हुआ। सभी कर्मियों द्वारा समय-समय पर अपने आसपास के क्षेत्रों में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियान के लिये प्रेरित करेंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रत्येक कार्यालय द्वारा नियमित स्वच्छता अभियान के तहत समय-समय पर उपेक्षित कचरा क्षेत्रों/स्थानों पर सफाई का अभियान चलाया जायेगा। भारतीय जीवन बीमा निगम के सभी कार्यालयों द्वारा स्वच्छता पखवारा के दौरान स्कूलों, सार्वजनिक उद्यानों, समुद्री/नदी के तटों, सार्वजनिक संस्थाओं के परिसर में सफाई कार्य के साथ-साथ कूड़ेदान लगाया जायेगा। सफाई मित्रों के लिये विशेष स्वास्थ्य शिविर लगा कर उनके स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जायेगी। स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत प्रत्येक कार्यालय द्वारा वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जायेगा। उपरोक्त कार्यक्रम में भारतीय जीवन बीमा निगम, पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रमेंद्र हरि के अलावा प्रादेशिक प्रबंधक (विपणन) मनोज कुमार पंडा, प्रादेशिक प्रबंधक (कार्यालय सेवा एवं सम्पदा) दिप्तिश प्रसाद स्वाईं, उप मुख्य अभियंता आर. के. मिस्त्री, प्रादेशिक प्रबंधक (निगमित संप्रेषण) विनोद कुमार, सचिव (कार्यालय सेवा) प्रभुदास खाखा तथा अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

## सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना अंतर्गत चयनित पैक्सों को किया पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पुरस्कृत पैक्सों द्वारा इन क्षेत्रों में बेहतर कार्य किये गये सीएससी के संचालन, मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना, खाद्यान्न अधिप्राप्ति, जमा वृद्धि योजना, गोदाम निर्माण योजना, डिफॉल्टर न होना तथा किसानों के लिए खएए ऋण वितरण एवं शत-प्रतिशत वसूली इत्यादि के क्षेत्र में सहकारिता मंत्री, डॉ0 प्रेम कुमार द्वारा मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के लिए चयनित कुल 100 पैक्सों को पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित होने वाले पैक्सों को न सिर्फ कार्यकुशलता में वृद्धि होगी बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा और वे उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित होंगे जिसका लाभ स्थानीय ग्रामीणों एवं किसानों को मिलेगा।

## बिहार विद्यापीठ सभागार में चरखा शताब्दी वर्ष की पूर्व तैयारी से संबंधित बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ सभागार में चरखा शताब्दी वर्ष की पूर्व-तैयारी से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर चरखे को पुनः जन-जीवन में स्थापित करने और व्यापक स्तर पर इसके संचालन को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया गया। बैठक में श्री बसंत संयोजक, अखिल भारतीय चरखा सेवा संघ ने कहा कि 25 सितम्बर 1925 अखिल भारतीय चरखा सेवा संघ की नियमावली महात्मा गांधी ने बिहार विद्यापीठ परिसर में बनाई थी। उन्होंने कहा कि चरखा केवल एक साधन मात्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन और आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक है।

सुधाकर सिंह, सांसद, बक्सर ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने चरखे को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी मानते हुए इसे आजीविका, रोजगार और आत्मसम्मान से जोड़ा था। उनका मानना था कि चरखा घर-घर में चलेगा तो भारत आर्थिक रूप से सशक्त होगा और गांवों में गरीबी एवं बेरोजगारी दूर होगी। विजय प्रकाश अध्यक्ष, बिहार विद्यापीठ ने अपने संबोधन में कहा कि चरखा को व्यापक परिदृश्य में देखा जाना चाहिए। उन्होंने बल देते हुए कहा कि संचालन आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि यह हमें स्वदेशी उत्पादन और सतत विकास की दिशा में प्रेरित करता है। इससे न केवल हस्तकला और कुटीर उद्योगों को बल मिलता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। बैठक में यह भी निर्णाय लिया गया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर जन-जन तक चरखे की उपयोगिता और गांधीजी के आर्थिक दृष्टिकोण को पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम, कार्यशालाएं एवं जन-जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ मृदुला प्रकाश, मंत्री महिला चरखा समिति कदमकुआं पटना ने कहा कि चरखे के माध्यम से स्वावलंबन और आत्मसम्मान का संदेश देते हुए सभी से अपील की जाए कि वे चरखा संचालन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और गांधीजी के 'स्वदेशी' और 'आर्थिक स्वतंत्रता' के स्वप्न को साकार करने में योगदान दें।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत दक्षिण पूर्व रेल ने किया श्रमदान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान मना रहा है। स्वच्छता ही सेवा में योगदान देने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेलवे इंस्टीट्यूट से ऑफिसर्स क्लब, गार्डनरीच तक एक वॉकथॉन भी आयोजित किया गया। इस विशाल श्रमदान और वॉकथॉन कार्यक्रम में डॉ. मनोज सिंह, अतिरिक्त सदस्य, विपणन एवं व्यवसाय विकास, रेलवे बोर्ड, अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक प्रधान विभागाध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं दक्षिण पूर्व रेलवे के कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

## पिछड़ों और दलितों पर बीजेपी का वार, कांग्रेस ने किया करारा पलटवार : डॉ. सैय्यद नासिर हुसैन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के राजीव गांधी सभागार में आज आयोजित प्रेस वार्ता में एआईसीसी के महासचिव और जम्मू कश्मीर के प्रभारी डॉ. सैय्यद नासिर हुसैन और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, सीएलपी डॉ शकील अहमद खान ने केंद्र और राज्य की सरकारों पर जमकर निशाना साधा। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्य व राज्यसभा सांसद डॉ. सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि हाल ही में हुई सीडब्ल्यूसी बैठक ऐतिहासिक और निर्णायक रही। इस बैठक में साफ कर दिया गया कि कांग्रेस पार्टी अब तमाशा देखने वाली नहीं है, बल्कि पूरे दमखम के साथ



आरक्षण, सामाजिक न्याय और रोजगार की लड़ाई लड़ने वाली है। डॉ. हुसैन ने भाजपा और उसकी सरकारों पर सीधा वार करते हुए कहा बीजेपी की राजनीति आरक्षण और जातीय पहचान मिटाने की राजनीति है। उन्हें लगता है कि आरक्षण गरीबों का हक नहीं, बल्कि उनका एहसान है। वे इसे धीरे-धीरे खत्म करना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी उन्हें यह साजिश कभी कामयाब नहीं होने देगी जब-जब आरक्षण पर चोट की जाएगी, कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी के नेता चुनाव आते ही गरीबों, दलितों और पिछड़ों की याद दिलाने लगते हैं, लेकिन पांच साल तक वही तबका सरकार के लिए अदृश्य हो जाता है।

## राष्ट्रव्यापी अभियान में पटना जंक्शन पर किया गया श्रमदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छोत्सव) कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' राष्ट्रव्यापी अभियान में पटना जंक्शन पर बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के द्वारा दिखाए गए स्वच्छता के मार्ग पर चलते हुए तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस अभियान में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' का संदेश देते हुए इस स्वच्छता उत्सव में अमित वर्धन,




एएम टीएंडसी रेलवे बोर्ड एवं विनोद कुमार, डीआरएम, दानापुर ने स्वच्छता ने भी पटना जंक्शन पर श्रमदान किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा राजीव कुमार व अन्य शाखा पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में कर्मचारियों के द्वारा भी श्रमदान किया गया। वहीं डीआरएम ने यात्रियों को गुलाब का फूल देकर स्वच्छता हेतु जागरूक किये। श्रमदान के द्वारा यात्रियों एवं आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साथ दानापुर मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर भी श्रमदान का आयोजन किया गया जिसमें मंडल के रेलकर्मियों के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपना-अपना अहम योगदान दिया।

## बापू टॉवर के आउटरीच कार्यक्रम के तहत बीडी कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बापू टावर के आउटरीच कार्यक्रम के तहत गुरुवार को शहर के बी.डी.कॉलेज, में 'महात्मा गांधी का छात्र जीवन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का उद्घाटन बी.डी कॉलेज की प्राचार्या रत्ना अमृत ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में बापू टावर के उप-निदेशक ललित कुमार सिंह ने छात्रों को बापू टावर की परिकल्पना और संस्थान की आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जगजीवन राम शोध संस्थान के पूर्व निदेशक नरेंद्र पाठक ने छात्र - छात्राओं के बीच संबंधित



विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने महात्मा गांधी के छात्र जीवन के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं को बताया। पाठक ने लंदन में पढ़ाई के दौरान, अफ्रीका प्रवास और बाद के स्वतंत्रता आंदोलन के क्रमिक इतिहास को छात्रों के सामने रखा। उन्होंने स्पष्टता से इस बात को रेखांकित किया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती और गांधी आजीवन विद्यार्थी बने रहे। उन्होंने महात्मा गांधी की किताब 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' और लुई फिशर की लिखी 'गांधी की जीवनी' पढ़ने की सलाह छात्रों को दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडी कॉलेज मीठापुर की प्राचार्या रत्ना अमृत ने छात्र छात्राओं को महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने की बात कही।

## महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 28 सितंबर को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन एवं अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन 28 सितम्बर को अपराह्न 3 बजे से अग्रसेन भवन, शक्तिधाम में किया जाएगा। अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन प्राचीन भारत के महान समाज सुधारक एवं अग्रवाल समाज के आदिपुरुष माने जाते हैं। उन्होंने वैश्य समाज को संगठित कर 'एक ईंट और एक रुपया' की अनूठी परंपरा शुरू की थी जिसके अंतर्गत हर परिवार किसी नए परिवार को बसाने में सहयोग करता था। वे न्यायप्रिय, दयालु और परोपकारी शासक के रूप में विख्यात हुए। उनका जीवन सिद्धांत 'संपन्नता के साथ समाज की सेवा' था जो आज भी अग्रवाल समाज सहित पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है। अमर अग्रवाल ने बताया कि समारोह का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंगा प्रसाद, पूर्व राज्यपाल सिक्किम एवं मेघालय तथा पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को 'समाज रत्न सम्मान' प्रदान किया जाएगा।

# 6 दिसंबर को रोहतास किला पर होगा भव्य आयोजन : अखिलेश कुमार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद की धरती प्राचीन काल से आध्यात्मिक, धार्मिक, साहित्यिक तथा सांस्कृतिक आदि रूप से उर्वरा रही है। यहां रोहिताश्व का किला, ब्रह्मर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि, शेरशाह सूरी, बाबू वीर कुंवर सिंह, बाबू निशान सिंह तथा हाजी बेगम आदि की वीरभूमि इसका जीता-जागता प्रमाण है जबकि रामसुभग सिंह, बाबू जगजीवन राम, शिवपूजन शास्त्री जैसे आदि नेताओं की राजनीतिक भूमि रही है। उक्त बातें शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार सिंह ने सासाराम के परिसदन में आयोजित एक प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि समिति 2019 से शाहाबाद के विभिन्न जिलों तथा इसके बाहर भी शाहाबाद की संस्कृति, साहित्य आदि को कार्यक्रम के माध्यम से उजागर करती रही है। समिति के संयोजक अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि 2025 में 6-7 दिसम्बर को रोहतासगढ़ किला पर एक भव्य कार्यक्रम करने की योजना है। प्रेसवार्ता में शामिल दिनारा विधानसभा के विधायक विजय कुमार मंडल ने भी कुछ इसी तरह की बातें कही। प्रेसवार्ता में समाजसेवी तथा कांग्रेस नेता जीएम अंसारी, राजद के जिलाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर, समाजसेवी ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, राजद नेता विमल सिंह तथा मुखिया राजू यादव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला को बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा अमरा तालाब पथ पर अकोढ़ी गांव के समीप घास लेकर जा रही महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से महिला घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। घायल महिला को परिजन इलाज के लिए सासाराम ले गए जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतक अकोढ़ी निवासी सतीश सिंह की पत्नी गिरजा देवी बतायी जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अकोढ़ी निवासी सतीश सिंह की पत्नी गिरजा देवी गुरुवार की दोपहर दो बजे के करीब मवेशी का चारा के लिए घास लेकर अकोढ़ी गांव के करीब सड़क पार कर रही थी, तभी अकोढ़ी गोला तरफ से जा रहे बाइक सवार ने धक्का मार दिया। बाइक के धक्के से महिला सड़क पर गिर पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने महिला की चिंताजनक स्थिति को देख बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

## सासाराम में जदयू के मजबूत दावेदार के रूप में उभरे डॉ. निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम विधानसभा क्षेत्र में जदयू के वरिष्ठ नेता एवं राजनीतिक सलाहकार डॉ. निर्मल कुशवाहा को पार्टी का सबसे मजबूत प्रत्याशी माना जा रहा है। राजनीतिक समीकरणों और सामाजिक समीक्षाओं के आधार पर यह माना जा रहा है कि एनडीए के परंपरागत आधार वोटों के अलावा कुशवाहा समाज पर उनकी गहरी पकड़ है जिससे उनकी दावेदारी और प्रबल हो जाती है। महागठबंधन की ओर से उम्मीदवार चाहे जो भी सामने आए, एनडीए की ओर से डॉ. निर्मल कुशवाहा की उम्मीदवारी की स्थिति को लेकर स्थानीय स्तर पर प्रबल समर्थन देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंगलवार को सासाराम आगमन के दौरान पूरा शहर और विधानसभा क्षेत्र डॉ. निर्मल कुशवाहा के बैनर, पोस्टर और होर्डिंग से पट गया। यह दृश्य न केवल उनकी लोकप्रियता का संकेत देता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाता तक उनके समर्थन में किस तरह सक्रिय हो रहे हैं। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने लंबे समय से क्षेत्रीय राजनीति और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों पर उनकी लगातार पहल ने उन्हें जनमानस में एक अलग पहचान दी है। गरीब तबके और युवाओं के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं से लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करने तक उन्होंने कई सामाजिक अभियानों को सफलतापूर्वक चलाया है। किसानों की समस्याओं पर खुलकर आवाज उठाने और महिला समूहों को स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयासों के कारण वे सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर चर्चित रहे हैं। विशेषकर कोविड-19 महामारी के दौरान उन्होंने क्षेत्र में सक्रिय रहकर जरूरतमंदों तक राशन और दवाओं की आपूर्ति कराई थी। युवाओं को खेल और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जोड़ने के लिए भी उन्होंने समय-समय पर मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराई। इसी तरह गांव-गांव में साफ-सफाई, शिक्षा के प्रसार और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान चलाकर उन्होंने आम लोगों से सीधा जुड़ाव कायम किया। विश्लेषकों का मानना है कि डॉ. निर्मल कुशवाहा का स्थानीय जनसमर्थन, जातीय समीकरणों में पकड़ और वर्षों से किए गए जमीनी कार्य, उन्हें चुनावी मैदान में एक सशक्त उम्मीदवार बनाते हैं। यही वजह है कि राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि सासाराम में जदयू की ओर से यदि उन्हें प्रत्याशी बनाया गया तो एनडीए की स्थिति मजबूत होगी और उनकी जीत की संभावना कहीं अधिक रहेगी।

## नव प्रवेशित बीएड प्रशिक्षुओं का ओरियन्टेशन प्रोग्राम सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** इन्द्रपुरी स्थित अमलतास कॉलेज आफ एजुकेशन में बीएड कोर्स में प्रवेश प्राप्त किये छात्र-छात्राओं का ओरियन्टेशन प्रोग्राम गुरुवार को सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रंजीत सिन्हा व सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। महाविद्यालय की सचिव रत्ना चौधरी द्वारा नव प्रवेशित बीएड प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि आगामी प्रशिक्षण उपरान्त आदर्श शिक्षक कैसे बनेंगे इस हेतु महाविद्यालय मूल्यों को बढ़ाने हेतु दृढ़ संकल्पित है। प्राध्यापक शशि कुमार शेखर ने बताया कि किस प्रकार से शिक्षा का वर्तमान स्वरूप आया, अर्जुन और चन्द्रगुप्त के उदाहरण देकर शिक्षक के शिक्षकत्व को शिष्य के शिष्यत्व से जोड़ा। प्रबंध समिति के अध्यक्ष रंजीत सिन्हा ने बताया कि महाविद्यालय के प्राध्यापक आपका सर्वांगीण विकास करने हेतु पाठ्यक्रम व पाठ्य सहगामी क्रियाओं का निरन्तर आयोजन करेंगे।

## मंडल रेल प्रबंधक ने किया पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू जंक्शन) के कॉनकोर्स एरिया में पंडित जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका नमन किया गया। वहां इस अवसर पर डीडीयू मंडल के अन्य अधिकारियों तथा कर्मियों द्वारा भी पंडित दीन दयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## जेएलएन कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में स्वच्छता पखवारा के उपलक्ष्य में एनसीसी 13 बिहार बटालियन के द्वारा स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार ओझा ने गुरुवार को किया। प्राचार्य ने कहा कि 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन देशभर में व्यापक तौर पर राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था जो आज साकार हो रहा है। स्वच्छ भारत अभियान केंद्र सरकार द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान है। उन्होंने कहा महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण वाले भारत के निर्माण के सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी के ए एन ओ सच्चिदानंद कुमार ने बताया कि आज महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स इस सफाई अभियान में जुड़े हुए हैं।

## नगर चैंपियनशिप कोर कमिटी की बैठक में लिए गये कई निर्णय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** हिमांशु फाउंडेशन व बाबा वीर कुंवर टूर्नामेंट कमिटी की बैठक एक होटल में निदेशक अधिवक्ता रवि शेखर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दिसंबर में होने वाले 14 वें नगर चैंपियनशिप की रूपरेखा तैयार की गयी। अध्यक्ष डॉ. ओ. पी. आनन्द ने कहा कि चुनाव बाद सभी सदस्यों को तैयारी में लग जाना है, वही महासचिव प्रो. रणधीर सिन्हा ने कहा कि इस बार आईपीएल के तर्ज पर खिलाड़ियों की नीलामी भी की जाएगी। वही पंजाब स्पाइसी रेस्टोरेंट में खाने के दौरान सभी सदस्यों ने अपनी बातें रखी। इस दौरान संयोजक छोटू यादव, बाबा वीर कुंवर क्लब के अध्यक्ष धनजी यादव, सह संयोजक सोनू पाण्डेय कोषाध्यक्ष आकाश, उपाध्यक्ष मनीष राज, नीतीश, राजेश, राज यादव, चन्दन, चंदन तिवारी, पार्षद राहुल, पप्पू गुप्ता, सोनू आदि सदस्य मौजूद रहे।

# शहर की सफाई को लेकर नपं सख्त, एजेंसी को अल्टीमेटम

### सफाई में लापरवाही होने पर एजेंसी का करार होगा रद्द, अगस्त माह का 50 प्रतिशत भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर की सफाई को लेकर नगर प्रशासन सख्त रुख अपनाया है। दशहरा पर्व के मद्देनजर नगर पंचायत के सामान्य बोर्ड की आपातकालीन बैठक बुलाई गई। मुख्य पार्षद के अनुपस्थित होने के चलते बैठक की अध्यक्षता उप मुख्य पार्षद रेखा सिंह व संचालन कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज ने किया। बैठक में शहर की सफाई को लेकर जमकर चर्चा हुई जिसके बाद सफाई एजेंसी द्वारा सफाई कार्य में लापरवाही की शिकायत के चलते अगस्त माह का 50 प्रतिशत भुगतान रोक दिया गया है। दुबारा लापरवाही होने पर कार्यरत एजेंसी एपीएसडब्लूएमो का करार रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर की प्रतिदिन सफाई होगी। प्रत्येक दिन नब्बे से सौ सफाई कर्मी सफाई कार्य में लगाना जरूरी है। सफाई कर्मियों की जिओ टैग उपस्थित एजेंसी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज, मुख्य पार्षद सुरेंद्र पाल व उप मुख्य पार्षद रेखा सिंह के व्हाट्सएप पर प्रतिदिन भेजा जाएगा। बैठक में स्वच्छता पदाधिकारी को सिमरन सिंह को निर्देश दिया गया कि वे नगर पंचायत के पूरे क्षेत्र के सफाई का प्रतिदिन निरीक्षण कर एजेंसी के मनमानी पर लगाम लगावें जिससे कि शहरवासियों को अब सफाई के लिए परेशानी न उठानी पड़े। बैठक में एजेंसी को कहा गया कि सफाई कर्मी नगर पंचायत के अंतिम सीमाओं तक डोर टू डोर जाकर सफाई कर व कूड़ा का उठाव करें। एजेंसी द्वारा दस दिन के अंदर सफाई के लिए ठेला व वाहन उपलब्ध कराए। सफाई संबंधित किसी प्रकार की शिकायत स्वच्छता पदाधिकारी के मोबाइल पर किया जा सकता है।

## वार्ड सदस्य ने की थी सफाई नहीं होने की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** नगर पंचायत की सफाई कार्य में मनमानी करने के सम्बन्ध में वार्ड पार्षद कुसुम देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज व स्वच्छता पदाधिकारी सिरमन सिंह को आवेदन दीं थी जिसमें कहा गया है कि नगर पंचायत में ठीक से सफाई नहीं होने के चलते जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई कर्मी द्वारा रविवार को नगर पंचायत की सफाई नहीं किया जाता है जिससे सभी वार्डों के गलियों में कचरा जमा हो जाता है। आवेदन में कहा गया है कि लगभग 17 लाख रुपये सफाई के नाम पर प्रति माह खर्च हो रहा है, लेकिन सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है जिसके चलते शहरवासियों ने नगर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है।

## रंगोली के माध्यम से दी गई बच्चों को पोषण की जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जहानाबाद मिडिल स्कूल में गुरुवार को पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रंगोली बनाया गया। आकर्षक रंगोली के माध्यम से बच्चों को पोषण से सम्बंधित जानकारी दी गई। रंगोली में पोषक तत्वों को भी सम्मलित किया। मालूम हो कि 16 सितंबर से 15 अक्टूबर 2025 तक विशेष पोषण अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण योजना में दिए जाने वाले पोषक तत्वों से संबंधित जानकारी विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा दी जा रही है। प्रधानाध्यापक अरुण कुमार त्रिपाठी की पहल पर बच्चियों ने आकर्षक रंगोली बनाई जिसमें सभी पोषक तत्वों को सम्मिलित किया गया था। इस अवसर पर नगर पंचायत कुदरा की लोक स्वास्थ्य अधिकारी सिमरन सिंह ने सम्मिलित होकर बच्चियों का उत्साहवर्धन किया। रंगोली बनाने में स्कूल के वर्ग आठ की छात्रा रिया कुमारी, अदिति कुमारी व मुस्कान कुमारी की सहभागिता रही। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक मुमताज अली अंसारी, पवन कुमार, अलेंद्र तिवारी, संतोष कुमार पांडे, वंदना कुमारी, रजिया खातून समेत कई शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## विद्युत कर्षण प्रशिक्षण केंद्र में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा निर्देश पर डीडीयू जंक्शन के गया कॉलोनी स्थित विद्युत कर्षण प्रशिक्षण केंद्र में आज एक व्यापक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल के विभिन्न विभागों से 150 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में ट्रैफिक इंस्पेक्टर, स्टेशन मास्टर, प्वाइंट्समैन, तकनीशियन, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, लोको इंस्पेक्टर, लोको पायलट, सहायक लोको पायलट एवं शंटर आदि शामिल रहे। संगोष्ठी में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही, सीनियर डीओएम केशव आनंद, सीनियर डीईई ओपी वीरेंद्र कुमार यादव, सीनियर डीएसओ संतोष कुमार, डीएमई सी एंड डब्ल्यू विनय कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर मार्गदर्शन दिया और कर्मचारियों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से दुर्घटना निवारण के व्यावहारिक एवं तकनीकी पहलुओं पर कर्मचारियों के बीच गहन चर्चा हुई जिसमें कारणों की पहचान और सुधारात्मक उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अतिरिक्त सिग्नल पास्ड एट डेंजर , शंटिंग संचालन में होने वाली सामान्य त्रुटियां तथा स्टेबलिंग प्रक्रिया से जुड़ी सावधानियों पर भी तकनीकी चर्चा की गई। इन विषयों पर कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए और व्यावहारिक सुझाव दिए।

## घर से बिछड़े दो नाबालिग बच्चों को आरपीएफ ने किया चाइल्ड लाइन को सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि रात्रि में गश्त के दौरान आरक्षी सम्मी कुमार को रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन के टिकट बुकिंग काउंटर के पास एक करीब 3 वर्ष का बच्चा व एक करीब 4 वर्ष की बच्ची लावारिस हालत में मिली जिसे पूछने पर अपना नाम व पता स्पष्ट नहीं बता पाई तथा आसपास खड़े यात्रियों व अन्य व्यक्तियों से पूछताछ करने पर कोई भी दोनों बच्चों का अपना होना नहीं बताया। कुछ समय प्रतीक्षा करने पर जब उक्त दोनों बच्चों के कोई परिजन नहीं आए तब चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करते हुए दोनों बच्चों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर लाकर शांत व खुशनुमा माहौल में पूछने पर बच्ची ने अपना नाम लुसी कुमारी और बच्चा को अपना भाई बताते हुए उसका नाम ग्यांशु कुमार एवं पिता का नाम ललन राय गांव का नाम सिर्फ मोतिहारी बताई।

## समृद्धि संस्था ने किया शिक्षा चौपाल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के बैरकप पंचायत के हूरका गांव में समृद्धि संस्था द्वारा शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। समृद्धि संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रूपकी कुमारी ने बताया कि रोहतास जिले के सभी 18 ब्लॉक में कुल 65 कार्यकर्ता द्वारा विभिन्न गांव में 16 सितंबर से 10 दिवसीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देना है जो बालिकाएं संसाधनों एवं बुनियादी सुविधा के कमजोर होने के कारण बीच में पढ़ाई छोड़ देती हैं उन्हें संस्था के सहयोग से कम से कम 12वीं तक पढ़ने के लिए सहयोग किया जाएगा। संस्था के सचिव तारा सिंह का मानना है बाल विवाह और दहेज प्रथा को रोका जा सकता है। अगर बालिकाएं शिक्षा में खुलकर आगे आए। कार्यक्रम के जिला कोऑर्डिनेटर मालती देवी के द्वारा बताया कि सभी अभिभावक बच्चों को शिक्षा चौपाल के माध्यम से बाल विवाह दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को रोकने के लिए शिक्षा चौपाल के माध्यम से संकल्प लिया गया। साथ ही बैरकैप पंचायत के मुखिया गुप्तेश्वर सिंह, टोला सेवक संगीता कुमारी कार्यकर्ता सीमा कुमारी भी भाग ली।

## प्रजापति सामान्य समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** प्रखंड के डाक बंगला परिसर में गुरुवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रजापति सामान्य समिति द्वारा माटी कला बोर्ड का गठन राजनीति में भागीदारी को विशेष रूप से चर्चा किया गया जिसमें प्रखंड कमेटी द्वारा आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने वोट के प्रति सचेत रहने की अपील की गई। साथ ही साथ बैनर के तले विचार-विमर्श पर एक जगह वोट देने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार और संचालन रमेश प्रजापति ने किया। मौके पर श्याम बिहारी प्रजापति, लाल बाबू प्रजापति, अयोध्या प्रजापति, राम अवतार, रामराज, अरविंद, कामेश्वर आदि लोग थे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र पांडे का पुतला जला किया विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** प्रखंड मुख्यालय के सामने चेनारी कुदरा पथ पर ग्रामीण और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के जिला ध्यक्ष अमरेंद्र पांडे का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया तथा उन्हें भाजपा का एजेंट बताते हुए पुराने कार्यकर्ताओं को अपेक्षित करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग शुक्ला ने किया।

## वन विभाग और संत जोसेफ स्कूल ने सेवा पर्व के दौरान चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत रोहतास वन प्रमंडल के मांझर कुण्ड वन प्रक्षेत्र में सेवा पर्व के अवसर पर रोहतास वन विभाग और संत जोसेफ स्कूल के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन विभाग और संत जोसेफ स्कूल की टीम ने पूरे परिसर की सफाई करने के साथ-साथ उन वस्तुओं को भी एकत्रित कर नष्ट किया जो प्रकृति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकती थीं। कार्यक्रम का नेतृत्व मांझरकुंड, वन परिसर पदाधिकारी अमित प्रसाद, फॉरेस्टर अमलेश कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व के अंतर्गत स्वच्छता एवं जागरूकता संबंधी कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेल्फर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि यह अभियान न केवल स्कूलों में स्वच्छता को बढ़ावा देगा, बल्कि समुदाय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही सभी शैक्षणिक संस्थानों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। ताकि महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार किया जा सके।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हुई सफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत कर्मियों द्वारा गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत के वार्ड नौ में लगे कूड़े के अंबार की सफाई की। कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज ने बताया कि उक्त अभियान के तहत जिस स्थान पर ज्यादा कूड़ा जमा हो गया है वहां सफाई कार्य चलाया गया। सफाई कार्य में ईओ के अलावे उप मुख्य पार्षद रेखा सिंह, सिमरन सिंह समेत नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मी हाथ में झाड़ू लिए सफाई करते देख रहे थे। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत को हरहाल में स्वच्छ रखा जाएगा।

## एक दिन एक घंटा एक साथ कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिलान्तर्गत समाहरणालय परिसर में उप विकास आयुक्त, रोहतास, निदेशक डीआरडीए एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान का आयोजन किया गया। वहीं प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों तथा कर्मियों द्वारा श्रमदान किया गया। पंचायत/गांव स्तर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों द्वारा चिन्हित स्थलों पर साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया।

# दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

## पूजा पंडाल में राजनीतिक स्लोगन, चिन्ह, कार्टून, नारा आदि लगाना पूरी तरह से वर्जित
## कार्यपालक अभियंता को पानी की व्यवस्था व झुलते हुए तारों को दुरुस्त करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में दुर्गा पूजा 2025 पर्व को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने के लिए सम्मानित शांति समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ जिला शांति समिति की बैठक हुई। इस वर्ष दुर्गा पूजा 22 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित है।

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी सम्मानित शांति समिति के सदस्यों से सुझाव प्राप्त किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी शांति समिति के सहयोग से पूर्व के त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाया गया। दुर्गा पूजा भी सभी के सहयोग से सफलतापूर्वक मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी पूजा समितियों को पंडालों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था करनी होगी। आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र किसी भी पूजा पंडाल में राजनीतिक स्लोगन, चिन्ह, कार्टून, नारा आदि लगाना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसा करने पर संबंधित पूजा समिति पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विसर्जन जुलूस के मार्ग का भौतिक सत्यापन समय पर कर लें। सभी पूजा पंडालों के आयोजकों को शर्तों के अधीन कार्य करना होगा। बिना लाइसेंस के जुलूस की अनुमति नहीं होगी। सरकार के मानक का संचालन करना अनिवार्य होगा। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा, अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग नहीं होगा, सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी। सभी पूजा समिति पंडालों में इमर्जेंसी लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।




जिलाधिकारी ने कहा कि मेले के अवसर पर काफी भीड़ लगने की संभावना है। मेले में प्रायः बच्चे और वृद्धजनों के भूल जाने की समस्या आती है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों और वृद्धजनों की जेब में पूरा पता और मोबाइल नम्बर लिखकर डालना न भूलें। इससे यदि कोई बच्चा/वृद्धजन रास्ता भटक जाते हैं तो जिला प्रशासन उनके मोबाइल नम्बर और पते के माध्यम से उन्हें उनके घरों तक पहुंचाने के लिए हर संभव कदम उठायेगा। इस बार जिला प्रशासन प्रमुख भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को पर्ची उपलब्ध करायेगा ताकि जो अभिभावक अपने-अपने बच्चों और वृद्धजनों की जेब में पर्ची डालना भूल गये हों, वे दंडाधिकारी से पर्ची प्राप्त कर पूरा पता एवं मोबाइल नम्बर डालना सुनिश्चित करेंगे। भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर जिला प्रशासन के द्वारा सिविल ड्रेस में महिला एवं पुलिस बलों की काफी संख्या में प्रतिनियुक्ति की जा रही है। छतों के ऊपर से भी निगरानी की जायेगी। अफवाह फैलाने वाले एवं अश्लील हरकत करने वाले व्यक्तियों पर सख्ती से निपटा जायेगा।

जिलाधिकारी ने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि साफ-सफाई, रोशनी, चलंत शौचालय, अस्थायी शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को पानी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत को झूलते हुए तारों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने सभी शांति समिति के सदस्यों से कहा कि अगर कोई पूजा पंडाल हाईवे या रेलवे लाइन के किनारे है तो उसका समय पर सूचना देना सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सके। प्रतिमा विसर्जन से संबंधित उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को कृत्रिम तालाब का निर्माण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिमा का विसर्जन चिन्हित कृत्रिम तालाब में ही किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक नवादा अभिनव धीमान ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। शहर की ट्रैफिक पर भी ध्यान रहेगा। संवेदनशील स्थलों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों से दुर्गा पूजा मेले में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की जायेगी। इसके साथ ही ड्रोन, वीडियोग्राफी आदि के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। बाइकर्स पर पैनी नजर रहेगी, जिसके लिए स्पेशल ड्राइव चलायी जायेगी। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अमित अनुराग ने कहा कि इस वर्ष नवादा अनुमंडल अंतर्गत 144 पूजा समितियों को लाइसेंस दिया गया है एवं अनुमंडल पदाधिकारी रजौली द्वारा बताया गया कि रजौली अनुमंडल अंतर्गत 97 पूजा समितियों को लाइसेंस दिया गया है। इस तरह जिले में कुल 241 पूजा समितियों को लाइसेंस दिया गया है। सभी पूजा समितियों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक पूजा पंडाल में दो प्रवेश द्वार एवं दो निकास द्वार रहेंगे, जिसमें पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जायेगी। साथ ही प्रत्येक पूजा पंडाल पर चार सीसीटीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करें, पूजा समिति के आयोजकों एवं पदाधिकारियों का नम्बर की सूची पूजा पंडाल में चिपकाई जायेगी तथा किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए बालू, पानी आदि की व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनुमति के लिए सूचना पूर्व ही देनी होगी।

आज की बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभु शरण पांडेय, सिविल सर्जन नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, गोपनीय शाखा प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली, स्थापना शाखा प्रभारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के साथ-साथ जिला स्तरीय शांति समिति के सम्मानित सदस्य आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### बिजली बिल में सुधार को लेकर लगाया गया शिविर

**कौआकोल।** विद्युत विभाग के सौजन्य से गुरुवार को प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में बिजली बिल सुधार को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिजली उपभोक्ताओं से बिजली बिल में सुधार को लेकर आवेदन प्राप्त किये गए। कनीय विद्युत अभियंता अनीश कुमार ने बताया कि शिविर में स्मार्ट मीटर समेत अन्य त्रुटियों को लेकर आठ उपभोक्ताओं ने बिल सुधार हेतु आवेदन दिए। जिसमें दो उपभोक्ताओं का ऑन स्पॉट बिजली बिल सुधार हेतु मामला का निपटारा किया गया। शेष आवेदन पर उन्होंने जांचोपरांत कार्रवाई करने की बात कही। वहीं शिविर में बिहार सरकार द्वारा दिए जा रहे 125 यूनिट मुफ्त बिजली के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर जेप्लाइम प्रभात कुमार सिन्हा,राहुल कुमार,मोहम्मद इम्तियाज,राजू कुमार,सुबोध कुमार,मनीष कुमार,कुंदन कुमार आदि विद्युतकर्मी मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं ने मनाई पंडित दीनदयाल की जयंती

**नवादा।** भाजपा कार्यालय मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा ने दीनदयाल उपाध्याय के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि अपने सिद्धांतों के आधार पर उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था, समाज, शिक्षा और शासन व्यवस्था की रूपरेखा पेश की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा की संयोजक अफसाना खातून,वरिष्ठ नेता राधेश्याम चौधरी, राहुल चन्द्रवंशी एवं अन्य उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**बिहारशरीफ।** सारे थाना क्षेत्र के जहाना पुल के समीप सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका इसी थाना क्षेत्र के नेरुत गांव निवासी महेश प्रसाद की 46 वर्षीय पत्नी संगीता देवी है। परिवार वालों ने बताया कि बुधवार को तीन साल की नातनी की तबीयत खराब होने पर इलाज के लिए पुत्र के साथ बाइक से बिहार शरीफ सदर अस्पताल आ रही थी। इसी दौरान एक कार सवार ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गड्ढे में गिर गई। जबकि बच्ची सड़क पर गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से महिला को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह मौत हो गई।

### वज्रपात से अधेड़ की मौत

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के कटौना गांव में गुरुवार की दोपहर वज्रपात की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान डोमू मांझी के 50 वर्षीय पुत्र दिनेश मांझी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दिनेश मांझी अपनी पत्नी के साथ खेत में जलावन चुन रहे थे। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई और तेज ठनका गिरा। इसकी चपेट में आने से दिनेश गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी।

### इस्लामपुर–फतुहा और बिहारशरीफ–फतुहा के बीच जल्द ही दौड़ेंगी दो नई ट्रेन

**बिहारशरीफ।** सांसद कौशलेंद्र कुमार के प्रयासों से इस्लामपुर से फतुहा और बिहारशरीफ से फतुहा तक दो नई रेलगाड़ियों की स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही ये दोनों ट्रेनें पटरी पर दौड़ेंगी। इसी महीने सांसद कौशलेंद्र कुमार ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर नालंदा को रेल सेवाओं से और बेहतर जोड़ने की मांग की थी। उन्होंने नालंदा से कोलकाता, सूरत, मुंबई समेत कई बड़े शहरों के लिए ट्रेनें शुरू करने का प्रस्ताव रखा था। इस पहल से न केवल स्थानीय लोगों को पटना आने-जाने में सुविधा होगी बल्कि बौद्ध सर्किट और पर्यटन की दृष्टि से भी नालंदा को बड़ा फायदा होगा। सांसद ने बताया कि पहले चरण में दो ट्रेनें मिली हैं, लेकिन जल्द ही और ट्रेनों की सौगात नालंदा को मिलेगी। नई रेल सेवाओं से व्यापारियों, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को दूसरे प्रदेशों की यात्रा में आसानी होगी।

# आकांक्षी जिला नवादा के किसानों के लिए बड़ी सौगातः विवेक ठाकुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत 100 आकांक्षी कृषि जिलों को विकसित करने का निर्णय लिया है। इसमें नवादा जिला भी शामिल हुआ है, जो हमारे क्षेत्र के किसानों के लिए ऐतिहासिक अवसर है। विवेक ठाकुर ने कहा इस योजना से नवादा के किसानों को फसल उत्पादकता और स्थिरता में वृद्धि होगी। पशुपालन, बागवानी और कृषि विविधिकरण को बढ़ावा मिलेगा। भंडारण, सिंचाई और आधुनिक कृषि सुविधाओं में सुधार होगा। तकनीकी सहयोग और सुलभ ऋण उपलब्ध होंगे। किसान उत्पादक संगठन और अन्य समूहों को मज़बूती



मिलेगी। विवेक ठाकुर ने कहा यह योजना किसानों की आमदनी बढ़ाने, जोखिम घटाने और उन्हें आधुनिक कृषि से जोड़ने में क्रांतिकारी भूमिका निभाएगी। नवादा जैसे आकांक्षी जिला में इस योजना का लागू होना, यहां के किसानों और कृषि क्षेत्र की प्रगति में नया अध्याय जोड़ेगा। इस संवेदनशील व दूरदर्शी निर्णय हेतु सांसद विवेक ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया ।

# हिलसा नगर परिषद ने चिल्ड्रन पार्क में बनाई 'नेकी की दीवार', जरूरतमंदों को मिला लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा (नालंदा)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हिलसा नगर परिषद ने गुरुवार को विद्यापुरी स्थित चिल्ड्रन पार्क में 'नेकी की दीवार' की शुरुआत की। इस दीवार का उद्देश्य समाज के सक्षम लोगों द्वारा दान की गई वस्तुओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाना है। शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद के ब्रांड एंबेसडर डॉ. आशुतोष कुमार मानव, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, उपमुख्य पार्षद दुर्गा कुमारी, सिटी मैनेजर कुमार गौतम, टाउन प्लानर रणवीर कुमार तथा वार्ड पार्षद संतोष कुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। 'नेकी की दीवार' पर लोगों ने कपड़े, पुस्तकें और अन्य उपयोगी सामग्री लाकर जमा की, जिन्हें मौके पर ही गरीब एवं जरूरतमंदों



के बीच वितरित किया गया। डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने कहा कि "आपके पास जो अतिरिक्त है, उसे इस नेकी की दीवार में दें, और यदि किसी को आवश्यकता है तो वह यहां से ले जाए। इस पहल का उद्देश्य है कि कोई बच्चा ठंड में ठिठुरे नहीं और किसी के पास पढ़ाई के लिए किताबों की कमी न रहे।" शुभारंभ होते ही बच्चों और जरूरतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने अपनी आवश्यकतानुसार वस्तुएं चुनीं। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान से जुड़े हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ, जिसमें पदाधिकारियों के साथ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली।

# तिलैया-बख्तियारपुर दोहरीकरण हेतु प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्रीय कैबिनेट ने तिलैया - राजगीर - बख्तियारपुर सिंगल लाइन सेक्शन को दोहरीकरण करने हेतु स्वीकृति दे दी है। 104 किलोमीटर लंबी इस रेलखंड के दोहरीकरण में कुल 2,192 करोड़ खर्च होंगे। विवेक ठाकुर ने कहा यह नवादा लोकसभा सहित पूरे बिहार के लिए ऐतिहासिक निर्णय है। यह परियोजना बिहार के चार जिलों को कवर करते हुए भारतीय रेल नेटवर्क को बढ़ाएगी। इस रूट से राजगीर, नालंदा, पावापुरी जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के साथ संसदीय क्षेत्र नवादा से पटना के लिए और



बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही इससे नवादा जैसे आकांक्षी जिला में विकास की गति तेज होगी।

सांसद विवेक ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए समस्त क्षेत्रवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नीतीश सरकार में बिहार का अकल्पनीय परिवर्तन : श्रवण कुमार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने गुरुवार को प्रखंड के ग्राम पंचायत राज वियावनी में नाली निर्माण कार्य तथा ग्राम पंचायत राज पचौरी के जोरारपुर गांव में दुग्ध संग्रह केंद्र मरम्मत कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने बीते दो दशकों में अकल्पनीय परिवर्तन देखा है। मंत्री ने कहा कि "जिस बिहार को कभी 'जंगलराज' कहा जाता था, आज वहां सुशासन और कानून का राज स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्राथमिकता हमेशा से जनता की सेवा रही है। वे वोट की नहीं, बल्कि वोटर की चिंता करते हैं।" उन्होंने बताया कि राज्य के हर जिले में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज खुल चुके हैं, जहां मात्र 10 रुपये वार्षिक शुल्क पर उच्च शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। नीतीश सरकार ने बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा और करियर तक की जिम्मेदारी उठाई है। लाखों की आर्थिक सहायता से महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। मंत्री ने कहा कि अब उच्च शिक्षा के लिए लिए गए छात्र ऋण पर ब्याज माफ किया गया है। युवा 7 से 10 वर्षों की आसान किस्तों में ऋण चुका सकेंगे। इससे लाखों छात्र-छात्राओं के सपनों को पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि 2005 में बिहार पुलिस बल की संख्या केवल 42 हजार थी, जो अब बढ़कर डेढ़ लाख से अधिक हो गई है। नियुक्तियों का सिलसिला अभी भी जारी है। श्रवण कुमार ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही विपक्ष लुभावने वादों और गोलमोल बातों से जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है। "बिहारवासियों को सावधान रहना होगा, ताकि फिर से जंगलराज की वापसी न हो," उन्होंने कहा। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश सरकार की नीति स्पष्ट है— 'कम बोलो, ज्यादा करो'। बीते 20 वर्षों में कानून का राज स्थापित कर विकास की रफ्तार दी गई है। "2005 के बाद बिहार ने सुशासन का नया अध्याय लिखा— अंधेरे से उजाले तक, भय से विश्वास तक, पिछड़ेपन से प्रगति तक।" कार्यक्रम में जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, पूर्व मुखिया युगल किशोर, मुखिया प्रमोद यादव, सरपंच धनंजय कुमार, सुरेंद्र कुशवाहा, सुनील रविदास, मुन्ना पासवान, मंटु कुशवाहा, शिवनंदन कुशवाहा, संजय महतो, महेंद्र कुशवाहा, रामजन्म रविदास सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर की सफाई में जुटे मंत्री, अधिकारी व पार्षद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्वच्छ भारत मिशन को जनांदोलन बनाने की दिशा में बिहारशरीफ नगर निगम ने गुरुवार को एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन आनंद मार्ग में किया। इस अवसर पर विधायक सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा. सुनील कुमार, महापौर अनीता देवी, उपमहापौर आयशा शाहीन, नगर आयुक्त, दीपक मिश्रा, पार्षदगण, उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, स्वच्छता पदाधिकारी एवं नगर निगम के कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने मिलकर झाड़ू लगाया, कचरा उठाया और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में केवल सफाई ही नहीं, बल्कि हरियाली बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया गया।

# सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ : विधायक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर विधायक कौशल किशोर ने नई पोखर गांव के पास ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस योजना के तहत 60 लाख की लागत से राजगीर-गिरियक पथ के रसलपुर मोड़ से रसलपुर पथ तक कुल 1.070 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक कौशल किशोर ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं। मजबूत और सुगम सड़क नेटवर्क के बिना गांव की तरक्की और जनता की खुशहाली की कल्पना अधूरी रहती है। उन्होंने कहा कि राजगीर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है।विधायक ने बताया कि इस सड़क निर्माण से ग्रामीणों को बड़ी राहत




मिलेगी। पहले बारिश के मौसम में इस मार्ग से गुजरना मुश्किल होता था, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ती थी। अब पक्की और सुदृढ़ सड़क बनने से स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा, आसपास के बाजारों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। जिससे स्थानीय स्तर पर व्यापार और रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।उन्होंने कहा कि बिहार सरकार लगातार ग्रामीण इलाकों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। सड़क, बिजली और पानी जैसी योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है। विधायक ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि विकास की यह रफ्तार आगे भी जारी रहेगी और क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद गीता देवी, संजय कुमार, आशुतोष कुमार पांडे, सुबोध कुमार मोदी, मंजु देवी,चंदन कुमार,पप्पू चौधरी,छोटे सिंह, मुन्ना कुमार,अभिराम सिंह, पिंटू सिंह,चिकु कुमार, रमेश कुमार, पप्पु सिंह संजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिलास्तरीय आदर्श पैक्स में दरावां पैक्स को मिला प्रथम स्थान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के दरावां पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार को पटना में आयोजित एक समारोह में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ० प्रेम कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट कार्यकलाप पर नवादा जिला से दरावां पैक्स को प्रथम स्थान पर चयनित होने पर प्रदान किया गया है। पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत पुरस्कार स्वरूप मंत्री के द्वारा विभाग के सौजन्य से दरावां पैक्स समिति को पांच लाख रुपये राशि भी प्रदान किया गया है। सम्मान मिलने से उत्साहित पैक्स अध्यक्ष रजनीश ने कहा कि यह सम्मान दरावां पैक्स के किसानों



की देन है। जिन्होंने हम पर भरोसा कर लगातार चौथी बार सेवा करने का मौका दिया। जिनके भरोसे पर वे लगातार उतरने का प्रयास कर रहे हैं। पैक्स अध्यक्ष रजनीश को मंत्री के द्वारा सम्मानित होने पर पत्रकार नवीन कुमार, रौशन कुमार सोनु,कुमार सानू, दशरथ मिस्त्री, कुमार सानू, राजीव रंजन, शैलेश कुमार आर्य, अमित कुमार, अजय कुमार, रामनुग्रह सिंह समेत पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, नरेंद्र सिंह, सुनील कुमार आदि ने उन्हें बधाई दिया है।

# मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने 470 लाख की लागत से बने पुल का शिलान्यास, बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उत्तरनामा पंचायत के बसानपुर ग्राम के वार्ड नं०-13 में अवस्थित तालाब में अपने विधायक मद से 7 लाख 50 हजार की लागत से नवनिर्मित सीढ़ी घाट का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री डॉ कुमार ने कहा कि यह केवल एक सीढ़ी घाट नहीं, बल्कि विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और संकल्प का प्रतीक है।




यह सीढ़ी घाट छठ महापर्व के अवसर पर महिलाओं एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, एक ठोस कदम है। इसी क्रम में रहूई प्रखंड के सर्वांगीण विकास के संदर्भ में उत्तरनामा पंचायत के सुलेमानपुर ग्राम में अपने विधायक मद से 12 लाख 50 हजार लागत से कान्धा कुमार के मकान से महेंद्र रविदास के मकान होते दादर नदी तक नाला एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ये सड़के केवल संपर्क व्यवस्था को मजबूत नहीं करेगा, बल्कि क्षेत्र में रोज़गार, व्यापार और सर्वांगीण विकास के असीमित अवसरों के नए द्वार खोलेगा। हमारा संकल्प है कि बिहारशरीफ विधानसभा का हर गांव–टोला मुख्य सड़कों से जोड़े जाएं, ताकि क्षेत्र का तेज़ गति से विकास हो।

# वीरता पदक से सम्मानित हुए पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र पासवान

## राष्ट्रपति ने प्रशस्तिपत्र एवं मेडल देकर किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व के घने जंगल में चार नदी पार कर खूंखार माओवादियों के ग़ैरक़ानूनी गिरोह के खिलाफ 45 मिनट तक चली घातक गोलीबारी के बाद 04 माओवादियों को ढ़ेर करने के बाद पुलिस से लूटे गए भारी मात्रा में गोला बारूद और हथियार बरामद करने का अदम्य वीरता ,साहस और



उच्चकोटि के कर्तव्यपरायणता का परिचय देने वाले एसटीएफ टीम के पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र पासवान को भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुर द्वारा प्रशस्तिपत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद विभागीय और उनके गृह जिला में खुशी का माहौल है। उनके चाहनेवाले और परिवारजन खुद को गौरवांवित महसूस कर शुभकामना दे रहे हैं।

धर्मेंद्र पासवान वर्ष 2009 बिहार पुलिस विभाग में सब -इंस्पेक्टर के रूप में चयनित हुए। विगत 16 वर्षों में कई थाना में अपना योगदान दिया और अच्छे ढंग से सेवा दिए। लोगों में इनकी लोकप्रियता बढ़ी अभी वे पुलिस इंस्पेक्टर (एसटीएफ) के पद पर कार्यरत हैं। वे मूलतः नवादा जिले के हिसुआ थानाक्षेत्र के नौआबागी ग्राम निवासी स्व. कारू पासवान के छोटे पुत्र हैं।

# 111 फीट ऊंचा तिरंगा फहराकर दोसुत पंचायत ने रचा इतिहास, तीन टावर लाइट का किया उदघाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** आदर्श ग्रीन पंचायत मुख्यालय दोसुत में 111 फीट ऊंचा तिरंगा आन-बान-शान से फहराया गया। बताया गया कि यह रिमोट से संचालित होता है। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को याद कर नमन किया गया। कहा उनके शहादत पर हम भारतवासियों को गर्व है। इस बीच तीन टावर लाइट का भी उद्घाटन किया गया। सांसद विवेक ठाकुर, एमएलसी नीरज कुमार,



एमएलसी प्रो. नवल किशोर यादव व विधायक अरूणा देवी ने संयुक्त रूप से किया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि तिरंगे झंडे के नीचे खड़े होकर आज गर्व महसूस हो रहा है। यह तिरंगा हमारे जिले के लिए गर्व की बात है, आज इसका लोकार्पण किया गया है, जो ऐतिहासिक दिन है। स्वतंत्रता हमारे जीवन की अमूल्य निधि है, यह अनेक बलिदानों के पश्चात में मिली है। एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए कई सेनानियों ने बलिदान दिया है। हमें इसका सम्मान करना चाहिए। यह राष्ट्रीय ध्वज हमारी शान है। हमें बचपन से ही इसका सम्मान करना सिखाया गया है। एमएलसी प्रो. नवल किशोर ने कहा कि टावर लाइट से लोगों को रोशनी की सुविधा मिलेगी। वहीं जदयू नेता डा. रविकांत उर्फ अजय सिंह ने कहा कि दोसुत का इतिहास में आज एक कड़ी जुड़ी है, जिसके आप सभी साक्षी बने हैं। उन्होंने इसके लिए सबको बधाई के साथ आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने फलदार व छायादार पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने एक स्वर में पंचायत में हुए विकास के कार्यों की सराहना की। कहा कि पंचायत में विकास के कार्य काफी हुए हैं। यह पंचायत वास्तव में आदर्श ग्रीन पंचायत है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अजीत यादव, पंचायत की मुखिया सुलेखा देवी, सरपंच फूल कुमारी दास, जदयू नेता नीरज कुमार राकेश, संत कुमार शर्मा, दिलीप कुमार रंजन, मुकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डीएम व एसपी ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से नालंदा कॉलेज स्थित मतगणना-सह-बज्रगृह केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। यह निरीक्षण आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नालंदा जिले के अंतर्गत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्र –171 अस्थावां, 172 बिहारशरीफ,173 राजगीर, 174 इसलामपुर,175 हिलसा, 176 नालंदा,177 हरनौत में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयरहित वातावरण में मतगणना कार्य कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम और एसपी ने निर्देश दिया कि विधानसभा वार पोल्ड इवीएम की रिसीविंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और वाहन पार्किंग की समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जनरेटर सेट, रौशनी, सीसीटीवी कैमरे, वाई-फाई, एसी और पंखे आदि की निर्बाध कार्यशीलता सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि मतगणना केंद्रों पर वाटरप्रूफ पंडाल, शौचालय और पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई और साइनेज बोर्ड, सुनिश्चित किए जाएं, ताकि लोग आसानी से आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच सकें। डीएम ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों, मतगणना पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए प्रवेश और निकास द्वार स्पष्ट रूप से चिन्हित किए जाएं। कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग और उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करें।

# फल्गु नदी में डूबने से पांच छात्रों की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में गुरुवार को एक दुखद हादसे में 5 स्कूली छात्रों की जान चली गई। बेलागंज और खिजरसराय की सीमा पर स्थित पनारी पुल पर फल्गु नदी में डूबने से इनकी मौत हो गई। ये सभी बेलागंज के वाजितपुर गांव के रहने वाले थे। परीक्षा देने के बाद वे गुरुवार दोपहर को फल्गु नदी में नहाने चले गए थे। स्थानीय लोगों के अनुसार पनारी के नागार्जुन हाई स्कूल में 11वीं की त्रैमासिक परीक्षा देने के बाद 13 छात्र फल्गु नदी में उतर गए। बालू खनन को लेकर हुए गड्डे में फंस जाने से एक छात्र डूबने लगा। उसी को बचाने में एक के बाद एक अन्य साथी गहरे पानी में चले गए। बताया जा रहा है कि स्थानीय मछुआरों ने नदी में से लड़कों को बाहर निकाला। डूबते किशोरों को बचाने के बाद स्थानीय लोगों ने किसी तरह सभी को खिजरसराय अस्पताल पहुंचाया। यहां से गंभीर हालत में आगे रेफर किया गया। रेफर हुए 7 छात्रों में दो की मौत गयाजी के निजी नर्सिंग होम में हुई। वहीं दो का इलाज मगध मेडिकल में हो रहा। बाकी तीन की मौत रास्ते में होने की बात कही जा रही। ग्रामीणों के मुताबिक 6 किशोर सुरक्षित हैं। अन्य दो का इलाज गयाजी के मगध मडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। मरने वालों में 17 वर्षीय मो. कैफ, 18 वर्षीय मो. शाहनवाज, 17 वर्षीय मो. सारिक, 16 वर्षीय मोहम्मद अनस, 16 वर्षीय मो. सुफियान शामिल हैं। वहीं गंभीर रूप से घायलों में 20 वर्षीय तौसीफ और 18 वर्षीय शाहिल है। पांच किशोरों की डूबने से हुई मौत को लेकर पूरे इलाके में कोहराम मचा है। चर्चा इस बात की भी हो रही कि रील बनाने को लेकर सभी फल्गु में उतरेथे। हालांकि, किसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इस घटना के बाद खिजसराय थाना की पुलिस घटनास्थल तो पहुंची, लेकिन जिस गांव के बच्चे डूबे हैं वहां बेलागंज की पुलिस शाम तक नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने शवों के पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया है। ऐसे में देर शाम तक सभी शव गांव में ही रखे गए। इस घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान कर जन भागीदारी का दिया संदेश

# स्वच्छता में अव्वल आया, गयाजी पूरे देश के लिए आदर्श व प्रेरणादायी : डॉ. प्रेम कुमार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के अंतर्गत गुरुवार की सुबह एक दिन एक घंटा एक साथ श्रमदान कर जन भागीदारी का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम के लिए दिग्घी तालाब स्थल का चयन किया गया था एवं कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 08 बजे की गई। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, एमएलसी कुमुद वर्मा, नगर आयुक्त कुमार अनुराग के साथ-साथ निगम के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों ने मिलकर एक दिन, एक घंटा सामूहिक श्रमदान किया। यह आयोजन शहर के दिग्घी तालाब परिसर के साथ-साथ अन्य चिन्हित दस स्थानों पर आयोजित की गई है।

सभी ने सांकेतिक रूप से श्रमदान के दौरान सफाई अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। दिग्घी तालाब शहर के मुख्य तालाबों में से एक है इसलिए इस तालाब परिसर का चयन किया गया है। कार्यक्रम से यह संदेश दिया गया कि सफाई का कार्य सभी नागरिकों का कर्तव्य है एवं इसे सिर्फ सफाईकर्मी की जिम्मेदारी नहीं समझनी चाहिए। सभी लोग मिल कर शहर को साफ बनाने का अगर संकल्प लेते हैं तो वास्तविक में गया जी को सबसे स्वच्छ और जगमग गयाजी बनने से कोई नहीं रोक सकता है। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक घंटा एक साथ जन भागीदारी सफाई अभियान में शामिल होकर सामूहिक रूप से श्रमदान कर साफ-सफाई की गई जिससे आम नागरिकों के बीच स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया है। कहा कि नगर निगम का बेहतरीन कार्य ने स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में 27 वां स्थान एवं बिहार में नम्बर-1 आने से सभी को प्रोत्साहन मिला है। देश के बड़े बड़े नगरी और स्मार्ट सिटीज को पीछे छोड़कर गया जी ने इस बार ये मुकाम हासिल किया है। यह प्रेरणा देता है कि भविष्य में हम सभी के सामूहिक प्रयास से और अच्छा करें एवं गया जी को इंदौर की भांति प्रथम में लाएं। इसके अलावे उन्होंने पितृपक्ष मेला में नगर निगम की मुख्य तौर पर की गई अच्छी व्यवस्था की प्रशंसा की। नगर निगम स्वच्छता के साथ हाईटेक व आधुनिक व्यवस्था ने तीर्थयात्रियों से मिली सुविधा से देश-दुनिया में अच्छा संदेश गया है। इसके लिए उन्होंने नगर निगम के मेयर-डिप्टी मेयर, अधिकारियों व सफाईकर्मियों को बधाई दी है। नगर निगम ने गयाजी को न सिर्फ साफ-सुथरी बल्कि पूरे देश के लिए आदर्श और प्रेरणादायी बनाया है। मेयर विरेंद्र कुमार ने कहा कि नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत जन स्वच्छता के लिए सफाई श्रमदान कर आसपास के लोगों वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए संदेश दी है। इस अवसर पर एमएलसी कुमुद वर्मा ने भी लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और प्रतिदिन कुछ समय स्वच्छता कार्यों में लगाकर समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सहयोग दें।

# दैनिक जनता दरबार में डीएम ने आवेदकों की समस्याओं को सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर के द्वारा दैनिक जनता दरबार का आयोजन गुरुवार को किया गया।जिसमें आए सभी आमजनों की समस्या को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया।डीएम ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है, इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है।जनता दरबार में आवेदन को द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अनुरोध किया गया, जिसपर डीएम ने संबंधित सीओ एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार में सुनवाई कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।जनता दरबार में अवैध कब्जा जमाबंदी इत्यादि से संबंधित आवेदकों के आवेदन का निष्पादन हेतु संबंधित सीओ को निर्देशित किया गया।कई आवदेकों द्वारा अधिग्रहण भूमि का मुआवजा के संबंध में आवेदन दिया गया।डीएम ने डीएलएओ एवं संबंधित अंचलाधिकारी को मामले की जांच करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार मुआवजे राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया।कुछ आवेदक ने आवेदन देते हुए कहा कि वह आवास विहीन है, आवास योजना का लाभ हेतु सभी पात्रता रखता हूं, डीएम ने उप विकास आयुक्त जो जांच करते हुए आवास योजना का लाभ दिलवाने का निर्देश दिए।जनता दरबार में कुछ भूमिहीन महिला ने डीएम के समक्ष आकर आवेदन दिया है, डीएम ने एडीएम राजस्व को जांच करते हुए उन्हें भूमि उपलब्ध करवाने का निर्देश दिए हैं।आवेदक ने बताया कि बोधगया सीओ द्वारा जमीन नापी की तारीख निर्धारित के बाबजूद जमीन की नापी नही करवा रहे।डीएम ने सीओ बोधगया को तेजी से मामला को समाधान करवाने को कहा है।मानपुर से आये आवेदक ने बताया कि जमीन मापी की रिपोर्ट सीओ मानपुर द्वारा निर्गत नही की जा रही, सीओ मानपुर को निर्देश दिए कि नापी रिपोर्ट उपलब्ध करवाया जाए।अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत श्रमदान व पौधारोपण कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राष्ट्रव्यापी 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने की। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी पंचायतों से आए लोगों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। असलेमपुर पंचायत के सिंघड़ा मध्य विद्यालय और उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुतुरखी में भी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, मोहम्मद राशिद खान, शिक्षक रामाश्रय प्रसाद यादव, नितेश रंजन सहित छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में सफाई व पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक अमरेश कुमार, पर्यवेक्षक अजित कुमार, गुड्डू शर्मा, प्रभात कुमार, श्रीनिवास कुमार, रंजन कुमार, ऋषभ राज, नवलेश कुमार सहित सभी स्वच्छता कर्मी सक्रिय रूप से शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण करना रहा।

## एक नजर

### टिकारी प्रखण्ड के दो पैक्स पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गुरुवार को मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत टिकारी प्रखण्ड के दो पैक्स को पुरस्कृत किया गया। जिला स्तर पर मखदुमपुर पैक्स को दूसरा स्थान व लाव पैक्स को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। पटना स्थित बीआईटी कैम्पस के दशरथ मांझी ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में पैक्स अध्यक्ष शशि रंजन कुमार व कृष्ण गोपाल उर्फ मंटू शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ पैक्स के बैंक खाते में पुरस्कार राशि भेजी गई। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पैक्स को तीन लाख व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पैक्स को दो लाख रुपये दिए है। पैक्स अध्यक्ष शशि रंजन व कृष्ण गोपाल ने बताया कि पुरस्कार के रूप में मिली राशि से पैक्स का विकास किया जाएगा। किसानों को दी जाने वाली सुविधा को और बढ़ाया जाएगा। जानकारी हो कि राज्य स्तर पर गठित कमेटी ने पैक्स का चयन किया है। चयनित पैक्सों का मूल्यांकन उनकी कार्यकुशलता, किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, ऋण वितरण, खाद-बीज उपलब्धता, पारदर्शिता और सुचारू संचालन जैसे मानकों पर किया गया था।

### नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** एसएसबी 29वीं बटालियन गयाजी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के दिशानिर्देश में 29 वीं बटालियन के सी समवाय डुमरिया के कार्यक्षेत्र में ग्राम-अदरचक थाना-डुमरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरिया के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसमें वाहिनीं के चिकित्सक डॉ कनन हरिदास, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) के द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस शिविर का खास बात यह रही की जो लोग शिविर तक आने में असमर्थ थे।

# जीबीएम कॉलेज की एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर बनीं डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की सीनियर असिस्टेंट प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी को कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर के रूप में नया दायित्व सौंपा गया है। 24 सितंबर को एनएसएस स्थापना दिवस के शुभ दिन मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा निर्गत पत्र के आधार पर डॉ रश्मि को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। एमयू के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ पिंटू कुमार ने डॉ रश्मि को कॉलेज की एनएसएस इकाई की कमान सौंपते हुए हार्दिक खुशी जताई और कहा कि डॉ रश्मि की सक्रियता तथा कुशल नेतृत्व का लाभ एमयू की एनएसएस इकाई को भी मिलेगा। जीबीएम कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल ने डॉ रश्मि को एमयू द्वारा प्राप्त अप्वाइंटमेंट लेटर सौंपते हुए यह अपेक्षा जताई कि डॉ रश्मि के नेतृत्व में कॉलेज की एनएसएस इकाई अपनी पुरानी गरिमा को बरकरार रखते हुए सफलता के नये प्रतिमान गढ़ेगी। उन्होंने पुष्पगुच्छ प्रदान कर डॉ रश्मि का अभिनंदन किया।वहीं डॉ रश्मि ने कहा कि वे छात्राओं के हितार्थ एनएसएस इकाई के कुशल संयोजन, संचालन, एवं समन्वयन हेतु अपनी ओर से यथासंभव प्रयत्न करेंगी। अधिक से अधिक छात्राओं को कॉलेज की एनएसएस इकाई से जोड़ने तथा निःस्वार्थ समाजसेवा में संलग्न करने हेतु अभियान चलाया जायेगा। ज्ञातव्य है कि डॉ रश्मि वर्तमान में कॉलेज की जन संपर्क अधिकारी के रूप में भी निष्ठापूर्वक कार्य कर रहीं हैं, तथा वे कॉलेज की पूर्व एनसीसी सीटीओ भी रह चुकी हैं।

# विभिन्न स्थलों पर चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सेवा पर्व (17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025) के अवसर पर गया वन प्रमंडल के बांकेबाजार, वन समिति परिसर शेरघाटी, बाराचट्टी, गुरपा, गया, अत्री एवं इमामगंज सहित विभिन्न स्थलों पर गुरुवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रमुख परिसरों, सार्वजनिक स्थलों और पर्यटक क्षेत्रों की व्यापक साफ-सफाई की गई। कचरा, पॉलिथीन और प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण का आधार है। सफाई अभियान में वनकर्मियों, स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने मिलकर सामूहिक प्रयास से आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया। स्थानीय लोगों ने यह भी संकल्प लिया कि वे आगे भी स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देंगे। इसी क्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। स्थानीय एवं देशज प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा प्रत्येक सहभागी को अपनी मां के नाम पर पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस सेवा पर्व कार्यक्रम के माध्यम से गया वन प्रमंडल ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता और हरित विकास दोनों मिलकर ही सतत पर्यावरण का निर्माण कर सकते हैं।


## कार्यालय:-जिला शिक्षा अधीक्षक,गढ़वा
## समाहरणालय परिसर,विकास भवन-बी,प्रथम तल्ला
**Email ID – garhwamdm@gmail.com**

### आवश्यक सूचना

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आधार पर स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) विषय– भाषा के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जाँच पत्रक के साथ दिनांक–27.09.2025 को काउंसिलिंग हेतु जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.garhwa.nic.in** पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाईन नंबर– 9304515448, 8210307876 पर सम्पर्क कर सकते है।

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाबदेही स्वयं की होगी।

**काउंसिलिंग स्थल एवं समयः–**

**कार्यालयः**– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के सभागार कक्ष, पुराना समाहरणालय।

**समयः**– पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

PR 362958 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा अधीक्षक,गढ़वा


# बच्चों के विवाद में दो युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के मोहब्बतपुर गांव में सोमवार को बच्चों के आपसी विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। बताया जाता है कि गांव के कुछ बच्चों के बीच हुए झगड़े में कहासुनी मारपीट में बदल गई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। घायल युवकों में एक की पहचान मोहब्बतपुर निवासी मोहम्मद समीर एवं मोहम्मद इमरोज के रूप में हुई है जो बीए पार्ट-1 का छात्र बताया जा रहा है। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी में भर्ती कराया गया जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में बच्चों के झगड़े से ही विवाद शुरू होने की बात सामने आई है।

# पटना-गयाजी रेल खंड पर चेकिंग अभियान, वसूले गए 1.15 लाख रुपए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डी.डी.यू.) मंडल ने विशेष टिकट जांच अभियान की शुरुआत की है। पहला प्रयोग पटना-गया खंड के चाकंद स्टेशन से हुआ। पांच घंटे तक सघन जांच चली। जांच के लिए मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनों को 2 से 5 मिनट अतिरिक्त रोका गया। गाड़ी नंबर 13349, 13244, 63241, 63246, 63245, 63248 और 63243 में चेकिंग की गई। इस दौरान कई यात्री बिना टिकट या अनियमित यात्रा करते हुए पकड़े गए। कुल 403 यात्रियों से 1 लाख 15 हजार 785 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई का असर तुरंत दिखा। चाकंद और बेला स्टेशन से टिकट की बिक्री कई गुना बढ़ गई। सामान्य दिनों में दोपहर 12 बजे तक मुश्किल से 90 टिकट बिकते थे, लेकिन जांच वाले दिन 900 टिकट बिक गए। टिकट बिक्री से आय भी 2 हजार रुपए से बढ़कर 17 हजार रुपए तक पहुंच गई। यह साफ इशारा था कि जो लोग चोरी-छुपे यात्रा कर रहे थे, वे अब खिड़की पर टिकट खरीदने को मजबूर हो गए। इस अभियान में 37 टिकट चेकिंग स्टाफ, 6 वाणिज्य निरीक्षक और 8 आरपीएफ जवान तैनात थे। नेतृत्व एसीएम/जी. और एसीएम/गुड्स, डी.डी.यू. ने किया। सख्ती इतनी थी कि यात्रियों में डर साफ दिखा। जांच की खबर गया स्टेशन पर भी गूंजती रही। रेलवे का दावा है कि इस तरह की लाल गाड़ी जांच अभियान आगे भी मंडल के अन्य स्टेशनों पर की जाएगी। इससे जहां रेलवे को राजस्व मिलेगा वहीं यात्रियों में नियम पालन की आदत भी बनेगी। यात्रियों का कहना था कि रेलवे को ऐसी जांच नियमित करनी चाहिए। तभी गलत करने वाले पकड़ में आएंगे और सही किराया चुकाने वालों को न्याय मिलेगा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं ने महान स्वतंत्रता सेनानी, जनसंघ के संस्थापक सदस्य तथा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं सेवा भाव से गुरुवार को मनाई। यह कार्यक्रम शहर के समीर तकिया, रविदास टोला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ऐसे महान राष्ट्रवादी विचारक थे जिन्होंने सदैव समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति की चिंता की।उनका विचार था कि जब तक समाज का सबसे अंतिम व्यक्ति मुख्यधारा से नहीं जुड़ता और उसे सम्मानजनक जीवन नहीं मिलता, तब तक विकास अधूरा है। आज उनकी जयंती पर हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।इस अवसर पर महादलित परिवारों के बीच जाकर उन्हें जलेबी खिलाकर इस दिवस को सेवा पर्व के रूप में मनाया।अंत में डॉ. मिश्रा ने कहा कि आज जरूरत है कि हम सब मिलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को समाज के कोने-कोने तक पहुंचाएं। ताकि भारत उनके सपनों का राष्ट्र बन सके। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर भाजपा से वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह, जिला के कोषाध्यक्ष दीपक पांडे, सुनील रविदास, बबलू गुप्ता, मंटू कुमार, महेश यादव, आदि उपस्थित रहे।

# वासभूमि परचा व आवास की मांग को लेकर माले ने किया प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** वासभूमि व आवास की मांग को लेकर भाकपा माले ने गुरुवार को कोंच अंचल सह प्रखंड कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नौ सूत्री मांगों के समर्थन में अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें सरकारी गैरमजरुआ, आम-खास भूमि तथा मठ-मंदिर की जमीन पर पीढ़ियों से बसे गरीब परिवारों को वासभूमि परचा देने, सभी शादीशुदा परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने, मनरेगा में 200 दिन काम व 600 रुपये मजदूरी सुनिश्चित करने, सभी पंचायतों में महिला कॉलेज खोलने, बुजुर्गों व विधवाओं को 3000 रुपये पेंशन तथा महिलाओं को कर्ज मुक्ति व रोजगार से जोड़कर 3000 रुपये गुजारा भत्ता देने जैसी मांगें शामिल थीं। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव निरंजन कुमार ने आरोप लगाया कि गरीबों को जमीन देने से इनकार करने वाली सरकार पूंजीपतियों को कौड़ियों के भाव जमीन दे रही है। मौके पर रीता बर्णवाल ने कहा कि बिहार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। कार्यक्रम का नेतृत्व रवि कुमार, मो. हसीब आलम, राजकुमार यादव, आलोक यादव, पूर्व मुखिया संजय राम सहित कई नेताओं ने किया।

# एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला समाहरणालय परिसर में जिले के डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया।इस वर्ष के अभियान का विषय स्वच्छोत्तम है, जिसका अर्थ हैकेवल स्वच्छ रहना ही नहीं बल्कि स्वच्छता में उत्कृष्टता प्राप्त करना।सर्वप्रथम डीएम द्वारा सभी अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से श्रमदान किया गया।तदोपरांत एक पेड़ माँ नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया।साथ ही स्वच्छता शपथ और स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व है।उन्होंने महात्मा गांधी जी के विचार स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है को उद्धृत करते हुए बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता ही सेवा अब एक जनांदोलन का रूप ले चुका है।उन्होंने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मियों से अपील की कि आने वाले दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा जैसे पावन अवसरों पर भी हम सभी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखें।अंत में उन्होंने सभी से आग्रह किया कि मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं और हमारे जिले को स्वच्छोत्तम बनाने में योगदान दें।इस अवसर पर डॉ सूरज कुमार, प्रशिक्षु आईएएस, निखिल कुमार यूनिसेफ, डायरेक्टर डीआरडीए, जिला समन्यक सुधीर कुमार, जिला सलाहकार जितेंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार और अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-05/2025-26

पत्रांक –614 गढ़वा/दिनांक – 24/09/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सरकोनी (हौकाहा) मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य ग्राम–सरकोनी, पंचायत–सरकोनी, प्रखण्ड– काण्डी, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 24,14,448.22 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 04.10.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.10.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 17.10.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 18.10.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e-Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

PR.NO.362832 Minor Irrigation(25-26):D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

संपादकीय

## लालू परिवार में अंर्तकलह

बिहार में विधानसभा चुनाव से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार के बीच जिस तरह से अंर्तकलह मची है, उसका चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर कितना प्रभाव पड़ेगा, यह सवाल अब गंभीरता से पूछा जाने लगा है। वैसे भी राज्य में महागठबंधन में शामिल पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर घमासान पहले ही से है, उस पर यह पारिवारिक विवाद सार्वजनिक रूप लेता जा रहा है, यह राजनीतिक दृष्टि से लालू परिवार के लिए अच्छा लक्षण नहीं है। लालू ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव को अपने उत्तराधिकारी के रूप में चुना है। राष्ट्रीय जनता दल के चेहरे के रूप में उन्हें ही प्रोजेक्ट किया जा रहा है। यही बात परिवार के बाकी सदस्यों को रास नहीं आ रही है। इस बार असंतोष तेजस्वी के करीबी और राजनीतिक सलाहकार सांसद संजय यादव को लेकर है। कहा जा रहा है कि संजय ने तेजस्वी को अपने शिकंजे में ले लिया है और बाकी के सदस्यों की अनदेखी की जा रही है। तेजस्वी के बड़े भाई तेजप्रताप ने तो पहले ही बगावत का झंडा बुलंद कर दिया था, अब उनकी एक और बहन रोहिणी आचार्य ने भी अपनी पीड़ा जताने के साथ साथ राजनीतिक महत्वाकांक्षा का इजहार भी परोक्ष रूप से कर दिया है। 2022 में अपने पिता को किडनी दान करने वाली रोहिणी ने 18 सितंबर को एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की पोस्ट को शेयर किया, जिसमें संजय यादव पर 'बिहार अधिकार यात्रा' के दौरान बस की अगली सीट पर बैठने का आरोप लगाया गया था। यह सीट आमतौर पर लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव जैसे शीर्ष नेताओं के लिए आरक्षित होती है। पोस्ट वायरल होने के बाद रोहिणी ने दलित समुदाय के पूर्व विधायक शिव चंद्र राम जैसे हाशिए पर पड़े नेताओं की तस्वीरें शेयर कीं, जो उसी सीट पर बैठे दिख रहे थे। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव जी द्वारा सामाजिक-आर्थिक न्याय के लिए चलाए जा रहे अभियान का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े वंचित वर्ग को आगे लाना रहा है। इन तस्वीरों में इन्हीं वर्गों से आने वाले लोगों को आगे बैठे देखना सुखद अनुभव है। '19 सितंबर को रोहिणी ने सिंगापुर में किडनी दान के दौरान ऑपरेशन थिएटर ले जाते समय की पुरानी तस्वीर शेयर की और लिखा कि मुझे किसी पद की लालसा नहीं है, न ही कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा। मेरे लिए मेरा स्वाभिमान सर्वोपरि है।' सूत्रों के अनुसार, रोहिणी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती थीं, लेकिन तेजस्वी ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। दरअसल रोहिणी आचार्य का सोशल मीडिया पर संजय यादव के खिलाफ नाराजगी जताना और फिर परिवार को अनफॉलो करना कोई साधारण घटना नहीं है। राजनीतिक नजरिए से यह विवाद आजेडी के लिए डबल खतरा है। पहला-चुनावी सीजन में परिवार की फूट विपक्ष के लिए हथियार बनेगी। नीतीश कुमार और बीजेपी इसे तेजस्वी की नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े करने के लिए भुनाएंगे। दूसरा-पार्टी के पुराने नेता और कार्यकर्ता, जो पहले ही संजय यादव के 'सुपर पावर' से खिन्न बताए जाते हैं, अब खुलकर बगावती तेवर दिखा सकते हैं। दरअसल तेजस्वी को लेकर उनका परिवार ही उनके खिलाफ बंटा हुआ दिखे तो उनकी युवा छवि कमजोर पड़ सकती है। संजय यादव का बढ़ता दखल तेजस्वी के लिए दोहरी चुनौती है-एक तरफ परिवार की नाराजगी और दूसरी तरफ विरोधियों के हमले। दूसरे, अगर रोहिणी की कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं है तो फिर सोशल मीडिया पर यह सब डालने की जरूरत ही क्या थी? यदि समय रहते लालू प्रसाद यादव ने मामले को नहीं सुलझाया तो यह पारिवारिक विवाद गंभीर रूप धारण कर सकता है।

# आजम की चुप्पी से बढ़ा सियासी पारा

**कद्दावर नेता आजम खान 23 माह के बाद जेल से बाहर आ गये। रिहाई के बाद उन्होंने अभी तक मुंह नहीं खोला है, लेकिन आजम को लेकर राजनीति के गलियारों में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कोई उनके बहुजन समाज पार्टी के साथ तो कोई ओवैसी के साथ जाने की बात कह रहा है। उधर, समाजवादी पार्टी आजम की रिहाई पर मुखर होकर खुशियां नहीं मना रही है, इससे लगता है कि अब आजम खान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के लिए प्रासंगिक नहीं रह गये हैं। इसकी वजह भी है आजम एक कट्टर मुस्लिम नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। उधर, बीजेपी हिन्दू वोटरों को एकजुट करने में लगी है, ऐसे में आजम की कट्टर छवि के चलते उनको साथ लेने पर समाजवादी पार्टी को गैर मुस्लिम वोट बैंक छिड़कने की संभावना रहती है। इसी से बचने के लिये आजम खान से समाजवादी पार्टी थोड़ी दूरा बनाकर चल रही है।**

अजय कुमार

आजम खान के पास रिहाई के बाद सपा से दूरी बनाकर अपनी राजनीति चमकाने के और कौन कौन से विकल्प बचे है, इस पर बारीकी से नजर दौड़ाने पर जो तस्वीर उभर कर सामने आती है। वह कुछ इस प्रकार की हो सकती है। करीब दो साल बाद आजम खान की रिहाई के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गयी है। तेईस महीनों तक जेल की सलाखों के पीछे रहकर बाहर आये आजम खान ने बाहर आते ही खामोशी अख्तियार कर रखी है। यह खामोशी अपने आप में बहुत गहरी है, क्योंकि एक ओर जहां उनके समर्थक यह इंतजार कर रहे हैं कि वह कोई राजनीतिक संकेत देंगे, वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी में उनके लिये ठंडी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी आजम की रिहाई पर कोई बड़ा बयान नहीं दिया, न ही पार्टी ने ढोल नगाड़ों के साथ इस अवसर को राजनीतिक उत्सव बनाया। इस स्थिति को देखकर यह सहज अंदाज लगाया जा सकता है कि आजम खान अब समाजवादी पार्टी की राजनीति में पहला विकल्प नहीं रह गये हैं।

गौरतलब हो, आजम खान ने अपनी लंबी राजनीतिक यात्रा के दौरान यह छाप बनाई है कि वह एक बेहद मजबूत, कट्टर और मुखर मुस्लिम नेता हैं। रामपुर से लेकर लखनऊ तक उनके भाषणों और उनकी पहचान हमेशा अल्पसंख्यक राजनीति से मजबूती से जुड़ती रही है। इसी वजह से जब भी मुस्लिम वोट बैंक को लामबंद करने की चर्चा होती है, तो आजम खान का नाम सबसे ऊपर आता है। मगर उत्तर प्रदेश की मौजूदा राजनीति में सपा की रणनीति मुस्लिम समेत अन्य जातियों को साथ लाकर सत्ता पर वापसी की है। भाजपा लगातार हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण कर रही है। ऐसे समीकरण में पार्टी के लिये आजम खान की कट्टर मुस्लिम नेता वाली छवि कहीं न कहीं चुनौती बन सकती है, क्योंकि भाजपा इस छवि को कठघरे में खड़ा कर गैर मुस्लिम वोटरों को अपने पास पूरी तरह खींचने की कोशिश करेगी। ऐसे में यह




सवाल उठता है कि अब जेल से बाहर आये आजम खान अपनी राजनीति किस दिशा में ले जाते हैं। अगर समाजवादी पार्टी ने उनसे दूरी बना ली, तो उनके पास रणनीतिक तौर पर कौन कौन से नए रास्ते बचते हैं।

सबसे पहला रास्ता बहुजन समाज पार्टी की ओर जाता दिखता है। बसपा की मौजूदा राजनीति मुस्लिम और दलित के गठजोड़ पर टिकी हुई है। मायावती लगातार इस फार्मूले को आगे रखने की कोशिश कर रही हैं। मगर बसपा के पास वह तेजतर्रार मुस्लिम चेहरा नहीं है जो आजम खान जैसे कद्दावर नेता की सियासी ताकत को दर्शा सके। ऐसे में यदि आजम मायावती के साथ कदम मिलाते हैं, तो बसपा को लाभ मिल सकता है और आजम को भी अल्पसंख्यकों के बीच अपनी जमीन मजबूत करने का प्लेटफार्म मिल जायेगा। दूसरा रास्ता असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन का है। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत की राजनीति में मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की लगातार कोशिश की है। मगर उनकी पार्टी अभी तक यहां बहुत बड़ी सफलता हासिल नहीं कर पाई है। अगर आजम खान जैसे नेता ओवैसी के साथ आते हैं, तो मुस्लिम राजनीति को एक नया स्वरूप मिल सकता है। रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर जैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में यह गठजोड़ असर दिखा सकता है। हालांकि इसके साथ यह भी सच है कि अगर आजम खान पूरी तरह मुस्लिम राजनीति में केंद्रित हो जाते हैं, तो उन्हें व्यापक गठजोड़ का हिस्सा बनने से दूरी झेलनी पड़ सकती है। तीसरा विकल्प यह है कि आजम खान अपनी अलग राजनीतिक पार्टी खड़ी करें। उत्तर प्रदेश में कई नेताओं ने यह रास्ता अपनाया है, लेकिन बहुत कम को सफलता मिली है। मुलायम सिंह यादव, कांशीराम और मायावती जैसे नेताओं ने अलग मंच लेकर बड़ा विस्तार किया, पर इसके लिये व्यापक जनाधार और संगठनात्मक क्षमता की ज़रूरत होती है। आजम खान के पास रामपुर और उसके आसपास प्रभावशाली जनाधार है, लेकिन पूरे प्रदेश में उन्हें एक व्यापक समर्थन खड़ा करने की चुनौती होगी। हालांकि अगर वह यह कदम उठाते हैं, तो यह मुस्लिम राजनीति के लिहाज से एक बड़े प्रयोग जैसा होगा। इसके अलावा चौथा मार्ग हुये गठबंधन की राजनीति हो सकता है। आजम न तो अकेले बसपा में शामिल हों, न ही ओवैसी की पार्टी में समा जायें, बल्कि इन सबके बीच गठजोड़ का सूत्रधार बनें। मुस्लिम राजनीति के दल और कुछ छोटे नेताओं को वे मिलाकर एक साझा मंच खड़ा कर सकते हैं। इस तरह वह न सिर्फ अपने भविष्य को सुरक्षित करेंगे, बल्कि प्रदेश की सत्ता समीकरणों में महत्वपूर्ण कारक भी बन सकते हैं। वहीं यह भी हो सकता है कि आजम खान सक्रिय राजनीति से दूरी बनाकर खुद को एक बड़े मार्गदर्शक की भूमिका में ढालें और अपने बेटे को राजनीति में स्थापित करें। आजम की उम्र अब उस पड़ाव पर है जहां लंबे संघर्ष के बाद एक वरिष्ठ नेता के रूप में वह अपनी परंपरा और अनुभव को युवा चेहरों तक पहुंचा सकते हैं। मगर आजम खान की अब तक की राजनीति को देखकर लगता है कि वह इतनी जल्दी राजनीतिक जीवन से संन्यास नहीं लेंगे। वैसे एक विकल्प कांग्रेस के साथ जाने का भी है, उसके साथ जाकर आजम इंडिया गठबंधन के हिस्सेदार बन सकते हैं।

आजम की खामोशी, दरअसल बहुत कुछ बयां कर रही है। जेल से बाहर आने के बावजूद उन्होंने तुरंत कोई राजनीतिक बयान नहीं दिया। यह हो सकता है कि वह देखना चाह रहे हों कि समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की तरफ से उन्हें किस तरह का संकेत मिलता है। अगर सपा लंबे समय तक खामोश रहती है, तो वह मजबूर होकर नया रास्ता तलाश सकते हैं। वर्तमान दौर में उत्तर प्रदेश की राजनीति मुख्यतः भाजपा और सपा के बीच सीमित होकर रह गयी है। मायावती की पार्टी कमजोर हुई है और कांग्रेस प्रभावहीन। ऐसे में आजम खान अपने विकल्पों को जिस दिशा में ले जायेंगे, वह सिर्फ उनकी ही राजनीति तय नहीं करेगी, बल्कि प्रदेश के चुनावी समीकरणों पर भी असर डालेगी। अगर वह सपा से दूर होकर नया रास्ता अपनाते हैं, तो भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठजोड़ की मजबूती या कमजोरी दोनों में उनकी भूमिका अहम रहेगी। फिलहाल, आजम खान की रणनीति इंतजार और नजर रखने वाली लग रही है। वह यह समझना चाह रहे हैं कि मौजूदा समय में कौन सा रास्ता उन्हें ज्यादा सियासी फायदा देगा और उन्हें उनकी पुरानी सियासी ताकत दिला सकता है। अगले कुछ महीनों में यह साफ हो जाएगा कि आजम खान किस राह पर चलेंगे, लेकिन इतना तय है कि उनकी मौन साधना ने प्रदेश की राजनीति को एक नई बेचैनी और चर्चा का विषय जरूर दे दिया है।

अध्यात्म

## क्रोध और लालच से बचें, वरना कभी शांति नहीं मिलेगी



प्रचलित लोक कथा के अनुसार पुराने समय एक धनवान सेठ था। उसके पास सुख-सुविधा की सभी चीजें थीं, घर-परिवार में भी कोई परेशानी नहीं थी, लेकिन वह हमेशा अशांत रहता था। एक दिन वह अपने नगर से प्रसिद्ध के संत के पास गया। सेठ ने संत को अपनी समस्या बताई और कहा कि महाराज मुझे कोई ऐसा उपाय बताइए, जिससे मेरे मन को शांति मिले।

सेठ की बात सुनते ही साधु वहां से उठे और आश्रम के बाहर के आ गए। सेठ भी संत के पीछे-पीछे चल दिया। बाहर आकर साधु ने कुछ लकड़िया उठाई और एक जगह पर उन लकड़ियों को जला दिया।

संत थोड़ी-थोड़ी देर में आग में एक-एक लकड़ी डाल रहे थे। सेठ ये सब देख रहा था। कुछ ही देर में आग बहुत तेज हो गई, इसके बाद संत वहां से उठे और आश्रम में अपनी जगह पर आकर बैठ गए, पीछे-पीछे सेठ भी आ गया।

सेठ ने संत से फिर कहा कि महाराज मेरी समस्या का कोई हल बताएं। संत ने कहा कि सेठजी मैंने अपनी आपकी ही समस्या का हल बताया है, लेकिन आप समझे नहीं। सेठ को आश्चर्य हुआ, उसने कहा कि मैं कुछ समझा नहीं।

संत ने कहा कि सेठजी हर व्यक्ति के अंदर एक आग होती है। अगर हम इस आग में प्रेम की आहूति डालेंगे तो हमारे मन को शांति मिलेगी, मन प्रसन्न रहेगा। जो लोग इस आग में क्रोध, लालच, मोह की लकड़ियां डालते हैं, वे हमेशा अशांत रहते हैं। इन बुरी आदतों की लकड़ियों से मन की अशांति बढ़ती है। अगर तुम शांति चाहते हो तो तुम्हें बुरी आदतों को छोड़ना पड़ेगा और सभी से निस्वार्थ प्रेम करना होगा। तभी मन की शांति मिलेगी।

इस कथा की सीख यही है कि जब हम अपनी बुराइयों का त्याग नहीं करेंगे, तब तक मन शांत नहीं होगा। क्रोध और लालच की वजह से मन में इधर-उधर के व्यर्थ विचार चलते रहते हैं। इनसे बचना चाहिए, तभी अशांति दूर हो सकती है।

# क्या खुद के चक्रव्यूह में उलझ चुका इस्लामी जगत

**कतर की राजधानी दोहा में हमास नेतृत्व को निशाना बनाकर 9 सितंबर को किए गए इज़राइली हवाई हमले के बाद पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है। सबसे अधिक आश्चर्य दुनिया को इस बात को लेकर है कि क़तर मध्य एशिया में अमेरिका का सबसे ख़ास सहयोगी देश है। क़तर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घनिष्टता का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अभी गत मई में ही क़तर के अमीर ने लगभग 400 मिलियन डालर अर्थात् लगभग 3,300 करोड़ रुपये का एक ऐसा बोइंग 747-8 लग्ज़री हवाई जहाज़ राष्ट्रपति ट्रंप को भेंट किया जो अमेरिका के वर्तमान एयर फ़ोर्स वन विमान के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा।**

तनवीर जाफ़री

क़तर अमेरिका का इतना ख़ास है कि आज विश्व का सबसे बड़ा अमेरिकी सैन्य अड्डा अल उदीद एयर बेस है जोकि क़तर की राजधानी दोहा से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहाँ 11,000 से भी ज़्यादा अमेरिकी सैनिक हर समय तैनात रहते हैं। यहीं अमेरिका का केंद्रीय कमांड भी है जिसके द्वारा वह इस पूरे क्षेत्र में सैन्य अभियान संचालित करता है। इसके अतिरिक्त अन्य कई सैन्य अड्डे इराक़, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात व कुवैत में भी हैं। इस तरह 18 मुस्लिम बहुल देशों में छोटे बड़े व अलग अलग सैन्य संचालन सुविधाओं से युक्त कई अमेरिकी सैन्य अड्डे मौजूद हैं। इन देशों में अमेरिकी सैन्य बेस का अर्थ है कि उन देशों को अमेरिका ने सैन्य सुरक्षा प्रदान की हुई है। और प्रायः ऐसे अधिकांश देश अपनी आंतरिक सुरक्षा का ढांचा तो ज़रूर रखते हैं परन्तु उनके पास पेशेवर सेना या सैन्य साज़ो सामान नहीं होते। इसी लिए 9 सितंबर को क़तर पर हुये हमले के बाद यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि विश्व का सबसे बड़ा अमेरिकी सैन्य अड्डा अल उदीद एयर बेस दोहा में होने के बावजूद दोहा में ही इस्राईली सेना ने हवाई हमले का सहस कैसे किया ? क्या इस्राईल ने अमेरिका की कोई परवाह नहीं की ? या अमेरिका को इस हमले की पूर्व सूचना दे दी गयी थी ?

अगर अमेरिका को इन हमलों का पता था तो उसने क़तर को समय पूर्व सूचित क्यों नहीं किया ? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि अमेरिकी एयर बेस होने के बावजूद अमेरिका क़तर की इसी तरह की सुरक्षा करेगा तो ऐसे सैन्य अड्डों का लाभ क्या ? और इसी से निकलता इस वक्त का सबसे अहम सवाल कि तो क्या क़तर सहित अमेरिकी सुरक्षा पर आश्रित सभी देशों को अपना 'सुरक्षा गार्ड' बदलने की ज़रुरत है ? या फिर इस्लामी जगत की एकजुटता और संयुक्त सैन्य आत्मनिर्भरता ही अकेला रास्ता है जो मुस्लिम जगत को अमेरिकी - इस्राइली शिकंजे से मुक्त करा सकता है ?

दरअसल 9 सितंबर को दोहा पर इस्राइली हमले के बाद गत 15 सितंबर को दोहा में अरब-इस्लामी शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसी शिखर सम्मेलन में मिस्र ने यह प्रस्ताव पेश किया कि नाटो की संयुक्त सेना की ही तर्ज़ पर इस्लामी देशों की एक ऐसी संयुक्त सेना यानी अरब यूनिफ़ाइड आर्मी का गठन किया जाये जिसमें सेना, वायुसेना और कमांडो इकाइयों का तालमेल, प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक्स को एकीकृत किया जा सके। मिस्र के इस प्रस्ताव को ईरान, इराक़, सऊदी अरब, मोरक्को और अल्जीरिया जैसे देशों से समर्थन हासिल हुआ है। इस प्रस्तावित संयुक्त सेना का उद्देश्य यह है कि अगर किसी मुस्लिम देश पर हमला हो, तो सभी सदस्य मुस्लिम देश मिलकर जवाब दें। यह बल नौसेना, वायुसेना और ज़मीनी इकाइयों पर आधारित होगा, जिसमें कमांडो, आतंकवाद-रोधी और शांति रक्षा इकाइयां शामिल होंगी। इस



तरह का प्रस्ताव कोई पहली बार नहीं आया है। बल्कि इससे पहले 2015 में भी मिस्र ही ऐसा प्रस्ताव ला चुका है परन्तु उस पर न कोई अमल हुआ न ही पुनर्विचार।

परन्तु अब इस्राईल द्वारा गाज़ा में किया जा रहा जनसंहार, उस पर अमेरिका सहित पूरी दुनिया की ख़ामोशी और इसी ख़तरनाक ख़ामोशी की आड़ में इस्राईल द्वारा मध्य एशिया में अपने पांव पसारते हुये अपने ग्रेटर इस्राईल नापाक मंसूबों पर तेज़ी से आगे बढ़ने की योजना ने इस्लामी जगत को यह सोचने के लिये बाध्य कर दिया है कि यदि उन्होंने अपने को यथाशीघ्र एकजुट नहीं किया तो कहीं ऐसा न हो कि आने वाले समय में एक एक कर सभी मुस्लिम राष्ट्रों को अमेरिका इस्राईली की ऐसी ही साज़िश का शिकार होना पड़े ? दुनिया को इस चाल को भी समझने की ज़रुरत है कि पूरे विश्व में लोकतांत्रिक व्यवस्था की वकालत करने वाले अमेरिका को इस्लामी जगत के शाहों,बादशाहों व प्रिंस के शासन से कोई आपत्ति नहीं होती। इस पूरे कुचक्र का कारण यह है कि यह पूरा मध्य एशिया क्षेत्र तेल सम्पन्न इलाक़ा है और अमेरिकी इन तेल संसाधनों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना नियंत्रण रखना चाहता है। अपने इसी उद्देश्य के तहत वह इस क्षेत्र में शिया वर्चस्व का भय दिखाकर ईरान के साथ अन्य अरब देशों को एकजुट भी नहीं होने देता। परन्तु ईरान ने 1979 में हुई इस्लामी क्रांति के बाद तथा पहलवी शासन का अमेरिकी समर्थित राजतंत्र उखाड़ फेंकने के बाद न केवल अपने तेल भंडारों को अमेरिकी गिद्ध दृष्टि से सुरक्षित किया बल्कि स्वयं को शिक्षा,विज्ञान,शोध व सैन्य यहाँ तक कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी इतना मज़बूत किया कि पिछले दिनों दुनिया भर में अपनी आक्रामकता दिखने वाले इस्राईल को ईरान के सामने घुटने टेकने पड़े। यहाँ तक कि अपने ऊपर हुये अमेरिकी हवाई हमले का बदला लेकर भी ईरान ने यह साबित कर दिया कि ईरान अन्य अमेरिकी पिछलग्गू अर्ब देशों से बिल्कुल भिन्न सोच व नीति रखने वाला लोकतांत्रिक देश है। ईरान ने उन कठिन परिस्थितियों में स्वयं को इतना मज़बूत किया जबकि अमेरिका ने दशकों से ईरान पर अनेक प्रतिबंध लगा रखे हैं। ईरान ने यह साबित कर दिया है कि अमेरिकी चाटुकारिता या ख़ुशामद परस्ती नहीं बल्कि नेक नीयती, मानवता, शिक्षा, संस्कार, वैज्ञानिक शोध तथा इनसे आने वाली एकजुटता व आत्मनिर्भरता ही किसी भी देश को व उसके स्वाभिमान को बचा सकती है। अन्यथा क़तर की ही तरह अन्य आने वाले दिनों में अमेरिकी पिछलग्गुओं को भी ऐसे ही संकटों का सामना करना पड़ेगा। परस्पर विश्वास की कमी के साथ साथ वैसे भी दशकों से अमेरिकी पर आश्रित बना बैठा अधिकांश इस्लामी जगत स्वरचित चक्रव्यूह में ही इतना उलझ चुका है कि उससे निकल पाना आसान नज़र नहीं आता।

## आज का कार्टून

सुप्रीम कोर्ट: AI- 171 विमान हादसे को सिर्फ पायलट की गलती कहना दुर्भाग्यपूर्ण




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिये अत्यन्त विशेष रहेगा। दूसरों के सामने अपने हितों को अनदेखा न करें। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृषभ**
रियल एस्टेट से जुड़े लोग किसी भी सौदे से पहले पूरी जाँच-परख कर लें। अनावश्यक कार्यों को अधिक समय देने के कारण आवश्यक कार्य छूट सकते हैं।

**मिथुन**
परिस्थितियाँ आपके लिये अत्यन्त अनुकूल हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा से लोगों को प्रभावित कर सकते हैं।

**कर्क**
व्यापार में नये लोगों से थोड़ा सम्भलकर सौदे करें। यदि कोई स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सक से परामर्श ले लें। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है।

**सिंह**
अचल सम्पत्ति के झगड़ों का निवारण होगा। कलात्मक विधाओं में आपकी रुचि बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता और सन्तुष्टि रहेगी।

**कन्या**
कोई महत्वपूर्ण कार्य आज अटक सकता है। यात्राओं के दौरान सावधानी रखें। बुरे लोगों की संगत के कारण धन हानि हो सकती है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ किसी महत्वपूर्ण कार्य की चर्चा कर सकते हैं। नया काम शुरू करने के लिये दिन बेहद अनुकूल है।

**वृश्चिक**
आज पुराने कर्जों से छुटकारा मिल सकता है। आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। अटके हुये कार्यों को आप दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**धनु**
भावनात्मक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे। व्यापार में दोगुनी वृद्धि हो सकती है। यदि नयी जॉब के लिये इन्टरव्यू दे रहे हैं तो सफलता मिलेगी। परिवार के सदस्यों का विशेष ध्यान रखें।

**मकर**
आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। व्यवसाय को लेकर परेशानी हो सकती है। ब्लडप्रेशर के रोगियों को समस्या होने की आशंका है। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

**कुंभ**
किसी सामाजिक कार्य के लिये आपकी प्रशंसा हो सकती है। नव-विवाहित लोग कहीं घूमने जा सकते हैं। मन में नये विचार उत्पन्न होंगे। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे।

**मीन**
दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। करियर को लेकर उत्तम अवसर प्राप्त हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। आपके सामाजिक यश में वृद्धि होगी।

# आपदा से निबटने का रिफाइनरी में हुआ रिहर्सल

## सायरन बजते ही हरकत में आए कर्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में आपदा से निबटने का मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही हेतु ऑनसाइट (रात्रिकालीन) मॉक ड्रिल का आयोजन था। यह ड्रिल एसआरयू इकाई के आउटलेट से विषाक्त गैस रिसाव की काल्पनिक परिस्थिति पर आधारित थी। यह अभ्यास पीएनजीआरबी तथा अन्य वैधानिक संस्थाओं के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया। जिसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन प्रणाली की प्रभावशीलता को परखना और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की क्षमता को और सुदृढ़ करना था। ड्रिल की शुरूआत रात्रि 11 बजकर 40 बजे हुई जब फायर अलार्म कंट्रोल पैनल से सूचना प्राप्त हुई। तत्पश्चात आपदा प्रतिक्रिया एवं प्रबंधन योजना लागू की गई। प्रथम सायरन बजाया गया। स्थिति का त्वरित आकलन कर ऑनसाइट आपदा सायरन बजाया गया। आपदा प्रतिक्रिया टीम ने अनुमोदित योजना के तहत कार्रवाई करते हुए स्थिति पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाया। इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश ने किया। इस अवसर पर संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना एवं कोर), मुख्य घटना नियंत्रक राजू मशाहारी मुख्य महाप्रबंधक (कोर ग्रुप) सहित अन्य आपदा समन्वयक, सीआईएसएफ, फायर एवं सुरक्षा दल के सदस्य उपस्थित रहे।




# एबीवीपी बरौनी इकाई का पुनर्गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** एपीएसएम कॉलेज बरौनी के सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई का बुधवार को पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम कुमार, विभाग संयोजक आलोक कुमार, विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी, जिला संयोजक कमल कश्यप एवं नगर मंत्री प्रियांशु कुमार ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। नगर मंत्री प्रतिवेदन एवं स्वागत भाषण के उपरांत उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री पुरूषोत्तम कुमार ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद की पहचान कार्यकर्ताओं एवं उनके कार्य पद्धति के कारण है। देश के सभी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद की प्रचंड जीत छात्र शक्ति का विद्यार्थी परिषद से प्रभावित होना है। इसलिए छात्र-छात्रा संघ विचार से प्रेरित हो रहे हैं। विभाग संयोजक सह एलएनएमयू छात्र संघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के बीच विद्यार्थी परिषद सर्वाधिक लोकप्रिय है। विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद बेगूसराय जिले में 30000 से अधिक सदस्यता कर एक प्रतिमान स्थापित किया है। जिला संयोजक कमल कश्यप सह नगर मंत्री प्रियांशु कुमार ने कहा कि विगत वर्ष हम लोगों ने काफी मजबूती के साथ कार्य किया है आगे भी मजबूती के साथ छात्र-छात्राओं के समस्याओं के समाधान हेतु संघर्ष करेंगे। छात्र सम्मेलन सह बरौनी इकाई पुनर्गठन कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के हसनपुर बागर से 02 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि हसनपुर बागर में नाथों सिंह का पुत्र राम विनय सिंह अपने घर पर देसी चुलाई शराब की बिक्री कर रहा है। पुअनि पूनम कुमारी साहा को दलबल के साथ सूचना स्थल पर सत्यापन हेतु भेजा गया। सूचना स्थल पर उसके घर तथा पीछे छापामारी उनके द्वारा किया गया। छापामारी के क्रम में घर से उजले रंग के 5 लीटर के जार में 02 देसी चुलाई के साथ राम विनय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कांड अंकित कर उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डंडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वस्थ नारी समृद्ध परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित अभियान के तहत अब तक 5 हजार से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। उक्त कार्यक्रम डंडारी पीएचसी सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिर कटरमाला, मोहब्बा, तेतरी आदि सहित कुल 11 स्थानों पर शिविर लगाकर महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान शिविर में गर्भवती महिलाओं का एएनसी चेकअप, हीमोग्लोबिन स्तर, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, टीबी सहित अन्य रोगों की जांच की गई। साथ ही परामर्श भी दिया गया। इस अभियान को सफल बनाने में ड. रीमा राय, ड. नीरज कुमार, ड. रतीश रमन, सीएचओ रोहित कुमार, नेहा कुमारी, एएनएम अनीता कुमारी, राखी कुमारी, सुमन सौरव, रजनी कुमारी, फार्मासिस्ट अनिल पासवान एवं एलटी मुकेश कुमार की अहम भूमिका रही।

### वारंटी गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बांक गांव से डंडारी पुलिस ने एक गैर जमानतीय वारंट को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पूर्व की मामले में फरार गैर जमानतीय वारंट को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार वारंटी की पहचान डंडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बांक गांव के वार्ड संख्या 6 निवासी विंदेश्वरी यादव का पुत्र छत्तीश यादव के रूप में बताया गया। वहीं उन्होंने कहा कि उक्त वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर न्यायालय से आदेश जारी किया गया था। जिसके आलोक में अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत के लिए बुधवार को बेगूसराय भेज दिया गया।

### पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनी

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सालेहचक पंचायत के बरबीघी गांव में गुरुवार को भाजपा व जदयू कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी।कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर चर्चा किया एवम उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।एवम एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व बांटकर खुशियां मनाई। मौके पर जदयू जिला महासचिव मृत्यंजय कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार, पंचायत अध्यक्ष अमर कुमार, सुमन कुमार, गणपति महतों पटेल, देवेन्द्र कुमार सिंह, जीतू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के दो वारंटी को वीरपुर थाना की पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 13/08 के वारंटी थाना क्षेत्र के सहूरी गांव निवासी स्व अनुज सहनी के पुत्र सियाराम सहनी एवं रेल बरौनी कांड संख्या 09/05 के वारंटी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी स्व कबीर मियां के पुत्र मोहम्मद शारीद को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायालय के माध्यम से गुरुवार को जेल भेज दिया गया है।

### स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यालय, स्कूल तथा पंचायत भवन पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ चिरंजीव पांडेय के नेतृत्व में पंचायत भवन परिसर नावकोठी, बीईओ अनिल कुमार चौधरी के नेतृत्व में बीआरसी भवन, गर्ल्स मिडिल स्कूल नावकोठी, एपीएस2 स्कूल नावकोठी, पंचायत भवन रजाकपुर में कर्मी तथा शिक्षकों ने स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। श्री पांडेय ने कहा कि स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने की आवश्यकता है। इससे आसपास का परिवेश साफ रहेगा। इससे बीमारियां फैलाने वाले जीवाणु, विषाणु नहीं पनपेगें।जिससे हम सभी स्वस्थ रहेगें। मौके पर बीपीआरओ निधि प्रिया,हेडमास्टर विभाकर कुमार, गणेश झा, कुंदन कुमार, अमित कुमार, गंगा विष्णु प्रसाद यादव, स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, अशोक कुमार ठाकुर, लूटन पासवान आदि ने शिरकत किया।

### नाली बहाने के विवाद में चार घायल

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जागीर मोहल्ला वार्ड-21 में बुधवार की शाम नाली का गंदा पानी बहाने को लेकर मामूली विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। पड़ोसियों के बीच कहासुनी के बाद एक दर्जन से अधिक दबंगों ने पड़ोसी परिवार पर हमला कर चार लोगों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले छत्तीस राम, बत्तीस राम और मानिक राम अपने घर के बाथरूम का गंदा पानी आए दिन पड़ोसी के घर के आगे बहाते हैं। इसका विरोध करने पर बुधवार की देर शाम को पहले दो महिलाओं के बीच कहासुनी हुई। बात बढ़ने पर दबंगों ने पड़ोसी परिवार पर हमला बोल दिया। घायल चंदन कुमार और चंद्रप्रकाश ने बताया कि वे दोनों अपने पिता शिव शंकर महतो उर्फ गेनौरी के सहयोग से मेन बाजार न्यू मार्केट में चाय की दुकान चलाते हैं।

# लग्जरी कार से पांच लाख की शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** आगामी विधानसभा व दशहरा पर्व के पूर्व मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर को बड़ी उपलब्धि मिली है। बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के लग्जरी कार से 180 एमएल के 1920 पीस टेट्रापैक विदेशी शराब बरामद कर एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अश्वनी कुमार झा पूर्णिया जिला के खजांची थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा नगर का निवासी है। बरामद शराब की कीमत करीब पांच लाख रुपये की आंकी जा रही है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली की एक महिंद्रा कार से भारी मात्रा में बिदेशी शराब उत्तर प्रदेश से दानापुर ले जायी जा रही है। निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम को गुरुवार की अहले सुबह गीधा थाना क्षेत्र के बक्सर-पटना फोरलेन पर कायमनगर ओवर ब्रिज के पास महत्वपूर्ण सफलता मिली। वाहन जांच के दौरान शक के आधार पर एक महिंद्रा एक्सयूवी कार को रोका। कार की तलाशी करने पर कार के अंदर से 345.600 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ। शराब उत्तर प्रदेश से दानापुर ले जाया जा रहा था। छापेमारी टीम में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा व सोनाली कुमारी, मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# हिन्दी पखवारा के तहत प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी परियोजना द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत शंकर साह विक्रमशिला महाविद्यालय के छात्रों के हेतु विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एनटीपीसी के कहलगांव परियोजना में 14 से 29 सितम्बर तक मनाये जा रहे हिन्दी पखवाड़ा के क्रम में गुरुवार को स्थानीय शंकर साह विक्रमशिला महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं हेतु राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता, हिन्दी भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भास्कर गुप्ता, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही विकेश कुमार, उप प्रबंधक (मानव संसाधन), अश्वनी कुमार, सहायक अधिकारी (मानव संसाधन ऽ राजभाषा हिन्दी), नितेश कुमार, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं रणधीर चौधरी भी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिन्दी की महत्ता, राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका तथा डिजिटल युग में हिन्दी की प्रासंगिकता पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिन्दी के प्रयोग, उसकी चुनौतियों और संभावनाओं को रचनात्मक शैली में अभिव्यक्त किया। वहीं, राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता ने छात्रों की भाषा और साहित्य संबंधी समझ का आकलन किया, जिसमें उनकी गहरी रुचि देखने को मिली। मुख्य अतिथि भास्कर गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और एकता का आधार है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे गर्व के साथ हिन्दी का प्रयोग करें और आधुनिक तकनीक तथा शिक्षा के क्षेत्र में इसे और अधिक सशक्त बनाएँ। अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।




# अंचलाधिकारी ने कराया सरकारी भूमि को मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के सरहिला गांव में बृहस्पतिवार को अंचलाधिकारी वीणा भारती के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान बिहार सरकार की अनावाद (सरकारी भूमि) को स्थानीय व्यक्तियों द्वारा किए गए अतिक्रमण से मुक्त कराया गया कार्रवाई में विशेष रूप से रमाकांत सिंह पिता स्व. देवचंद सिंह एवं तीन अन्य व्यक्तियों के कब्जे से भूमि को मुक्त कराया गया। बताया जाता है कि ये लोग लंबे समय से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निजी उपयोग में ले रहे थे अंचलाधिकारी बिणा भारती ने सख्त रुख अपनाते हुए मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जमीन आमजनहित एवं विकास कार्यों के लिए सुरक्षित रखी जाती है, ऐसे में उस पर निजी कब्जा अवैध और गैरकानूनी है कार्रवाई के दौरान शिवाजीनगर थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी भारी संख्या में बल के साथ मौजूद रहे, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। पुलिस की उपस्थिति में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखते हुए पूरी कार्रवाई संपन्न कराई गई ग्रामीणों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि अतिक्रमण हटने से गांव में साफ-सुथरी व्यवस्था बनी है तथा सरकारी योजनाओं को लागू करने का रास्ता आसान हुआ है अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों को चेतावनी देते हुए अपील की कि वे भविष्य में सरकारी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# बिजली बोर्ड ने कैंप लगाकर लोगों को दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड परिसर में बिजली समस्या समाधान हेतु गुरुवार को कैम्प लगाया गया। इसमें मुख्यमंत्री द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट फ्री से होने वाले फायदे को बताया गया। इससे उपभोक्ताओं में बिजली खपत कम करने की आदत हो जाएगी। इससे बिजली ऊर्जा खपत में कमी लाकर उस बचत को अन्य आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति में लगा सकेंगे। इसमें 15 उपभोक्ताओं ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन किया। दो शिकायतों को ऑन स्पॉट निराकरण किया गया। बेगमपुर के रोहित पासवान ने जले मीटर को रिप्लेस करने तो प्राइमरी स्कूल बेगमपुर के एचएम ने स्कूल में स्मार्ट मीटर लगाने, पहसारा के बिन्दू शर्मा, नावकोठी के गणेश राम, रामसागर महतो, रजाकपुर के सकल देव पासवान ने बढे बिजली बिल के संशोधन हेतु आवेदन किया। वही हसनपुर बागर के मो चांद, मो तौफीक, मजनूपुर के संजीत कुमार, चक्का के मायाराम साह ने ट्रांसफार्मर में आयी तकनीकी कठिनाई को दूर करने का आवेदन किया। मौके पर जेई विमल कुमार साहा, कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार, लाइन मैन राम नरेश राय, अनमोल कुमार, चंदन कुमार, श्याम कुमार आदि मौजूद थे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श आज भी मार्गदर्शक : जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा सर्वे ऑफिस कार्यालय प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी 'मन्ना' जी के नेतृत्व में एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश महासेठ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी 'मन्ना' ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के आदर्श आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। जिलाध्यक्ष मुकेश महासेठ ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है और उनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाना था।

जिला महामंत्री सूरज चौधरी ने कहा कि उपाध्याय जी का 'अंत्योदय' का सिद्धांत युवाओं को राष्ट्रहित और समाजसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में अनुराग झा, जिला उपाध्यक्ष प्रियांशु झा, अमित बिहारी, रवि चंद्रवंशी, जिला मंत्री नितिन झा, अमरजीत महासेठ, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक संतोष सिंह, जिला मंत्री अभिजीत साहू, अरुण कुशवाहा, सृष्टि मिश्रा, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** भारतीय जनता पार्टी शिवाजीनगर पश्चिम मंडल की ओर से पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबली की अध्यक्षता में उनके आवास पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। कार्यकर्ताओं ने उनके एकात्म मानववाद के विचारों को स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया इस अवसर पर रोसड़ा विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक नवीन कुमार सिंह, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रमाकांत सिंह, तथा युवा मोर्चा महामंत्री दिनेश कुमार उर्फ गोलू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, राष्ट्र सेवा और वैचारिक दृढ़ता का अनुपम उदाहरण है मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबली ने कहा कि पंडित उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को एकात्म मानववाद की नई दिशा दी। उनके विचार भाजपा के लिए हमेशा मार्गदर्शक सिद्धांत बने रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पंडित जी की सोच और आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संगठित होकर कार्य करें वक्ताओं ने कहा कि पंडित उपाध्याय का सपना था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचे। उनका आदर्श 'अंत्योदय' ही भाजपा की मूल विचारधारा का आधार है अंत में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे पंडित दीन दयाल उपाध्याय के विचारों को प्रचारित-प्रसारित करने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मिथिला ही नहीं पूरे भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक परंपरा के मजबूत स्तंभ : कुमार कपिलेश्वर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** इसमाद फाउंडेशन और राज हाई स्कूल पूर्व छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह की 167वीं जयंती समारोह गरिमा और भव्यता के साथ मनाई गई। समारोह की शुरुआत महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। खंडवाला राजवंश के कुमार कपिलेश्वर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि 1857 के संग्राम के बाद जब देश निराशा में था, तब महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह ने लोगों का मनोबल बढ़ाया। वे केवल मिथिला ही नहीं बल्कि पूरे भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक परंपरा के मजबूत स्तंभ थे। सिर्फ चालीस वर्ष का जीवन और इतने महान कार्य ये सिद्ध करता है कि वे वास्तव में पीपल्स ऑफ महाराजा थे। आज उनकी जयंती पर हम सब संकल्प लें कि उनके आदर्शों साहस, सेवा, शिक्षा और समाज-सुधार – को अपने जीवन में उतारेंगे। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डीसीई के प्राचार्य डॉ. संदीप तिवारी ने कहा कि महाराज ने अंग्रेजी शिक्षा ग्रहण कर उसे भारतीयों तक पहुँचाया और शिक्षा को जन-जन तक फैलाने का बीड़ा उठाया। पूर्व छात्र आशीष झा ने कहा कि महाराज शिक्षा को स्वतंत्रता की नींव मानते थे। उन्होंने गाँव-गाँव स्कूल खुलवाए और आई.सी.एस. में भारतीय युवाओं को प्रेरित कर शासन-प्रशासन में भागीदारी दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरीय पत्रकार गंगेश मिश्र ने कहा कि महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह ने अपने समय में शिक्षा, सामाजिक सुधार और राष्ट्रभक्ति को जिस स्तर पर पहुँचाया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की नई पीढ़ी को चाहिए कि महाराज के आदर्शों से सीख लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाए। उन्होंने इसमाद फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच ऐतिहासिक चेतना को जीवित रखने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। समारोह में राज हाई स्कूल के छात्र सोनू कुमार को ल्लडॉ. सुधीर झा मेमोरियल स्कॉलरशिप और अच्युत नारायण ठाकुर को श्री शंकर मिश्र मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप मोमेंटो, प्रमाण पत्र और नगद राशि प्रदान किया गया। पुरस्कार की राशि डॉ. सुधीर झा की पत्नी छाया झा और शंकर मिश्र के भतीजे तरुण मिश्रा द्वारा दिया गया। स्वागत भाषण मदन झा ने किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक संतोष चौधरी ने और धन्यवाद ज्ञापन राहुल कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ विद्यानाथ झा, अजय तिवारी, आशीष झा, मोहन भंडारी अभिनव सिन्हा, अभिषेक चौधरी, मोनु कुमार, आशीष कुमार अंशु, दिव्या सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और पूर्व छात्र मौजूद थे।




# स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वच्छता जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के मनरेगा सभागार में स्वच्छता कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वच्छता कर्मियों ने भाग लेकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हीमोग्लोबिन, वजन, आंखों की जांच सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। जांच के बाद आवश्यकतानुसार कर्मियों को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को समय-समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना एवं उन्हें बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना था इस मौके पर हेल्थ मैनेजर अमानुल्लाह ने बताया कि स्वच्छता कर्मी समाज की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत और सेवा से ही आम नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिलता है। ऐसे में उनकी सेहत का ख्याल रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि नियमित जांच से कर्मियों को शुरुआती स्तर पर बीमारियों की जानकारी मिल जाती है, जिससे उनका समय पर उपचार संभव हो पाता है शिविर में उपस्थित कर्मियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से होने चाहिए।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.–31 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.–04–डीडीयू–अधिशासी अभियन्ता–सेतु–25–26, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू डिवजीन में वरीय अनुभाग अभियन्ता/सेतु/डीडीयू के तहत गया–डीडीयू के बीच जीसी सेक्शन में 345 डाउन (एसपी–01 से 09), आर॰ओ॰बी॰/गया बो स्ट्रिंग गर्डर, 383 डाउन, 391 डाउन, 445 अप, 445 डाउन, 676 प्रतिवर्ती, 676 डाउन, का समय–समय पर पुलों की पेंटिंग। (ii) कार्य का अनुमानित लागतः ₹40,11,013.89 (iii) धरोहर राशि : ₹80,200/– (vii) ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 17.10.2025 12:00 बजे तक। (viii) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1019/डीडीयू/अभि./टी/25–26/36

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में प्रवेश कर रहा एक नाइजीरियन गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आव्रजन कार्यालय रक्सौल में पासपोर्ट सत्यापन के दौरान एक नाइजीरियन नागरिक को फर्जी दस्तावेज के साथ पकड़ा गया है। पकड़े गए युवक की पहचान हेनरी चिंगोजी ओमेकी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह गलत तरीके से पासपोर्ट बनवाकर भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। पासपोर्ट की गहन जांच-पड़ताल में दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर आव्रजन अधिकारियों ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आव्रजन अधिकारियों ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित एजेंसियों को दी। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### नहर में डूबे नेपाली युवक का शव बरामद

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कल दिन के वक्त कौडीहार चौक के पास नहर में छलांग लगाए बीरगंज नेपाल के नागरिक उमेश कानू का शव आज बरामद कर लिया गया। लोगों ने शव को आज कोइरिटोला निर्माणधीन पुल से थोड़ा आगे कैंब्रिज गर्ल्स स्कूल के पास नहर मे उपलाते देखा। जैसे ही इसकी खबर शव को नहर में खोजते एनडीआरएफ की टीम को मिली, तत्काल वे मौके पर पहुँच कर पानी में उपलाते शव को बाहर निकाला। मृत व्यक्ति नेपाल के परसा जिले के बहुदरमाई नगरपालिका वार्ड नं ५ भौराटार गाँव का रहने वाला बताया जा रहा है। रक्सौल पहुँच कर उक्त युवक ने अपने कपड़े उतारे, मोबाइल और अपने आईकार्ड को नहर के बगल में रखा और नहर में कूद गया। कोई भी वहां उपस्थित प्रत्यक्षदर्शी यह नही समझ सका कि उसने ऐसा क्यों किया। बाद में जब उसके घरवालों का इसकी सूचना यहाँ से दी गई तब वे बदहवास यहाँ पहुंचे। घरवालों के अनुसार वह घर से वृंदावन जाने को कह कर निकला था लेकिन रक्सौल पहुँच कर क्या बात हुई की उसने नहर मे छलांग लगा दी, वे नहीं समझ प रहें हैं।



### 149 अनुपस्थित कर्मियों से जिलाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग के द्वारा मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम कल दिनांक 23 सितंबर से सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। 23.09.2025 को 149 मतदान कर्मी अनुपस्थित पाए गए जिनसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा स्पष्टीकरण किया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि मतदान के कार्य में कोई भी शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मोतिहारी,सीएस डीएभी बनकट एवं डायट,छतौनी में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन नोडल/वरीय नोडल पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत एडीएम स्र्१ङ्क श्री शैलेंद्र कुमार भारती ने बताया कि संतोषजनक रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जारी है जो 05.10.25 को समाप्त होगा, तत्पश्चात दिनांक 06.10.25 से हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

### हिन्दी पखवारा के अंतर्गत 'हिन्दी हस्ताक्षर अभियान' का किया गया आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. श्री कृष्णा सिंह महिला महाविद्यालय और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के तरफ से हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत 'हिंदी हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन डॉक्टर श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय और मोतिहारी शहर के जाने माने मॉडर्न पब्लिक स्कूल में किया गया । इस हस्ताक्षर अभियान में बच्चों ने बहुत ही खुशी से हिंदी में अपना हस्ताक्षर किया । हिंदी भाषा के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की ।बच्चों में हस्ताक्षर करने को लेकर उल्लास का माहौल था ।सभी के चेहरे पर प्रसन्नता थी । अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर करने के लिए महाविद्यालय डॉ श्रीकृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी में हस्ताक्षर किया। मातृभाषा के महत्व को बनाए रखने में अपना योगदान दिया ।



### गहराता जा रहा डीजल चोरी के आरोपों का मामला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निगम में कथित डीजल घोटाले को लेकर विवाद गहराता गया है। सांसद के फेसबुक पोस्ट के बाद जहां महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने इसे निराधार बताते हुए मानहानि का मुकदमा दायर करने की चेतावनी दी। वहीं अब निगम के 27 पार्षदों का हस्तायुक्त आवेदन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों को प्रेषित किया गया है। पार्षदों ने सांसद के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया। आवेदन में उल्लेख है कि नगर निगम बोर्ड ने पहले ही इस मामले में तत्कालीन नगर आयुक्त शंभू कुमार और संबंधित पेट्रोल पंप के खिलाफ जांच की मांग की थी। पार्षदों ने सांसद पर राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग कर सच्चाई को दबाने का आरोप लगाया और निष्पक्ष जांच एजेंसी से पूरे मामले की जांच की मांग की। पार्षदों ने इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

### एक दिन, एक घण्टा, एक साथ के तहत चलां स्वच्छता अभियान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में शुक्रवार को 'एक दिन, एक घण्टा, एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। उप विकास आयुक्त सुमित कुमार की अगुवाई में समाहरणालय परिसर सहित जिले के सभी पंचायतों और प्रखंडों में सफाई कार्य किया गया। जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मियों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता, जन-भागीदारी और पर्यावरण अनुकूल समुदायिक उत्सवों को बढ़ावा देना है। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक 'स्वच्छोत्सव' थीम के तहत चल रहा है। इसके तहत गंदगी के स्थानों को चिह्नित कर साफ करना, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, बीमा और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना शामिल है। कार्यक्रम में निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अरुण प्रकाश, निदेशक एनईपी पुरुषोत्तम त्रिवेदी, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहित कई अधिकारी और स्वच्छता कर्मी शामिल हुए।



### विवाहिता को भगा ले जाने के मामले में प्राथमिकी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव से विवाहित महिला को शादी की नीयत से बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने के मामले में महिला की पति दिनेश कुशवाहा ने भंगहा थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि विते 10 सितंबर की रात में शौच के लिए घर से बाहर गई। लेकिन घर नहीं लौटी। बहुत खोजबीन करने पर पता चला कि गांव के धर्मेंद्र कुमार पंडित शादी की नियत उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इधर पीड़ित व्यक्ति ने आवेदन देकर धर्मेंद्र कुमार पंडित सुभाष पंडित उदय पंडित समेत 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पैसे के लेनदेन के विवाद में सात पर केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड थाना क्षेत्र के हाजमा टोला गांव में पैसे के लेनदेन के विवाद में सात पर केस दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता ने बताया कि अमबेया खातून के आवेदन पर ममताज शेख माला देवी प्रभावती देवी नितेश कुमार नीरज कुमार धीरज कुमार सहित पुरूषोतमपूर थाना के भलूवहीया गांव के अन्य तीन चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों का प्रदर्शन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया प्रखंड के सरिसवा पंचायत के बनकट मुसहरी दलित बस्ती में गुरुवार को ग्रामीणों ने बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने और बिजली आपूर्ति बाधित होने के खिलाफ प्रदर्शन किया। बीरेंद्र मांझी, गंगा मांझी, नथुनी मांझी, किशुन देव मांझी, रामायण मांझी, रामानंद साह, मुन्ना साह, दुर्योधन साह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर हर दो-तीन दिन में खराब हो जाता है।

# बीस सूत्री की बैठक में छाया रहा भ्रष्टाचार का मुद्दा



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय के ई किसान भवन के सभागार ने गुरुवार को बीस सूत्री अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद की अध्यक्षता में बीस सूत्री सदस्यों की बैठक हुई जिसका संचालन उपाध्यक्ष चंद्रभान मिश्रा ने किया उपस्थित सभी सदस्यों ने पंचायतों से जुड़े ।योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। फलस्वरूप स्वास्थ्य,नलजल,राशन कार्ड,कृषि,राजस्व सरक सहित कई समस्याओं पर सदस्यों ने अपनी बाते रखी।इस दौरान उपाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि भूमि संबंधित दाखिल खारिज, परिमार्जन में भारी लुट खसोट मचा हुआ है। साथ ही भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा जितने भी जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। उसको धरातल पर उतरने में सभी सदस्यों को सहभागी की जरूरी है। वहीं बीस सूत्री के सदस्य श्यामसुंदर प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित कुव्यवस्था पर सवाल उठाया सेविका द्वारा अवैध पैसा का डिमांड किया जाता है और बच्चों के मिलने वाली पोसा आहार समय पर नहीं दिया जाता है। साथ सरकार द्वारा बनाया गया भवन में बच्चों को न पढ़ाकर अपने निजी घरों में आंगनबाड़ी का संचालन किया जाता है। साथ ही बिजबनी पूर्वी पंचायत के कोईगावा गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने पर नाराजी जताई और कहा गया कि शीघ्र ही एक उपस्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध कराया जाए जिसे वहां के ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित सुविधा मिल सके। साथ ही प्रखंड में दर्जनों सड़क बनाने का कार्य शुरू किया गया है। जिसमें उजला पत्थर ठेकेदार द्वारा गिराया गया है। उजला पत्थर को सड़क बनाने में उपयोग नही होना चाहिए क्योंकि सड़क टिकाऊ नहीं होगी। उसके जगह पर कला पत्थर का उपयोग जरूरी है। इस दौरान बीडीओ श्याम कुमार ने कहा कि इन सभी समस्या का निदान जरूर किया जाएगा। वहीं बीस सूत्री के अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद ने साफ तौर पर कहा कि अभी चुनाव का समय है। सभी पदाधिकारीगण इसको ध्यान में रखते हुए सुधार करने की जरूरत है। मौके पर सुरेन्द्र प्रसाद, सुरेंद्रकुमार, प्रवीण कुमार, जितेंद्र कुमार, गंगाजली देवी, बीएओ रामकुमार आसवन, बीसीओ समीर कुमार, एमो निवेदिता कुमारी, शिवजी पासवान,राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार, डॉ रामनरेश कुमार सहित दर्जनों सदस्य और पदाधिकारी शामिल थे।

## अमित शाह आज चनपटिया में

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमीत शाह शुक्रवार को चनपटिया पहुंचेंगे। कुमारबाग स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के ऑडिटोरियम में भाजपा के कार्यकताओं को विधानसभा चुनाव को जितने का टिप्स देंगे। एक घंटे के विशेष कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में गृह मंत्री कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव की तैयारियों का फीडबैक लेंगे और रणनीति पर चर्चा करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में 10 संगठन जिलों के 294 कार्यकर्ता भाग लेंगे। इनमें सांसद, राज्यसभा सदस्य, विधायक, विधान परिषद सदस्य, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय सह-प्रभारी, जिला कोर कमेटी, जिला महामंत्री, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक और विधानसभा विस्तारक शामिल होंगे।

## युवा शक्ति को प्रोत्साहन : प्रतीक एडविन शर्मा ने भेंट किया सॉफ्ट मैट्रेस




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया विधानसभा क्षेत्र के कुड़ियाकोठी मैदान में खेल-कूद और सेना भर्ती की तैयारी में जुटे युवाओं की मेहनत को समर्थन देने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक एडविन शर्मा ने अपने निजी कोष से एक सॉफ्ट मैट्रेस भेंट किया। यह मैट्रेस युवाओं के प्रशिक्षण को सुरक्षित और प्रभावी बनाने में सहायक होगा।युवाओं को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा, युवा शक्ति राष्ट्र की रीढ़ है। यह छोटा-सा प्रयास आपके सपनों को साकार करने में मदद करेगा। उन्होंने युवाओं की मेहनत को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया और इस पहल को उनकी सफलता का एक कदम बताया। इस योगदान से स्थानीय युवाओं और अभिभावकों में उत्साह की लहर है। युवा राहुल कुमार ने कहा, यह मैट्रेस हमारी ट्रेनिंग को बेहतर बनाएगा और हमें प्रेरणा देगा कि हमारे सपनों को समर्थन देने वाले लोग हैं। चनपटिया के युवा खेल और सेना भर्ती के माध्यम से देश सेवा के लिए कृतसंकल्प हैं। श्री शर्मा का यह प्रयास युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय समुदाय ने उनके इस कार्य की सराहना की और इसे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बताया। युवा शक्ति, राष्ट्र शक्ति के नारे को चरितार्थ करते हुए यह पहल चनपटिया के युवाओं के लिए नई प्रेरणा का स्रोत बनी है।

# कृषि के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव से किसान खुशहाल : राधामोहन सिंह

**दो दिवसीय कृषि मत्स्य एवं पशुधन अंत्योदय मेला सह किसान सम्मान समारोह का आयोजन**




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दो दिवसीय कृषि, मात्स्यिकी एवं पशुधन अंत्योदय मेला सह किसान सम्मान समारोह का आयोजन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के तहत कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी द्वारा गुरुवार को अरेराज में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि गत दो दशकों में भारतीय कृषि क्षेत्र में यूपीए और एनडीए सरकारों के अंतर्गत दो भिन्न दृष्टिकोण देखने को मिले हैं । यूपीए के दौरान कृषि क्षेत्र की समग्रता, किसानों के आय को बढाने, कृषि कार्य में लागत मूल्य को करने और उसमें नवाचार तथा प्रौद्योगिकी के प्रयोग से सम्बंधित विषयों को लेकर कोई समझ नहीं नहीं थी । जबकि एनडीए सरकार ने समग्रता के भाव से योजनाओं का निर्माण किया है एवं बर्ड आई व्यू से उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया गया । साथ ही लक्षित समाज के लिए उसे हितकारी बनाया गया । किसान के हर श्रेणी को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई गई। उसके अपेक्षित परिणाम भी दिखने लगे हैं । आज सीमान्त किसानों के लिए ह्यकिसान सम्मान निधि उनके आत्मबल का साधन है। पीएम फसल बीमा योजना उनके जोखिमों को कम कर रही है। हर खेत को पानी का हमारा दशकों पुराना नारा दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना के माध्यम से सफल हो गया है। मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के प्रति अभूतपूर्व प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए वर्ष 2013-14 में यूपीए सरकार द्वारा आवंटित मात्र 18,981 करोड़ की तुलना में वर्ष 2025-26 के लिए 1,37,757 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया । जो सात गुना से अधिक की वृद्धि है। इस निरंतर बढ़ते वित्त पोषण के परिणामस्वरूप, बेहतर आधार भूत संरचना, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट, अनुसंधान तथा ग्रामीण रोजगार को प्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा मिला है। इस तरह बढ़ते वित्तीय आवंटन में 70% से अधिक उपयोगिता दर्ज की गई है। किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता के माध्यम से वित्तीय सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना शुरूआत किया गया। जिसके अंतर्गत पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6,000 तीन किस्तों में प्रदान किए जाते हैं। यह पारदर्शी एवं कुशल प्रणाली फरवरी 2025 तक 11 करोड़ से अधिक कृषक परिवारों को 3.46 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित किया गया है ।जिसकी संपूर्ण लागत केंद्र सरकार द्वारा दिया जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा प्रारंभ की गई किसान क्रेडिट कार्ड योजना यूपीए शासनकाल में स्थिर थी। जहां वर्ष 2012-13 में केवल 1.29 करोड़ सक्रिय खाते थे तथा वर्ष 2013-14 में संस्थागत कृषि ऋण 7.3 लाख करोड़ तक सीमित था। इसके विपरीत,मोदी सरकार ने इस योजना का व्यापक विस्तार करते हुए वर्ष 2023-24 तक सक्रिय खातों की संख्या को 7.75 करोड़ तक किया गया। जिससे परिचालन ऋण 10.05 लाख करोड़ तथा कुल संस्थागत कृषि ऋण 25.48 लाख करोड़ तक पहुँच गया। इस विस्तार ने किसानों को समयबद्ध, सुलभ एवं लचीले ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। जिससे वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ बल मिला। यद्यपि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण की व्यवस्था विद्यमान थी, किंतु कमजोर क्रियान्वयन के कारण किसानों को इसका सीमित लाभ ही मिल सका। बिना जमानत ऋण की सीमा केवल 1 लाख तक सीमित थी। इसके विपरीत मोदी सरकार ने इस सीमा को 2 लाख तक बढ़ाया और संस्थागत ऋण प्रवाह को अभूतपूर्व स्तर तक पहुँचाया गया। जो वर्ष 2014-15 में 8.5 लाख करोड़ से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ हो गया। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए ऋण उपलब्धता 57% से बढ़कर 76% तक पहुँच गई।

# शिक्षक गौरव सम्मान समारोह का किया गया आयोजन




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के राजा बाजार स्थित महात्मा गाँधी प्रेक्षागृह में गुरुवार को शिक्षक गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संचालन एमएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ० अरुण कुमार ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ० अतुल कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षक सम्मान का यह दूसरा फेज है। प्रथम फेज का आयोजन 6 सितंबर को हुआ था और तृतीय फेज के कार्यक्रम का आयोजन निकट भविष्य में किया जायेगा। जिसके बाद कार्यक्रम के संयोजक गुलरेज शहजाद ने कार्यक्रम का उद्देश्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज हम जो इस कार्यक्रम की परिकल्पना कर पाए इसमें भी किसी शिक्षक की ही भूमिका है, जिन्होंने हमें तराश कर इस लायक बनाया है कि इस मंच पर खड़ा हो सकूँ। अनील वर्मा ने कहा कि शिक्षक का बहुत बड़ा हिस्सा हैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के प्रो० (डॉ०) प्रसून दत्त ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो हमें मुक्त कर सके। हमारे ग्रन्थों में वर्णित है कि गुरु वह होता है जो अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दे। हमें ऐसा होना चाहिए कि हमारे व्यक्तित्व से लोग प्रभावित हो कर उसका अनुसरण कर सकें। उक्त कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक गौरव सम्मान समिति द्वारा किया गया था।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर किया गया सम्मान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन और सुभवंती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ड्रग इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार, सतीश सिंह, कन्हैया किशोर सिंह, एसोसिएशन के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विशाल कुमार मिश्र, कॉलेज के बोर्ड डायरेक्टर रवि कुमार और प्रभारी प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान ने किया। नागेंद्र कुमार ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो गुणवत्तापूर्ण दवाओं के साथ-साथ मरीजों को दवा के सही उपयोग के प्रति जागरूक करते हैं। विशाल कुमार मिश्र ने फार्मासिस्टों को समाज का नजदीकी स्वास्थ्य सेवक बताते हुए उनकी दशा-दिशा सुधारने और उचित सम्मान व अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में फार्मासिस्टों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

# एकमा विधानसभा क्षेत्र में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती





**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को एकमा विधानसभा क्षेत्र के सभी पांच मंडलों में भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक व संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एकमा नगर पंचायत में ब्लॉक रोड स्थित त्रिदेव मंदिर परिसर में नमो वन अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दर्जनों पौधे लगाए और संकल्प लिया कि वे उन्हें संरक्षित भी करेंगे। वहीं भरहोपुर गांव में नगर मंडल भाजपा की ओर से जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में मांझी पश्चिमी मंडल के अंतर्गत रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल, नचाप के सभाकक्ष में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संयोजक विजय देशबंधु पांडेउ उर्फ दही बाबा ने की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन और उनके एकात्म मानववाद के विचारों पर प्रकाश डाला। समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश कुमार सिंह, एकमा विधानसभा क्षेत्र के संयोजक बलवंत कुमार सिंह, विस्तारक टीकाराम गोंड, जितेंद्र मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विभूति नारायण तिवारी, विक्की सावन, वीरेश सिंह, अभय मिश्रा, वीरेश कुमार मिश्रा, संजय सिंह, मनीष सिंह, संजय तिवारी, रविन्द्र तिवारी सहित अनेक भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और कहा कि उनके विचार आज भी समाज व राष्ट्र निर्माण में प्रेरणास्रोत हैं। उधर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लहलादपुर मंडल के वनपुरा पंचायत के ताजपुर बिहारी मोड़ पर भाजपा के कार्यकर्ताओ द्वारा उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

## रेलवे तार चोरी के आरोप में तीन चोर सहित एक कबाड़ी व्यवसायी गिरफ्तार

**आधे दर्जन पर प्राथमिकी दर्ज**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कबाड़ी की दुकान से रेलवे की तार मिलने पर हड़कंप मच गई है इस सिलसिले में आदापुर बाजार के व्यवसायी श्री भगवान साह के दुकान पर रक्सौल आरपीएफ के जवानों ने छापामार कर भारी मात्रा में स्कैप बरामद किए, आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में उनके जवान रक्सौल से आदापुर पहुंचे इनके साथ सीआईबी के इंस्पेक्टर के के पासवान भी अभियान में शामिल थे जिन्होंने तीन किशोरों को पकड़ने के बाद उसके निशान देही पर कबाड़ी की दुकान पर छापा मारी की गई, तीनों शातिर चोर रक्सौल याड से रेलवे कोच के नीचे लगे कौपर तार की चोरी किये थे,इन चोरो के द्वारा बेची गई तार के साथ कबाड़ी व्यवसायी श्री भगवान साह भी पुलिस के हत्थे चढ़ गये, वहीं एक व्यक्ति गणेश साह मौका पाते भागने में सफल रहा, तीनों चोर आदापुर थाना क्षेत्र के रूनिया टोला गांव के राजेश कुमार दास के पुत्र रोहित कुमार, जितेंद्र साह के पुत्र सत्यम कुमार,अशरफ अंसारी के पुत्र समीर अंसारी के रूप में पहचान किया गया है अमन अंसारी पिता इब्राहिम अंसारी के पुत्र फरार है गिरफ्तार आरोपी के साथ ही साथ फरार हुए लोगों के खिलाफ रेल अधिनियम के तहत करीब आधे दर्जन लोगों कर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू हो गई है।



## स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान अंतर्गत गांधी मैदान, मोतिहारी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल,नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, महापौर श्रीमती प्रीति गुप्ता, उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद गुप्ता, निदेशक डीआरडीए जयराम चौरसिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीओ शिक्षा विभाग सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, समाहरणालय के कर्मीगण एवं बड़ी संख्या में स्वच्छताग्रही शिरकत किए।कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी के द्वारा गांधी मैदान की सफाई में हिस्सा लिया गया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम विगत 17 सितंबर से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में चलाया जा रहा है जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें भिन्न भिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गांधी मैदान में सभी पदाधिकारीगण,जन प्रतिनिधिगण एवं स्वच्छतागही के द्वारा बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया है।

## स्वच्छता अपनाकर बन सकता है स्वस्थ एवं सुंदर समाज

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसबी 44 वी वाहिनी मुख्यालय में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत हर दिन एक घंटा साफ सफाई करने को।लेकर जवानों ने सपथ लिया। इस दौरान कार्यवाहक कमांडेंट गोविन्द कुमार ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत वाहिनी मुख्यालय,एवं सभी समवाय के द्वारा शपथ समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया स स्वच्छता ही सेवा अभियान के नेतृत्व उप कमांडेंट सशिन शर्मा,सभी समवाय प्रभारी, एवं निरक्षक समान्य मनोज कुमार आदि ने किया। कार्यक्रम में 44 वी वाहिनी के बलकमीर्यों ने बढ़ चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लिया। कमान्डेंट ने बताया कि सभी बलकर्मि अपने मुहल्ले और कार्यस्थल को हमेशा साफ सफाई रखे।

# मुंशी सिंह महाविद्यालय में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया एनएसएस दिवस




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 24 सितंबर 2025 को एन.एस.एस. दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में नवनियुक्त स्वयंसेवकों का उन्मुखीकरण (ओरिएण्टेशन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती ने एन.एस.एस. की सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से अपने सामाजिक और नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. युवाओं में सेवा, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और हिंदी में हस्ताक्षर अभियान का भी सफल आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मकता और सामाजिक सरोकारों को प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। भाषण, रंगोली और पोस्टर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैचारिकता और सामाजिकता को स्पष्ट रूप से निर्णायकों ने लक्ष्य किया ' मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ. अमित कुमार, श्री पवन कुमार, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. खानम आफरीन एवं डॉ. रूपकथा घोष प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में मौजूद रहीं।

# अखाड़ा ने गांव के युवाओं को दिखाई दिशा, बच्चे सुबह उठते ही पहुंच जाते अखाड़ा

**घोसी प्रखंड के त्रिलोकी बिगहा गांव में कुश्ती खेल से अब तक 10 युवाओं को मिल चुकी है सरकारी नौकरी**



डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार में कई ऐसे गांव हैं, जिसकी चर्चा अनोखी वजह से होती आ रही है। कहीं इंजीनियरिंग का प्रभाव है, तो कहीं फौजियों की बहुसंख्या, लेकिन इन सबसे भिन्न एक ऐसे गांव की चर्चा भी है जिसकी पहचान पहलवानी और अखाड़े के नकारण हो रही है। इस गांव के लोगों में कुश्ती खेल और पहलवानी बच्चे बच्चे के रग-रग में बसा हुआ है। सूर्योदय होते ही यहां के लोग अखाड़े में उतर जाते हैं और फिर शुरू होती है पहलवानी के नित्य नए प्रयोग और कुश्ती के दांव- पेंच का रोमांच यहां लोगों को अखाड़े में बर्बस खींच लाता है। जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड अंतर्गत त्रिलोकी बिगहा गांव की। इस छोटे से गांव में पहलवानी और कुश्ती के कारण 10 लोग सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके हैं। त्रिलोकी बिगहा गांव, जो जिला मुख्यालय से 20 किमी की दूरी पर बसा हुआ है। बगल से भुतही नदी गुजरती है, जिसकी मिट्टी में पहलवानी की भावना बहती है।बताया जाता है कि यहां संकड़ों वर्षों से बहुत पहलवानी होते आ रही है लेकिन अब जाकर यहां के युवाओं को इस विद्या से जीवकोपार्जन की प्राप्ति भी सरकारी नौकरी के रूप में होने लगी है। इस गांव के ही पहलवानी से सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके विजय कुमार ने बताया कि हम भी पहलवानी कर चुके हैं। इसी पहलवानी के चलते हमें सचिवालय में नौकरी भी मिली हुई है। यहां हमारे पुरखों से ही पहलवानी होते आ रही है। उन्होंने बताया कि अब तो थोड़ी दीवानगी कम हुई है, लेकिन पहले हर घर के लोग अखाड़े में उतरते थे। इस गांव के पहलवान अलग अलग राज्यों में जाकर बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

**अखाड़ा बनाने की मांग**

पहलवानी की तैयारी करते एक युवा ने कहा कि "हमारा गांव सात्विक तो है ही, साथ ही पहलवानों से भरा हुआ है। उसने बताया कि यहां से कई लोग राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यही कारण है कि हम भी इस खेल विद्या में लालसा रखते हैं। उसने जिला प्रशासन और सरकार से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार से यहां के युवा मेहनत करते हैं उस हिसाब से सरकार से भी उम्मीद है कि हमारे लिए एक बेहतर अखाड़ा बना दिया जाए ताकि हमलोग को तैयारी करने में दिक्कत न हो। अभी हमलोग खुद ही अखाड़ा तैयार कर कुश्ती और पहलवानी का अभ्यास करते हैं।"

**अब तक इन 10 लोगों ने प्राप्त की नौकरी**

राज्य स्तर पर पहलवानी कर चुके युवाओं के प्रशिक्षक स्थानीय ग्रामीण लालू कुमार ने बताया कि जिस प्रकार से हमारे गांव के लोगों ने पहलवानी में दम खम दिखाया है, उस हिसाब से उनको नौकरी भी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि यहां से 10 लोग इस अखाड़े के कारण सरकारी नौकरी में हैं। उन्होंने बताया कि 1985 से यहां अखाड़ा का आयोजन भी होता आ रहा है। यहां नौकरी प्राप्त करने वालों में सेवानिवृत्त दारोगा जयराम पहलवान, पहलवान विजय कुमार सचिवालय, साकेत कुमार पहलवान, चंद्रिका पहलवान और रामाश्रय पहलवान शामिल हैं। ये सभी लोग पहलवानी से नौकरी प्राप्त कर चुके हैं।

# मां सुमित्रा भूमि प्रा. लिमिटेड का सीआरएम कार्यक्रम आम लोगों के सपनों का घर बनाने का भरोसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले के एक निजी रेस्ट हाउस में माँ सुमित्रा भूमि प्रा. लिमिटेड के तत्वावधान में कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कंपनी के कई पदाधिकारी, कर्मचारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र की संभावनाओं को लोगों तक पहुँचाना और जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया को सरल बनाना था।इस दौरान कंपनी के निदेशकों ने कहा कि आज की बढ़ती महंगाई में हर आम आदमी का सपना होता है कि उसका अपना घर हो। लेकिन जमीन की कीमतें इतनी ऊंची हैं कि मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के लिए यह सपना पूरा करना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में कंपनी लोगों को भरोसा दिलाती है कि अब जमीन खरीदना हर वर्ग के लिए संभव होगा। कंपनी की ओर से बताया गया कि जहानाबाद, गया, नालंदा, राजगीर और पटना समेत कई स्थानों पर प्लॉट उपलब्ध हैं। जमीन लेने के इच्छुक लोग कम राशि देकर पहले बुकिंग कर सकते हैं और बाकी राशि किस्तों में चुका सकते हैं। भुगतान की अवधि 6 महीने से लेकर एक वर्ष या उससे अधिक तक हो सकती है, जो ग्राहक की सुविधा और कंपनी की शर्तों पर निर्भर करेगी। यह व्यवस्था खासतौर से उन लोगों के लिए राहत भरी होगी, जो एकमुश्त रकम देने में सक्षम नहीं हैं।

कार्यक्रम के दौरान कंपनी के प्रबंधन निदेशक अमरेन्द्र सिंह, प्रबंध निदेशक संतोष कुमार और निदेशक अभिनंदन कुमार ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। जिनमें संजय चंदवशी उर्फ भोला, मनोज कुमार, ओमप्रकाश कुमार, प्रियरंजन कुमार, सुनील कुमार, सौरव कुमार, ममता देवी और महेश प्रसाद शामिल थे। इस अवसर पर कंपनी प्रबंधन ने यह भी कहा कि यह प्लेटफॉर्म सिर्फ जमीन खरीदने-बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार का भी साधन है। मेहनत से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आकर्षक कमीशन और उपहार दिए जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मां सुमित्रा भूमि प्रा. लिमिटेड के अधिकारियों ने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में और लोग कंपनी से जुड़ेंगे और संगठन को और मज़बूती मिलेगी। कंपनी का लक्ष्य है कि "हर परिवार को अपनी जमीन, हर परिवार को अपना घर" के सपने को हकीकत बनाया जाए।

# पांच दिनों से लापता युवक को ढूंढने में परिजन परेशान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज**। रफीगंज के शहर के वार्ड नंबर 16 के राजा बिगहा निवासी मोहन पासवान के 23 वर्षीय पुत्र राजू उर्फ राजीव पासवान 21 सितंबर से ही लापता है। भा ई राजेश पासवान ने बताया कि राजू हर दिन के तरह 21 सितंबर को ठेला पर फल बेचने गये थे। दोपहर तक ब्रिक्री किये उसके बाद से कोई पता नही चल रहा है। सभी परिजन ढूंढने में काफी परेशान है। उनके पत्नि रंजू देवी ने रफीगंज थाना में लापता का आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि इस मामले में आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बिजली समस्याओं को लेकर लगाया जाएगा कैंप

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी बिजली उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो इसके लिए बिजली ऑफिस में शुक्रवार को कैंप लगाकर शिकायत सुनी जाएगी। इसकी जानकारी सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज ने बताया कि उपभोक्ताओं के विभिन्न शिकायतों एवं स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायत है, विद्युत आपूर्ति, विपत्र सुधार, बिल डिस्ट्रीब्यूशन, भुगतान, नए विद्युत, संबंध, कृषि बिजली संबंध, गलत रीडिंग, खराब मीटर सहित अन्य समस्याओं को लेकर कैंप में उपभोक्ताओं की समस्या सुनी जाएगी उसे सुधार भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री के द्वारा 125 मिनट निःशुल्क देने के बाद शून्य विपत्र वाले उपभोक्ताओं को संदेश दिया जाता है कि सभी लोग यहां पहुंचे माननीय मुख्यमंत्री के संदेश के प्रति हस्तगत कराया जाएगा।

## मोटापे से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम को लेकर जागरुकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। कुटुंबा परियोजना के अंतर्गत सेविका, ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरियों द्वारा पोषण माह के अवसर पर एक संगठित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रैली, रंगोली तथा पोषण परामर्श केंद्र की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य मोटापे से संबंधित बीमारियों एवं उनके निवारण के प्रति जनसामान्य में जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रैली के माध्यम से पोषण, खान-पान और स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाई गई। पोषण परामर्श केंद्र में उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, सही खान-पान, पोषण और स्वच्छता के महत्व के संबंध में परामर्श प्रदान किया गया। इस परामर्श में यह स्पष्ट किया गया कि उचित पोषण और स्वच्छ जीवन शैली अपनाकर स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है तथा मोटापे से जुड़ी बीमारियों को रोका जा सकता है। साथ ही किशोरी बालिकाओं द्वारा पोषण क्षेत्र में रैली का आयोजन कर इस संदेश का प्रचार-प्रसार किया गया।

# अलग-अलग मामलों में दो लोगों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर और टेहटा थाना की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहला मामला टेहटा थाना क्षेत्र का है जहां गुप्त सूचना के आधार पर कोहरा गांव में छापेमारी कर पुलिस ने टुनटुन चौधरी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया की टुनटुन चौधरी के विरुद्ध पूर्व में शराब मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें वह फरार चल रहा था। जिसके विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट निर्गत था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने मलाठी गांव में छापेमारी कर 21 लीटर देसी शराब बरामद किया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मलाठी गांव से 21 लीटर शराब बरामद किया गया है। वहीं इस दौरान पुलिस को आता देख कारोबारी भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा जल्द ही कारोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वहीं दूसरा मामला मखदुमपुर थाना क्षेत्र का बताया जाता है जहां लूटकांड का फरार आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।इस मामले में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि 2015 में लूटकांड के आरोप में जहानाबाद ऊंटा से अनमोल वाचपति फरार चल रहा था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर जहानाबाद से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि उसके विरुद्ध पूर्व में सड़क पर लूट-पाट करने का मामला दर्ज हुआ था जिसमें वह फरार चल रहा था।

## केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो** । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, एनवॉ, जहानाबाद में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किशोरियों के लिए वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निर्धारित क्रम में वैक्सीनेशन की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वैक्सीनेशन के साथ-साथ छात्राओं को टीकाकरण के महत्व, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा स्वच्छता संबंधी आवश्यक जानकारियाa भी छात्राओं के साथ साझा की। शिविर के सफल आयोजन से छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक संदेश गया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के प्राचार्य श्री रविन्द्र राम ने स्वास्थ्यकर्मीयों के टीम का विद्यालय परिवार की ओर से अभिनंदन किया और उनके सहयोग के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास छात्राओं के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने अपनी ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# जन मामलों की जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने की सुनवाई




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले में पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करने की दिशा में जिलाधिकारी अलंकृता पांडे द्वारा किए गए पहल से लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 18 मामलों पर विचार किया गया और छह मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया।सुनवाई में संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया। कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे तीन मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले अतिक्रमणवाद, भूमि विवाद, नाले की उडाही, भुगतान संबंधित अपीलीय मामले प्रमुखता में रहे। इस दौरान सुनवाई में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद में एकदिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य रविंद्र राम ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसमें पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता किया। बताया गया कि यह एकदिवसीय चित्रकला कार्यशाला "विकसित भारत" की थीम पर आधारित था और इसे सेवा पर्व के रूप में भी मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के तरफ से बच्चों को चित्रकला से सम्बंधित सभी सामग्री उपलब्ध कराई गयी जिसके माध्यम से छात्रों ने विकसित भारत के संबंध में अपनी रचनात्मकता को चित्रकला के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर सीसीए समन्वयक सह स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के शिक्षक अखिलेश कुमार गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में आपके चित्रकला की रचनात्मकता यह दर्शाता है युवा अपने सामनों के विकसित भारत को किस रूप में देखते हैं। कार्यशाला के दौरान प्राचार्य ने छात्रों के द्वारा बनाये गये पेंटिंग्स को देखा एवं उन्हें ऐसे अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का संचालन कला शिक्षक श्री कुमार राघवेन्द्र ने किया। कार्यशाला के दौरान विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका डॉ प्रज्ञा कुमारी एवं अन्य शिक्षक भी उपस्तिथ रहे। कार्यशाला में प्रतिभागिता करने के दौरान विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए।




## नशे में हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान शराब के नशे में हंगामा कर रहे युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान जाखिम पड़रिया निवासी पवन प्रजापति के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पुलिस गश्ती दल को सूचना मिली कि जाखिम क्षेत्र में एक युवक नशे की हालत में उपद्रव मचा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे युवक को हिरासत में लेकर थाने लाई। उन्होंने बताया कि चिकित्सीय जांच के दौरान युवक के अल्कोहल सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# ओबरा का कालीन उद्योग वर्षों से है बंद, आर्थिक तंगी से जूझ रहा कालीन उद्योग

रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड के महफिल-ए-कालिन उद्योग इन दिनों आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उद्योग वर्षो से बंद पड़ा है। बता दें कि एक समय ऐसा था कि ओबरा की कालीन यूपी के भदोही तक जाती थी। भदोही की तरह ओबरा का कालीन भी विख्यात थी। जहां पर कालीन उद्योग के साथ-साथ गांवों में भी कारीगर कालीन तैयार कर अपना जीविकोपार्जन करते थे। कल तक जहां इन उद्योगों को दूर-दूर तक ख्याति प्राप्त थी। इसके साथ ही इसमें जुड़े लोग आर्थिक रूप से खुशहाल थे पर आज उद्योग अंतिम सांसें गिन रही है। ओबरा का कालीन उद्योग पूर्णतः बंद हो गई है। बता दें कि यह कालीन उद्योग भारत नहीं बल्कि विदेशों में ही विख्यात रहा है। यहां के कुछ बुनकरों को ऊंच कोटि के कालीन बुनाई देती है। बता दें कि मो. मोखतार के द्वारा स्व. अहमद अली को 1972 में राष्ट्रपति के द्वारा पुरुस्कार से नमाजे गए थे। आज कालीन के दौरा पं. जवाहर लाल नेहरू की खुबसूरती देख ओबरा की कालीन चार चांद लगा गए थे। बुनकरों को विकसित करने हेतू 1974 में ओबरा महफील कालीन सेंटर में कार्य प्रारंभ कार्य गई थी। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 29 नवंबर 2012 को ओबरा महफील कालीन कालीन केंद्र में पहुंचे थे। उन्होंने महफील कालीन केंद्र के प्रबंधक राज नंदन प्रसाद से जानकारी प्राप्त की। जानकारी के बाद मुख्यमंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि इस संस्था को फाउंडेरेशन बनाकर जो गरीब बुनकर है उन्हें बैंक द्वारा जीविकोपार्जन हेतु उनसे कार्य करवाया जाए एवं उनका उत्पादक को ले क्रय करने ताकि बुनकरों को रोजी रोटी मिल सके। वहीं 10 जुलाई 2020 को गोपनीय प्रभारी अमित कुमार एवं कुशल कार्यक्रम जिला पदाधिकारी पहुंचे थे। उनके द्वारा भी प्रबंधक को आश्वासन दिया गया परंतु अबतक उद्योग को चालू नहीं कराया गया। गरीब बुनकर रोजी रोटी हेतू अन्य प्रदेश में काम करने जाने को मजबूर हैं। फिलहाल यह उद्योग उदासीनता के कारण दम तोड़ने की स्थिति में पहुंच गई है।



# मगध की धरती पर मां सतबहिनी मंदिर बना आस्था का केंद्र

रंजन सिंह/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। मगध की धरती वेदकालीन आध्यात्म का केंद्र रहा है। पालनकर्ता विष्णु के चरण जहां पड़े वहीं राजगृह में कृष्ण आए। देखा जाए तो अथर्ववेद काल से लेकर मौर्य साम्राज्य की स्थापना तक मगध भारतीय इतिहास का आध्यात्म वाणज्यि, का प्रमुख केंद्र रहा है। वहीं औरंगाबाद जिला भी मगध का अंग रहा है। जिले में देव सूर्य मंदिर अपनी प्राचीनता के लिए विश्व में जाना जाता है। इसके अलावा देवकुंड, उमगा सूर्य मंदिर का प्राचीन इतिहास रहा है। आधुनकि युग में भी जिले में कई मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का कें द्र है। अंबा स्थित औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ के किनारे मां सतबहिनी मंदिर है। मंदिर राज्य के श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र है। नवीनगर का गजनाधाम, कुटुंबा का महुआधाम में आधुनियक युग का चर्चित है। मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं पर अंबा स्थित मां सतबहिनी मंदिर पर आद्रा नक्षत्र में 15 दिवसीय भव्य मेला लगा हुआ है। मेले में दूर से श्रद्धालु आकर मां सतबहिनी की पूजा करते हैं। पूजा करने को लेकर यहां भीड़ लगी रहती है। वहीं सर्वप्रथम मंदिर के स्वरूप को जानें तो सात बहन एवं भैरो बाबा के छपड की स्थापना वेदी पर है। ठीक उसके ऊपर मां की चांदी धातु से प्रतीकात्मक स्वरूप बना है। पूर्व में यहां जिस बरगद के नीचे मां की वेदी थी उसे भी दक्षिण भारतीय वास्तुकारों ने प्रकृति के रूप में उकेरा है। दूसरे तल पर देवी देवताओं की मूर्तियां जयपुर से मंगाकर लगाई गई है जो अत्यंत सुंदर है। मंदिर का निर्माण में वास्तुकारों ने नागर एवं द्रवड़ि शैली के मश्रिण के साथ किया है। गुंबद में नागर शैली का प्रतीकात्मक स्वरूप को स्थान दिया गया है। वास्तुकारों ने आधार भाग को वर्गाकार बनाया है। मंदिर नवीनतम स्थापत्य कला का अनूठा उदाहरण है। बता दें कि औरंगाबाद कृषि पर आधारित जिला है। यहां के किसान आद्रा नक्षत्र में मुख्य फसल धान का बिचड़ा डालते हैं। धान का फसल यहां के किसानों की आर्थिक शक्ति है। किसानों के लिए आद्रा शुभकारी माना जाता है। इस नक्षत्र में किसान का परिवार मां सतबहिनी से जहां फसल की अच्छी उपज की कामना करते हैं वहीं धन धन्य से सुखी बनाने हेतु मां की वेदी पर चुनरी चढ़ाते हैं। नारियल की बलि देकर देवी की बलि प्रथा का पालन किया जाता है। प्रारंभिक काल में यहां मेला का छोटा रूप दिखता था। ८० के दशक के बाद यहां चिड़ियाघर, सर्कस, जादूघर, मीना बाजार व खेल तमाशे वालों ने आना प्रारंभ किया गया। यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है।



## दानापुर छावनी परिषद ने मनाया स्वच्छोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर**। "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के तहत गुरुवार को दानापुर छावनी परिषद ने स्वच्छोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान परिषद कर्मियों और नारी गुंजन की छात्राओं ने नगर के विभिन्न इलाकों में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी सपन कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार "एक घंटा, एक दिन, एक साथ" अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पद्मश्री सुधा वर्गीज की अध्यक्षता में उनकी छात्राओं ने पेठिया बाजार, सोनारी मंदिर और चुड़ी बाजार में व्यापक सफाई अभियान चलाया। पद्मश्री सुधा वर्गीज ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने घर और आसपास की सफाई सुनिश्चित करे, तो बीमारियों से बचाव संभव है।

# गोह चौक पर जाम और आगजनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। गोह थाना क्षेत्र के पुनदौल मंदिर के समीप बुधवार की शाम पिकअप वाहन की टक्कर से बुलेट सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने गोह चौक पर गुरुवार की आधी रात तक जमकर बवाल किया। इस दौरान मुख्य सड़क पर आगजनी कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई, जिससे गोह-गयाजी मुख्य पथ करीब 12:30 बजे रात तक जाम रहा।

सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुँची और काफी मशक्कत के बाद हालात पर काबू पाया गया। हालांकि, भीड़ में शामिल असामाजिक तत्वों ने उपद्रव करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और उत्पात मचाया। इसी दौरान बेला मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार का वाहन भी उपद्रवियों ने रोक लिया। उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया और वाहन के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए गए। इस संबंध में प्रधानाध्यापक ने स्थानीय थाने में मोबाइल गुम होने की सनहा दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार मृतकों में दुलारचक गांव निवासी नकलेश कुमार का 25 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार और दुमरथु गांव निवासी स्व. महेंद्र साव का 28 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार शामिल हैं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। गुरुवार को जैसे ही दोनों का शव उनके गांव पहुँचा, पूरे इलाके में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल मृतकों के परिजनों द्वारा कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थिति पर पूरी नजर रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# हसपुरा में बिजली बिल सुधार को लेकर कैम्प का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा**। प्रखंड परिसर में बुधवार को बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बिजली बिल सुधार एवं अन्य तकनीकी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। कैम्प में उपस्थित विद्युत एसडीओ अजीत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। यह लाभ स्वतः सभी पात्र उपभोक्ताओं को मिलेगा। कैम्प के दौरान पुरहारा निवासी श्याम बाबू, खुटहन की फुलवंती देवी, बघोई की लालपड़ी देवी, सलेमपुर के रामबचन पासवान सहित कई लोगों ने बिजली बिल सुधार से संबंधित आवेदन दिया। वहीं किसुनपुर के जयराम सिंह ने डबल कनेक्शन की समस्या, जबकि मिलत कॉलोनी, हसपुरा की अंजुम आरा ने पोल शिफ्टिंग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीओ ने आश्वस्त किया कि सभी आवेदनों की जांच कर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए समय-समय पर ऐसे कैम्प आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि बिजली बिल की गड़बड़ियों सहित अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



# मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। भारतीय जनता पार्टी हसपुरा दक्षिणी मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शर्मा ने की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ था। वे एकात्मक मानववाद के प्रणेता, अंत्योदय के प्रेरणा स्रोत और जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उनके विचार आज भी भारतीय राजनीति में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। इसी प्रेरणा से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता-आधारित पार्टी के रूप में स्थापित हुई है।

जयंती समारोह के अवसर पर विभिन्न पंचायतों के कार्यकर्ता और बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। धुसरी पंचायत के ग्राम तिलोती के बूथ संख्या 129 और 130 से बूथ अध्यक्ष धीरज शर्मा, ललित नारायण, रणधीर शर्मा, दीपक कुमार, देवनारायण साव और जय नंद मिस्त्री शामिल हुए। जैतपुर पंचायत के ग्राम जैतपुर से बूथ अध्यक्ष अमित कुमार, कमलेश शर्मा और संतोष कुमार मौजूद रहे।

ग्राम महुआड के बूथ संख्या 74 और 75 से बूथ अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्रा और धनंजय शर्मा ने भाग लिया। कोईलवा पंचायत के बूथ संख्या 114, 115 और 116 से बूथ अध्यक्ष दिलीप शर्मा, मनोज शर्मा, नवीन शर्मा, रंजन चंद्रवंशी, सतीश पटेल और सत्येंद्र शर्मा उपस्थित हुए। वहीं सोनहथु पंचायत से धीरज शर्मा, सतीश सिंह, मुकेश शर्मा, संतोष कुमार, हरेंद्र पटेल, शतीश पटेल, सुशीला देवी और संजू देवी ने भागीदारी की। इस अवसर पर वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।



# स्वच्छोत्सव पर सतबहिनी मंदिर परिसर की सफाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत गुरुवार को अंबा में स्वच्छोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान माता सतबहिनी मंदिर परिसर एवं पंचायत भवन अंबा के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वच्छता कर्मी, भाजपा कार्यकर्ता और आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की दृष्टिकोण के अनुरूप देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 2 अक्टूबर 2025 को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में संपन्न होगा। मौके पर उपस्थित स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिसमें लोगों ने स्वच्छता और साफ सफाई के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई। इस अभियान में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार स्वच्छता पर्यवेक्षक सलोनी कुमारी, विजय मेहता दिलीप कुमार शिव कुमार अर्जुन भुईयां, अशोक भुईयां, सुनील कुमार करण कुमार आदि लोग शामिल हुए।

# स्वच्छता ही सेवा पखवारा के तहत नप कर्मचारियों ने निकाली जागरूकता रैली

## विभिन्न मुहल्ले में की गई सफाई, जागरूकता के प्रति किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 अभियान के तहत नगर परिषद की ओर से जागरूकता रैली निकली गई। रैली में बड़ी संख्या में नप कर्मी, सफाई कर्मी, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह रैली नगर परिषद कार्यालय से अनुमंडल चौराहा तक की गई। हुयी। सभी प्रतिभागियों ने झाड़ू लगा स्वच्छता का संदेश दिया। मिशन प्रबंधक निकिता सिंह ने कहा कि रैली का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना और गली- मोहल्लों से गंदगी हटाकर साफ-सुथरा वातावरण बनाना था। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के नारे लगाते हुए आमजन को प्रेरित किया कि स्वच्छता सिर्फ नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। नगर प्रबंधक शेखर कुमार प्रसाद ने कहा कि इस अभियान के दौरान विभिन्न मोहल्लों में साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गये। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने घर, आंगन और आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित करें और प्लास्टिक का प्रयोग कम करें। मौके पर अमीन रामाधार कुमार यादव, समेत सभी नप कर्मचारी उपस्थित रहे।



### पुनपुन घाट पर एनसीसी कैडेटों में चलाया स्वच्छता अभियान

**मसौढ़ी।** एसएमडी कॉलेज कॉलेज, पुनपुन पटना एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार के नेतृत्व में एनसीसी इकाई के द्वारा स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर पुनपुन घाट हॉल्ट और पुनपुन नदी घाट पर एनसीसी कैडेट के द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया पूरे देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है ऐसे में पुनपुन हाल्ट घाट और पुनपुन घाट पर एनसीसी कैडेट्स ने हॉल्ट और घाट की साफ सफाई करते हुए आम लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। कैडेट्स ने बाजारों में घूम कर रैली के माध्यम से लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरुक करते दिखे। साफ सफाई अभियान एस.एम.डी कॉलेज से लेकर पुनपुन घाट स्टेशन और पुनपुन घाट पर एनसीसी कैडेट के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाये। स्वच्छता अभियान के तहत 35 एनसीसी कैडेट्स शामिल रहे। यह कार्यक्रम एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार के द्वारा किया गया।

### हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए भारतीय भाषाओं को अपनाना जरूरी

**दानापुर (नबिटा संवाददाता)।** बीएस कॉलेज में गुरूवार को हिंदी पखबारा महोत्सव का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो श्यामदेव पासवान ने महोत्सव का शुभारंभ किया गया. प्रो पासवान ने कहा कि हिंदी सिनेमा के गीत पूरे भारत में एक ही भाव से सुनी और सराही जाती है। यह हिंदी की शक्ति है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर (डॉ।) गोपाल कुमार यादव ने की। प्रो शिवचंद्र सिंह ने कहा कि हिंदी को राजभाषा के मुकाम तक पहुंचाने में अहिंदी भाषी चिंतकों एवं राजनेताओं को जाता है। आज़ादी के पूर्व हिंदी ने पूरे भारत को एक सूत्र में जोड़ा, परन्तु आज़ादी के बाद हिंदी राजनीति का शिकार हो गई। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए यह सबसे जरूरी है कि यहां के लोग अन्य भारतीय भाषाओं को अनिवार्य रूप से सीखें। डा राकेश रंजन ने कहा कि भाषा मनुष्य के भीतर चरित्र, करुणा और मानवीयता का सृजन करती है। परंतु आज भाषा के प्रति एक उपेक्षा व उदासीनता का भाव है।

## कट्टा के साथ तीन गिरफतार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फतुहा।** फतुहा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्त सूचना मिली की फतुहा फोरलेन पर कुछ लोग घटना को अंजाम देने में लगे हुए हैं। इसकी जानकारी मिलते ही फतुहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में एक टीम गठित की गई। वहीं फतुहा थाना से टीम फतुहा फोरलेन नुतन पेट्रोल पम्प से कुछ दुर पूर्व की ओर बढते ही तीन लोग बाइक पर सवार दिखाई दिये जिसे शंका के आधार पुलिस ने पकड़ लिया जिसे पकड़कर जांच की गई। जांचोपरांत तीन लोगों को पकड़ लिया एक के पाकेट से एक कट्टा बरामद किया गया जिससे पुछताछ के बाद पता चला कि लुट पाट में संलिप्तता बताई। वहीं पूछताछ के बाद वह लोग बताया कि फतुहा खुशरूपुर के पास गांव में गन बनाने का बात बताई। जिस पर आगे की कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई जहां से गन बनाने वाले अर्द्ध निर्मित सामान बरामद की गई है। तीनो के पास से जांच पड़ताल के दौरान एक व्यक्ति सचिन कुमार सुंदरपुर काला दियर के रहने बाला पौकेट से एक कट्टा बरामद हुई। वहीं दुसरा अंकित कुमार ललुआ डिह तेलमर का रहने बाला के पाकेट से नथिंग कम्पनी का मोबाइल बरामद हुई। वहीं तीसरा व्यक्ति शशी कुमार उर्फ छोटे पासवान बैकटपुर थाना खुशरूपुर का रहने बाला है के पौकेट से एक मोटरोला मोबाईल बरामद हुआ। फतुहा डीएसपी अवधेश कुमार ने बताया कि तीनों फोरलेन पर लुट पाट करने बाला था तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बीस सूत्री की बैठक में नहीं पहुंचे पदाधिकारी, सदस्यों ने जताई नाराजगी, बीडीओ ने किया स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड सभागार भवन में आहूत प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, बीस सूत्री की बैठक में गुरुवार को कई पदाधिकारी गायब रहे। ऐसें में कारण 20 सूत्री के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष आशीष देव, समेत कई सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की है। ऐसे में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक में शामिल नहीं होने वाले प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, तकनीकी पदाधिकारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, सीडीपीओ आदि से दो दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सुनील कुमार वर्मा ने बताया की बैठक में शामिल नहीं होने पर सरकार की कई योजनाओं की समीक्षा नहीं हो पाई है जिसे सदस्यों में नाराजगी हैं पहले भी कई बार बैठक रद्द करना पड़ा है। इस मौके पर हिमांशु राज, सुजीत कुमार, अश्विनी गोल्डी, अशोक सिंह, मंजू देवी, राजीव कुशवाहा, सुजीत पासवान, रंजीत कुमार चंद्रवंशी, रंजीत कुमार आज उपस्थित रहे।

## जीविका की वार्षिक आमसभा में प्रस्तुत किया गया सालभर का लेखा-जोखा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी के दहीभता स्थित अधिकार जीविका महिला विकास सहकारी स्वावलंबी समिति लिमिटेड में गुरुवार को आयोजित जीविका वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलीत कर किया गया इस मौके पर बीपीएम दिग्विजय नारायण समदर्श, प्रखंड जिविकोपार्जन विशेषज्ञ युसूफ सिद्दीकी, एरिया कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह के अलावा संकुल के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष आदि शामिल रहे। जीविका दीदियों को बीपीएम ने कहा कि सरकार प्रत्येक परिवार के एक महिला सदस्य को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ लेने का मौका दिया है। वहीं एरिया कोर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने कहा जीविका से जुड़कर महिलाएं रोजगार, स्वरोजगार का साधन विकसित कर आत्मनिर्भर बन रही है। आम सभा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष शर्मीला कुमारी, सचिव उमा देवी, कोषाध्यक्ष ममता देवी, लेखापाल नंदलाल प्रसाद आदी ने साल भर के किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा में उपस्थित अन्य जीविका दीदियों को इसकी पूरी जानकारी दी गई। आगे के लक्ष्य प्राप्ति हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए। बताया कि इस समिति से 759 जीविका स्वयं सहायता समूह जुड़ा हुआ है। जिससे 9318 परिवार का जुड़ाव हुआ है। जिसमें 3727 जीविका दीदी कृषि कार्य में, 4510 जीविका दीदी किचन गार्डन, 2150 मुर्गी पालन, 2650 बकरी पालन, सतत जीविकोपार्जन में 107 परिवार चयनित हुए हैं जिन्हें रोजगार दी गई हैं। वहीं 6075 जिवीका दीदी का आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया है। आम सभा में।इस अवसर अकाउंटेंट डेजी कुमारी, आशा कुमारी ,मीना कुमारी आदि शामिल रहे।



## एनएसई के पंजीकृत निवेशक 12 करोड़ के पार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 23 सितंबर, 2025 को, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 12 करोड़ (120 मिलियन) के आँकड़े को पार कर गई। 23 सितंबर, 2025 तक एनएसई पर कुल निवेशक खाते (यूनिक क्लाइंट कोड्स) 23.5 करोड़ हो गए हैं, जो जुलाई 2025 में 23 करोड़ के आँकड़े को पार कर चुके थे। (इसमें अब तक के सभी रजिस्ट्रेशन्स शामिल हैं। क्लाइंट्स एक से अधिक ट्रेडिंग मेंबर के साथ रजिस्टर कर सकते हैं)। निवेशक आधार का विस्तार, समय के साथ काफी तेज़ हुआ है। एनएसई के संचालन शुरू होने के 14 साल बाद रजिस्टर्ड निवेशक आधार 1 करोड़ तक पहुँचा, अगले 1 करोड़ जोड़ने में लगभग सात साल लगे, उसके बाद 1 करोड़ जोड़ने में लगभग ढाई साल और उसके बाद 1 करोड़ जोड़ने में एक साल से थोड़ा अधिक समय लगा। यानि, मार्च 2021 में रजिस्टर्ड निवेशक आधार 4 करोड़ तक पहुँचने में 25 साल से ज्यादा लगे, जबकि उसके बाद अगले 1 करोड़ निवेशक सिर्फ 6-7 महीनों में जुड़ गए। भारत में निवेशकों की भागीदारी में तेज़ी से बढ़ते डिजिटाइजेशन, फिनटेक तक आसान पहुँच, मध्यवर्गीय आबादी और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नीतिगत कदमों का योगदान है।

## आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने लॉन्च किया विशफुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने अपना नया ब्रांड विशफुल लॉन्च किया है। इस लॉन्च के जरिये भारतीय फैशन की दुनिया में अग्रणी कंपनी ने महिलाओं के प्रीमियम अवसर-विशेष परिधान सेगमेंट में कदम रखा है। आधुनिक भारतीय महिला को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह ब्रांड फ़ेस्टिवल, शादी और खास मौकों के लिए आत्मविश्वासी, स्टाइलिश और सजीला अंदाज़ पेश करता है। अभी विशफुल सिर्फ डब्लू स्टोर्स पर उपलब्ध है और इसे प्रीमियम फैशन को सुलभ बनाने वाले ब्रांड के रूप में पेश किया गया है। इस लॉन्च के अवसर पर टीसीएनएस डिविज़न, आदित्य बिड़ला फ़ैशन एंड रिटेल लिमिटेड के सीईओ अनंत डागा ने कहा, विशफुल के साथ हम खास अवसरों के लिए ओकेज़न वियर में एक नया मानक तय कर रहे हैं। यह ब्रांड खास नज़ाकत और आधुनिकता को इस तरह पेश करता है कि आम उपभोक्ता भी इसे आसानी से अपना सके। हम चाहते हैं कि महिलाएँ हर खास मौके पर आत्मविश्वास और सलीके के साथ जश्न मना सकें। विशफुल के हर परिधान में सलीकेदार लग्ज़री और बेहतरीन गुणवत्ता झलकती है। यह सिर्फ़ एक नया ब्रांड लॉन्च नहीं है, बल्कि महिलाओं के फ़ेस्टिव और वेडिंग वियर में हमारी लीडरशिप को और मजबूत करने और भारतीय फैशन के भविष्य को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम है।

## आर्य समाज के वार्षिकोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** वेद की ज्योति जलती रहे ओम का झंडा ऊंचा रहे के उद्घोष के साथ गुरूवार को डीएवी इंटर स्कूल से आर्य समाज का 147 वां वार्षिकोत्सव का आगाज किया। गुरूवार को डीएवी इंटर स्कूल से गाजे-बाजे के साथ आर्य समाज का शोभा यात्रा निकाला गया. जो नगर के मुख्य मार्ग मछुआ टोली, थानापर, बीबीगंज, बस पडाव, सदर बाजार , इमलीतल, गोलापर, तकियापर, बेलतल व गोलापर होते हुए स्कूल में समाप्त हो गया। शोभा यात्रा में नप के मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी, उपमुख्य पार्षद के प्रतिनिधि राजनाथ उर्फ राजू जयसवाल, बिहार राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के सदस्य सह पार्षद दीपक चौरसिया, प्रधान संजय कुमार सिंह, मंत्री रमेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यदेव प्रसाद गुप्ता, मंत्री पारसनाथ मेहता, पवन कुमार गुप्ता, बलदेव मेहता, अमरेश कुमार, कुंदन कुमार, सुरेंद्र कुमार, अरविंद बिहारी व स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार के अलावा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे. सुबह वेद शतकम महायज्ञ से वार्षिकोत्सव की शुरुआत हुई। शाम में वेद सम्मेलन का आयोजन किया गया। यात्रा में स्कूल के आर्यवीर दल, एनसीसी, एयरविंग कैटेड अनाथलाय के बच्चे व स्कूल के बच्चों शामिल थे। प्रधान संजय कुमार सिंह ने बताया कि चार दिवसीय वैदिक धर्म महोत्सव आर्य सम्मलेन में बाराबंकी के आचार्य सुरेश चंद्र जोशी व रूकमिणी जोशी, बरेली के पं भानू प्रकाश शास्त्री, बलिया के ज्ञान प्रकाश वैदिक, मुजफ्फरपुर के पं व्यास नंदन शास्त्री प कृष्ण कुमार शास्त्री, पं सत्य प्रकाश आर्य, हरिशचंद्र आर्य, व दीपू लाल आर्य समेत अन्य शामिल हुए है और वेद सम्मेलन, सामाजिक क्रांति सम्मेलन, शिक्षा सम्मेलन व राष्ट्र रक्षा सम्मेलन में अपने प्रवचन देंगे।

### डीएसपी ने छात्रों को दी जानकारी

**पटना सिटी।** आज पटना सिटी के ऐतिहासिक ओरिएण्टल कॉलेज में एक कार्यक्रम में डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार के द्वारा बच्चों के बीच एक मोटिवेशनल स्पीच दिया गया। जिसमें उन्होंने सबसे साइबर क्राइम, बढ़ते हुए अपराध पर लगाम, नौजवानों को नशे की लत से बाहर निकलने और पढ़ाई पर विशेष रूप से ध्यान देकर कुछ अच्छा करने की चाह मन में पाले कि बात कही। छात्र-छात्राओं ने डॉ गौरव कुमार को अपना आईडीअल बताते हुए उनसे अपील की के वह इस तरह अगर हर माह में सिर्फ एक दिन एक से दो घंटा का क्लास बच्चों का लें तो बच्चों के लिए यह प्रेरणादायक साबित होगा और बच्चों के उज्जवल भविष्य में उनका भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रधानाध्यापक जनाब फैज़ी आफताब साहब ने की।

## धनरूआ के नदवां में श्रमदान से बना दी सौ फीट की सड़क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के नदवां नई हवेली गांव में सरकारी मदद की आस लगाये इंतजार करते देख, अब ग्रामीणों ने श्रमदान से चंदा करके लोगों ने 100 फीट की सड़क बना दी है। दरअसल स्थानीय लोगों की माने तो तकरीबन कई गांव के लोगों को रेलवे लाइन के किनारे आवागमन करने में भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा था, रेलवे ट्रैक पर चलना पडता था जो अनहोनी होने का खतरा बना रहता था, खासकर स्कूल आते जाते बच्चों, महिलाओं, वृद्ध लोगों को रेलवे ट्रैक के किनारे चलने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में कई बार लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि सरकारी फंड का इंतजार कर रहे थे। आजीज होकर सभी ग्रामीणों ने श्रमदान से तकरीबन 100 फिट की सड़क बनाई है। ऐसे में अब लोगों को आने-जाने में सहूलियत होगी। पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र रजक ने बताया कि सड़क बनने से नई हवेली, मिश्रिचक, बिजावर, मलहचक आदि गांव के लोगों को इस रास्ते से आवागमन करने में काफी सहूलियत होगी, खासकर स्कूली बच्चों को भी कई तरह के परेशानियों को सामना नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों में राहुल मिश्रा, अखिलेश कुमार, विकास कुमार, संतोष चौधरी, पिंटू चौधरी, अमरेंद्र कुमार आदि स्थानीय लोगों ने कहा कि हम सब ने पूरे गांव के लोगों ने चंदा कर पैसा इकट्ठा कर सड़क बना रहे हैं ताकि आवागमन में सहूलियत हो।



## 86 जगहों पर पुलिस व मजिस्ट्रेटों की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी में दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। सेक्टर पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट के साथ पुरे मसौढी अनुमंडल में 86 जगहों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है जिसमें 07 भ्रमणशील दंडाधिकारी, 86 पुलिस पदाधिकारी और 258 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें मसौढ़ी में कुल 42 जगहों पर और धनरूआ में 44 जगहों पर प्रतिनियुक्ति की गई है। ऐसे में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन तत्पर है। पूजा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पर्याप्त संख्या में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों के साथ सशस्त्र/लाठी बलो की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अतिरिक्त अनुमंडल में थानावार दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र/लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीएम ने कहा कि असामाजिक, सांप्रदायिक तथा शरारती तत्वों द्वारा लोक भावनाओं को आहत कर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक सुरक्षात्मक एवं निरोधात्मक उपाय एवं प्रशासनिक एवं पुलिस तंत्र के बीच बेहतर समन्वय एवं संयुक्त रणनीति के साथ अन्य माकूल व्यवस्थाएं की गयी है।

## एक नजर

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन प्रखंड के समकुढा गांव में भाकपा-माले के प्रखंड कमिटी सदस्य शहीद कामरेड चंद्रबरदाई की 26वीं शहादत दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फुलवारीशरीफ विधानसभा क्षेत्र (188) के विधायक गोपाल रविदास उपस्थित हुए। कामरेड चंद्रबरदाई सामाजिक न्याय, दलित-पिछड़ों के अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए संघर्षशील नेता थे। हर वर्ष उनकी स्मृति में यह शहादत दिवस आयोजित किया जाता है।कार्यक्रम की शुरुआत में शहीद कामरेड चंद्रबरदाई को श्रद्धांजलि स्वरूप एक मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत विधायक गोपाल रविदास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कामरेड चंद्रबरदाई ने हमें वोट देने का अधिकार दिलाने के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई। वे गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के सच्चे सिपाही थे। इस अवसर पर जिला ग्रामीण सचिव कामरेड अमर, पुनपुन प्रखंड सचिव मोहन प्रसाद,मुखिया नागा राम, देवी लाल, मिथिलेश कुमार, साधु शरण, पूर्व मुखिया रामदहीन, नीतीश कुमार आदि शामिल रहे।

### लुटेरों ने लूटी बाइक

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया नेशनल हाईवे-22 पर केवड़ा थाना क्षेत्र के मोरहर पुल के पास में बीते बुधवार की देर शाम को गया से पटना जा रहे हैं बाइक सवार युवक को पीछे से बाइक पर सवार 4 अपराधियों ने पहले बाइक सवार युवक को गिराया उसके बाद उसकी अपाची बाइक को लूट कर चलते बने। पीड़ित युवक का नाम जितेंद्र कुमार है जो गया का रहने वाला है और पटना के रामकृष्णा नगर में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है, केवड़ा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि जैसे ही जानकारी मिली तुरंत मोरहर पुल के पास पहुंचे और छानबीन शुरू कर दिए, पीड़ित ने बताया कि बाइक पर सवार कुछ अज्ञात बाईक सवार पहले हमें ठेल कर गिरा दिया, हम सड़क के किनारे एक पानी में गिर गए, उसके बाद हमारी अपाची बाइक को लूट कर भाग गया है, पुलिस उसके बताए गए रास्ते पर देर रात तक छापेमारी करती रही है पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### पत्रकार की बाइक चोरी

**पटना सिटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एक निजी चैनल में कार्यरत पत्रकार फैज अहमद की बाइक हीरो होंडा पैशन की आज चोरी हो गई। इस संबंध में स्थानीय अगमकुंआ थाना में मामला दर्ज किया गया।

### गंगा घाट की हुई सफाई

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का उद्घाटन प्राचार्य प्रोफ़ेसर श्याम राय ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास में युवा वर्ग को सामुदायिक विकास के कार्यक्रमों में भाग लेने की जरूरत है। मंच संचालन नेहा और आरुषि ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रुपाली कुमारी ने किया। कैप्टन डॉक्टर अनुज कुमार, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे। इस दौरान कैडेट के द्वारा अलखनाथ गंगा घाट के सफाई की गई।

### एसबीआइआर कॉलेज परिसर में पौधारोपण

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के श्री भुवनेश्वरी राजा महाविद्यालय भटगांव में भाजपा जिला संगठन के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह, भाजपा नेत्री विंध्यवासिनी, हेमंत राज, संजीव मुन्ना, अनिल सिंह, प्रियरंजन, गौरव कुमार आदि ने केंद्र सरकार की योजनाओं की चर्चा की

### बुजुर्ग छत से गिरा, सिर में घुसी लोहे की छड़

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत साह सलेमपुर गांव में गिरजा पासवान 60 वर्ष दो मंजिला मकान की छत से लड़खड़ाकर नीचे गिर पड़ा। इस दौरान उसके सिर में लोहे की छड़ घुस गई। गंभीर हालत में अस्पताल में जख्मी को भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। दूसरी तरफ पंडारक के बिहारीबिगहा गांव में बलराम सिंह के बेटे मोनू कुमार 15 वर्ष को पैर में सांप ने काट लिया। किशोर को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, केस दर्ज

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के चोंदी मोहल्ले में पुराने मुकदमे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें चार लोग जख्मी हो गए। विवाद अंजुम बली और शबाना बली के बीच में हुआ। दोनों ने एक दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

### व्यवसायी से 85 हजार की लूट

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाजार समिति के पास मारपीट कर व्यवसायी पुत्र से कुछ लोगों ने 85000 रुपए लूट लिये। इस संबंध में पीड़ित गुलाब बाग गुडगुड़िया मोहल्ला निवासी मोहम्मद मुसतान ने थाने में केस दर्ज कराया। पीड़ित के अनुसार उसने अपने पुत्र मोहम्मद अबराज को स्टेशन बाजार बकाया रुपया लाने के लिए भेजा था। उसने बासोबागी गांव निवासी पप्पू से 35000 और फल विक्रेता शेरु से 50000 की वसूली कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने पिस्तौल और चेन से उसे घेर लिया। पिस्तौल दिखाकर मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने मोहम्मद अबराज से रुपए लूट लिये। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने लूटपाट में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेलछी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने बुधवार को बेलछी गांव में छापेमारी कर 10 किलो गांजा बरामद किया। कार्रवाई के दौरान तस्कर नवीन गोप को रंगे हाथ पकड़ा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उन्हें गांजा स्टॉक करने की जानकारी मिली थी। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी की गई ।सीढी के नीचे बोरी में पैक कर गांजा रखा हुआ था। इस संबंध में थाने में केस दर्ज की गई है।

### वोटिंग को लेकर किया गया जागरूक

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी के हर गली-मोहल्ले में इन दिनों मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है. ऐसे में गुरुवार को सीडीपीओ अनिता कुमारी के नेतृत आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं की रैली निकालकर मतदाताओं को जागरुक किया गया. इसके अलावा घर-घर जाकर मतदाताओं को वोटिंग करने को लेकर और उन्हें बिना भय के वातावरण में वोट करने की अपील भी की गई। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं को यह टास्क दिया गया है।उन्हें शपथ दिलाई गई है कि अपने-अपने पोषक क्षेत्र में जाकर प्रत्येक दिन मतदाताओं को जागरूक करना है। घर घर जाकर उनके मतदान केंद्र के बारे में बताकर वोट के प्रति रुचि जगाना है। वोट के अधिकार के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।इस मौके पर इंद्रजीत कुमार प्रखंड समन्वयक, कुमारी नीलू सिंह, संजुक्ता प्रसाद, कुमारी रुबी, अर्चना कुमारी महिला पर्यवेक्षक, सुनीता कुमारी, ललती कुमारी, शारधा कुमारी, बिंदु कुमारी, सेविका एवं अन्य शामिल रहे।

# बीसीसीआई ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों की आईसीसी में शिकायत की

## साहिबजादा का गन शॉट सेलिब्रेशन, रऊफ ने फाइटर प्लेन गिराने का इशारा किया था

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को पाकिस्तानी क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) में औपचारिक शिकायत दर्ज की है।

दरअसल, 21 सितंबर को दुबई में खेले गए एशिया कप सुपर-4 मैच के दौरान दोनों ने भड़काऊ इशारे किए थे। रऊफ ने आसमान से विमान गिराने का इशारा, तो साहिबजादा ने फिफ्टी लगाने पर गन सेलिब्रेशन किया था।

वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों बोर्ड के शिकायत के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 25 सितंबर को सुनवाई निर्धारित की थी। मैच में भारतीय फैंस विराट कोहली के नारे लगाकर रऊफ को चिढ़ा रहे थे। ऐसा इसलिए, क्योंकि कोहली ने 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में मेलबर्न में खेले मैच में रऊफ की गेंदों पर लगातार दो सिक्स लगाए थे।



इस पर रऊफ भड़क गए और उन्होंने आसमान में उड़ते विमानों को गिराने का इशारा किया। पाकिस्तान दावा करता है कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी सेना ने 5 भारतीय फाइटर प्लेन गिराए थे। हालांकि, उसका यह दावा आधारहीन माना जाता है।

रऊफ का यह इशारा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। भारतीय फैंस ने उनकी इस हरकत की जमकर आलोचना की और उन्हें ट्रोल किया।

मैच के दौरान हारिस रऊफ बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे थे। इस दौरान वे भारतीय दर्शकों को इशारों में विमान गिराने का दावा कर रहे थे।

रऊफ ने अभिषेक-गिल से बहस भी की

रऊफ ने अपनी गेंदबाजी के दौरान भारतीय ओपनर्स शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा को अपशब्द भी कहे। मैच के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा कि हमने इसका जवाब बल्ले से दिया।

साहिबजादा फरहान ने इसी मैच में फिफ्टी लगाने के बाद अपने बैट को मशीनगन की तरह इस्तेमाल करते हुए गोली चलाने का इशारा किया। जिसकी जमकर आलोचना हुई।

मैच के बाद साहिबजादा ने कहा, मैं आमतौर पर सेलिब्रेशन नहीं करता, लेकिन उस दिन ऐसा करने का मन हुआ। लोग इसे कैसे लेंगे, इसकी मुझे परवाह नहीं है।

पीसीबी ने भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के खिलाफ आईसीसी में शिकायत दर्ज की है। यह शिकायत 14 सितंबर को दोनों टीमों के बीच खेले गए पहले मैच को लेकर है। पीसीबी का कहना है कि सूर्यकुमार इस मैच में भारतीय टीम की जीत को पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को समर्पित किया था।

पीसीबी का दावा है कि सूर्यकुमार का यह बयान राजनीतिक था। हालांकि, तकनीकी रूप से यह देखना होगा कि पीसीबी ने यह शिकायत सात दिन की समय सीमा में की है या नहीं, जो नियमों के तहत जरूरी है।

आईसीसी करेगा सुनवाई

आईसीसी अब इस मामले की सुनवाई करेगा। अगर रऊफ और साहिबजादा लिखित में इन आरोपों से इनकार करते हैं, तो उन्हें आईसीसी के एलीट पैनल रेफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है। अगर वे अपने इशारों का बचाव नहीं कर पाए, तो उन्हें आईसीसी आचार संहिता के तहत सजा का सामना करना पड़ सकता है।

## गिल कप्तान, जडेजा उपकप्तान, 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में पहला टेस्ट

# वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम में 15 मेंबर्स को चुना गया है। स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है। रेगुलर उपकप्तान ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे पर चोटिल हो गए थे, वे अभी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। बीसीसीआई ने गुरुवार को दुबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम का ऐलान किया।

सीरीज का पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली में होगा।

सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहाउम्मीद है कि पंत साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट (नवंबर में) के लिए उपलब्ध होंगे।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत तीसरे नंबर पर

भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाली यह दो मैचों की सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा है। फिलहाल भारत पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी। वहीं, वेस्टइंडीज अब तक खेले गए तीनों मैच हारकर छठे स्थान पर है। इस डब्ल्यूटीसी साइकिल में भारत की पहली होम सीरीज है। वहीं वेस्टइंडीज की घर से बाहर पहली सीरीज है। भारतीय टीम ने जून-जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी।





### क्या जगदीसन को प्लेइंग-11 में मौका मिलेगा?

टेस्ट टीम के रेगुलर उपकप्तान ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया‚ के खिलाफ खेल रहे हैं।

एन जगदीसन बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल किए गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ ओपनिंग करने के साथ जुरेल के साथ कीपिंग की जिम्मेदारी भी साझा की थी।

### करुण नायर और अभिमन्यु ईश्वरन ड्रॉप

टीम से करुण नायर और शार्दुल ठाकुर को ड्रॉप किया गया है, जो इंग्लैंड दौरे पर टीम में शामिल थे। अभिमन्यु ईश्वरन को भी टीम में शामिल नहीं किया गया।

### नीतीश रेड्डी और देवदत्त पडिक्कल को भी मौका

इस सीरीज के लिए आंध्र प्रदेश के नीतीश रेड्डी और कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया गया है। पडिक्कल हाल ही में ऑस्ट्रेलिया‚ के खिलाफ 150 रन की पारी के बाद चर्चा में आए। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी की थी, जहां उन्होंने 0 और 25 रन बनाए थे। नीतीश सात टेस्ट खेल चुके हैं और ऑलराउंडर के रूप में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# अय्यर ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ इंडिया-ए की वनडे कप्तानी करेंगे

## रोहित-विराट को नहीं मिली जगह, 30 सितंबर से कानपुर में खेले जाएंगे मुकाबले

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टॉप ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में इंडिया-ए की कप्तानी करेंगे। इंडिया-ए को ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ 30 सितंबर से कानपुर में वनडे सीरीज खेलनी है। इसके लिए बीसीसीआई ने गुरुवार को टीम का ऐलान किया।



वहीं, विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों का नाम टीम में नहीं है। हाल ही में रिपोर्ट आई थीं कि टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी चाहती है कि विराट और रोहित दोनों ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले इंडिया-ए के लिए खेलें लेकिन अब दोनों का ही नाम टीम में नहीं है।

### स्क्वॉड में अभिषेक शर्मा का भी नाम

अभिषेक शर्मा भी स्क्वॉड में चुने गए हैं। अभिषेक शर्मा दूसरे और तीसरे वनडे में खेलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भी टीम इंडिया में जगह मिल सकती है।

### पहले वनडे के लिए इंडिया-ए स्क्वॉड

श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेड्गे, विपराज निगम, निशांत सिंधु, गुरजपनीत सिंह, युद्धवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल, प्रियांश आर्या, सिमरजीत सिंह।

### दूसरे और तीसरे वनडे मैचों के लिए इंडिया-ए टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेज, विपराज निगम, निशांत सिंधु, गुरजपनीत सिंह, युद्धवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह।

# ऑस्ट्रेलिया ए को भारत के खिलाफ 353 रन की बढ़त

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में भारत ए और आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेले जा रहे मैच में आस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। तीसरे दिन लंच तक आस्ट्रेलिया ने 353 रनों की लीड ली है। आस्ट्रेलिया के कप्तान नेथन मैक्सवीनी 109 बाल पर 53 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ में जेक एडवर्ड बैटिंग कर रहे हैं। उन्होंने 19 बाल पर 7 रन बनाए हैं। आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 127 रन पांच विकेट के नुकसान पर बना लिए हैं।

दूसरी पारी में बैटिंग करने उतरी आस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। सैम कोंटास गुरनूर बरार की गेंद पर 3 रन के स्कोर पर आउट हुए। इसके बाद कैंपबेल केलावे बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने कप्तान ध्रुव जुरैल के हाथों कैच आउट कराया। टीम के 16 रन के स्कोर पर ऑलिवर पिक आउट हुए।

मानव सुथार की गेंद पर उनका कैच देवदत्त पड़िक्कल ने पकडा। 17 रन के स्कोर पर कूपर



कोनली को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद पांचवें विकेट के लिए कप्तान नेथन मैक्सवीनी और जॉश फिलिप की पार्टनरशिप हुई। इन्हें 27.2 ओवर में मानव सुथार ने ध्रुव जुरैल के हाथों कैच आउट कराया। जॉश फिलिप ने 48 बाल पर 50 रन की पारी खेली। पारी में 8 चौके भी लगाए।पहली पारी में भारत की खराब शुरुआत रही। टीम की तरफ से साई सुदर्शन ने सबसे अधिक 75 रन 140 बाल पर बनाए। पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया। नारायण जगदीशन ने 45 बाल पर 38 रन बनाए। पारी में छह चौके लगाए। आयुष बदौनी ने 35 बाल पर 21 रनों की पारी खेली। केएल राहुल 24 बाल पर 11 रन बनाकर विल सदरलैंड की गेंद पर आउट हुए।

पहला विकेट गिरने के बाद टीम के रेगुलर अंतराल पर विकेट गिरते रहे। देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरैल, नीतीश कुमार रेड्?डी, मोहम्मद सिराज, गुरनूर ब्रार और यश ठाकुर सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए।

# क्रिकेटर अभिषेक के पिता बोले-देश के लिए खेला बेटा

**अमृतसर (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के सुपर-4 में पाकिस्तान को हराने के बाद हर किसी की जुबान पर सिर्फ एक नाम है- अभिषेक शर्मा। दुबई के मैदान में 21 सितंबर की रात उनकी बैटिंग सिर्फ ड्राइव और कट की खूबसूरती नहीं थी, वह अपने परिवार, गुरु और देश के सपने के लिए मैदान में उतरा था। शुरुआत से ही शाहीन अफरीदी और रऊफ ने लगातार अभिषेक को भड़काने की कोशिश की।



पहली ही गेंद पर शाहीन को छक्का मारना फिल्मी अंदाज लगा। अभिषेक का ये रूप, पाकिस्तान के उन दोनों प्लेयर्स को जवाब था। हर गेंद पर पाकिस्तान की आक्रामकता, अभिषेक के चेहरे पर विश्वास और आंखों में देश के लिए जी-जान लगा देने की ललक झलका रही थी। अफरीदी के शब्दों का जवाब उन्होंने अपने बैट से दिया। हर चौका उन्होंने समीप खड़े पाक खिलाड़ियों की ओर देखकर मारा, जैसे कह रहे हों बस बल्ला बोलेगा, जुबान नहीं। अभिषेक शर्मा ने 39 गेंदों पर 74 रन की यादगार पारी खेली। यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, जज्बात थे। अभिषेक के पिता राज कुमार ने पूरे देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लिए यह बहुत गौरव की बात है, भारत को जीत हासिल हुई है। अभिषेक की मैच से पहले ही पिता से बातचीत हुई थी। अभिषेक ने साफ कहा था कि वे शतक बनाने के मकसद से मैदान में उतर रहा है। पिता राज कुमार ने कहा कि लेकिन सभी जानते हैं, भारत-पाक के बीच मैच में प्लेयर्स पर दबाव होता है। लेकिन अभिषेक जितना खेले, वे बेहतर खेले। उन्होंने कहा कि बीता भारत-पाक जबरदस्त था और दोनों टीमों पर बहुत प्रेशर था, मगर जो अच्छा खेलता है वही जीत हासिल करता है। पिता राज कुमार ने बताया कि अभिषेक की माता व बहन दोनों ही दुबई में हैं। मैच के बाद उनकी मुलाकात अभिषेक से हुई। अभिषेक की बहन की शादी है। इस दौरान सिर्फ शादी को लेकर ही बातचीत हुई। अभिषेक की मां ने जानकारी दी कि अभिषेक मैच के बाद शांत व खुश था।

# अश्विन बीबीएल में शामिल होने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्पिन दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने बीबीएल 15 के लिए सिडनी थंडर के साथ करार करके इतिहास रच दिया है। यह लीग की शुरुआत के बाद से सबसे बड़ा विदेशी करार है। 39 वर्षीय ऑफ स्पिनर बीबीएल में खेलने वाले पहले भारतीय राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर बने। हालांकि वह इस दौरान पाकिस्तानी क्रिकेटर शादाब खान के साथ एक ही टीम में हैं। यह सवाल इसलिए भी बड़ा है क्योंकि पहलवाग हमले के बाद से ही भारत का पाकिस्तान को लेकर रूख कड़ा रहा है चाहे वह खेल का मैदान ही क्यों न हो जिसका एक उदाहरण एशिया कप 2025 में भी देखने को मिला है। थंडर अपने बीबीएल15 अभियान की शुरुआत 16 दिसंबर को होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ ग्रैंड फाइनल रीमैच के साथ करेगा और उसके बाद 20 दिसंबर को ईएनजीआईई स्टेडियम में सिडनी स्मैश की मेजबानी करेगा। भारतीय महिला खिलाड़ी लंबे समय से डब्ल्यूबीबीएल सहित दुनिया भर की घरेलू लीगों में खेलती रही हैं, लेकिन बीसीसीआई ने भारत के अंतरराष्ट्रीय और घरेलू अनुबंधित पुरुष क्रिकेटरों को विदेशों में टी20 प्रतियोगिताओं में खेलने से प्रतिबंधित कर दिया है। केवल सेवानिवृत्त भारतीय पुरुष खिलाड़ियों को ही विदेशी टी20 लीग में खेलने की अनुमति है। अश्विन ने एक बयान में कहा, थंडर इस बारे में बिल्कुल स्पष्ट थे कि वे मेरा उपयोग कैसे करेंगे और मैं इसका समर्थन करने के लिए पर्याप्त साहसी भी था।

# भारत ने एशिया कप में सबसे ज्यादा मैच जीते, 2025 में सबसे ज्यादा कैच भी छोड़े

**अबूधाबी (एजेंसी)।** भारत ने बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ 41 रन की जीत के साथ एशिया कप के फाइनल में एंट्री कर ली। तीसरी बार टी-20 फॉर्मेट में हो रहे एशिया कप के फाइनल में भारत ने दूसरी बार जगह बनाई। लेफ्ट आर्म पेसर मुस्तफिजुर रहमान बांग्लादेश के टॉप विकेट टेकर बन गए।

टीम इंडिया मौजूदा एशिया कप में सबसे ज्यादा कैच छोड़ने वाली टीम भी बन गई। वहीं टीम ने बांग्लादेश को टी-20 इंटरनेशनल में 17वीं बार हराया। अभिषेक शर्मा 2024 के बाद से 58 टी-20 छक्के लगा चुके हैं। जो फुल मेंबर्स नेशंस के प्लेयर्स में सबसे ज्यादा हैं।

1. **मुस्तफिजुर बांग्लादेश के टॉप टी-20 विकेट टेकर-** बांग्लादेश के लेफ्ट आर्म पेसर मुस्तफिजुर रहमान ने भारत के खिलाफ 33 रन देकर 1 विकेट लिया। पारी में इकलौते विकेट के साथ उनके टी-20 इंटरनेशनल में 150 विकेट भी पूरे हो गए। इसी के साथ वे टी-20 में बांग्लादेश के टॉप विकेट टेकर भी बन गए। मुस्तफिजुर ने स्पिनर शाकिब अल हसन को पीछे छोड़ा। जिनके नाम 149 विकेट हैं।
2. **एशिया कप में सबसे ज्यादा कैच छोड़ने वाली टीम इंडिया-** मौजूदा एशिया कप में 8 टीमों ने हिस्सा लिया। 16 मैच खत्म होने के बाद सबसे ज्यादा कैच छोड़ने वाली टीमों में भारत पहले नंबर पर है। टीम ने 5 मुकाबलों में 12 कैच छोड़े हैं। बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ टीम ने 5 कैच छोड़े। भारत के बाद हॉन्ग कॉन्ग ने 3 मैच में 11 कैच छोड़े हैं।
3. **एशिया कप में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम-** टी-20 और वनडे फॉर्मेट मिलकर भारत ने एशिया कप में सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। टीम के नाम 70 मुकाबलों में 48 जीत हो गई। भारत ने श्रीलंका को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 71 मुकाबलों में 47 जीत हैं। 50 से ज्यादा मैच खेलने वाली टीमों में भारत ने सबसे कम 19 मुकाबले ही गंवाए हैं। श्रीलंका 24 हार के साथ दूसरी सबसे सफल टीम है।
4. **भारत ने बांग्लादेश को 17वीं बार हराया-** टी-20 इंटरनेशनल में भारत ने बांग्लादेश को 18 टी-20 मुकाबलों में 17वीं बार हरा दिया। बांग्लादेश को टीम इंडिया के खिलाफ इकलौती टी-20 जीत नवंबर 2019 में नई दिल्ली के मैदान पर मिली थी। तब बांग्लादेश ने भारत को 7 विकेट से हराया था।
5. **दुबई में 7 साल बाद फुल मेंबर टीम 170 से कम चेज करते हुए हारी-** बांग्लादेश की टीम दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत के खिलाफ 169 रन का टारगेट नहीं हासिल कर सकी। दुबई में 2018 के बाद 2 फुल मेंबर देशों के बीच हुए मैच में ऐसा पहली बार हुआ। आखिरी बार न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान के खिलाफ नवंबर 2018 में 167 रन का टारगेट नहीं हासिल कर पाई थी।
6. **अभिषेक शर्मा से जुड़े 8 फैक्ट्स-** जुलाई 2024 में टी-20 डेब्यू के बाद से अभिषेक 21 पारियों में भारत के लिए 58 छक्के लगा चुके हैं। वे भारत के लिए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर्स में 7वें नंबर पर हैं।




अभिषेक के डेब्यू के बाद से ऑस्ट्रिया के करणबीर सिंह (99 छक्के) और यूएई के मुहम्मद वसीम (60 छक्के) ही उनसे ज्यादा सिक्स लगा पाए हैं। फुल मेंबर नेशंस में दूसरे नंबर पर संजू सैमसन (37 छक्के) हैं। अभिषेक टी-20 इंटरनेशनल में हर 6.83 बॉल पर एक छक्का लगा देते हैं। 50 से ज्यादा छक्के लगाने वाले 153 प्लेयर्स में वे दूसरे नंबर पर हैं। जिब्राल्टर के कायरन स्टाग्नो 6.61 बॉल प्रति सिक्स के साथ टॉप पर हैं।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं दुर्गा पूजा : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** दुर्गा पूजा के सफल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। यह बैठक योजना भवन के सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने समिति सदस्यों, आयोजकों एवं जनप्रतिनिधियों से पूजा पर्व के आयोजन से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। उपस्थित सदस्यों द्वारा सड़क एवं पुल-पुलिया की स्थिति, यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण की समस्या, अवैध शराब की बिक्री पर नियंत्रण तथा अन्य जनसुविधा संबंधी विषयों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और यह आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इन समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व जिले में शांति, सौहार्द, आपसी भाईचारा एवं धार्मिक एकता के साथ मनाया जाए। उन्होंने बताया कि विधि-व्यवस्था संधारण हेतु प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की जा चुकी है तथा सभी प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल, पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहर में जाम की समस्या को देखते हुए जिला परिषद के अंतर्गत छोटे वेंडरों और ठेला चालकों के लिए पृथक स्थल चिन्हित किया गया है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि शहर में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और अन्य निकाय क्षेत्रों में भी कैमरे लगाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, थानाध्यक्ष, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्य, पूजा पंडाल आयोजक तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर गुलजार हुआ बाजार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** दुर्गा पूजा को लेकर औरंगाबाद शहर की रौनक बढ़ गई है। दशहरा का दिन जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे बाजार में खरीदारी जोर पकड़ रही है। पर्व को लेकर सबसे ज्यादा कपड़ों की खरीदारी हो रही है। छोटे से बड़े दुकानों में कपड़ों की खरीदारी को लेकर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है। पूजा को लेकर बड़े-बड़े मॉल में कई तरह का ऑफर दिया जा रहा है। लोग उसका लाभ उठाते हुए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में कहीं पर कपड़े की खरीदारी हो रही है तो कहीं पर जूते, चप्पल सहित अभी से ही खरीदारी में जुटे हुए हैं। अपनी आर्थिक स्थिति को देखते हुए हर कोई खरीदारी करते हुए दिख रहे हैं। बड़े-बड़े मॉल में कई ऑफर दिए जा रहे हैं जिससे लोग काफी आकर्षित हो रहे हैं लेकिन छोटे दुकानों पर भी खरीदारी जरूर हो रही है। हालांकि दुकानदारों की माने तो मॉल ने उनके व्यापार पर काफी हद तक प्रभाव डाला है।

# औरंगाबाद का सिन्हा कॉलेज एआई का पूरे बिहार में पहला स्टडी सेंटर होगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** डिजिटल टेक्नोलोजी के क्षेत्र में बिहार के छात्र भी अब यहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की पढ़ाई कर सकेंगे। इसकी सुविधा जल्द ही बिहार के पुराने और प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में एक सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद में उपलब्ध हो जायेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की पढ़ाई कराने वाला सिन्हा कॉलेज पूरे राज्य का प्रथम स्टडी सेंटर होगा। कॉलेज में मगध विश्वविद्यालय ने 10 वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई की मंजूरी दे दी है। दिसंबर माह से एमलिस समेत अन्य वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। गुरुवार को कॉलेज के सभाकक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने मगध विश्वविद्यालय कुलपति शशि प्रताप शाही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार के लिए सिन्हा कॉलेज लगातार प्रयासरत है। यह कोर्स कॉलेज की शैक्षणिक गरिमा को नई ऊंचाई देगा। यह कॉलेज कर्मियों के कठिन परिश्रम का परिणाम है। यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। इन वोकेशनल कोर्स को लेकर कई प्रपोजल भेजा गया। लगातार अपनी मांग को जारी रखा। लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशि प्रताप शाही ने उचित विचार किया और एक साथ 10 वोकेशनल कोर्स की अनुमति प्रदान की। इन कोर्स को लेकर छात्रों को पढ़ाई के लिए बाहर जाना पड़ता था। अब ये सुविधा उन्हें यहीं मिलेगी। साथ ही कैम्पस सलेक्शन के माध्यम से छात्रों को रोजगार भी मिलेगा। प्राचार्य ने कहा कि 4 सितंबर को सिन्हा कॉलेज में आयोजित सिंडिकेट की बैठक में कुलपति शशि प्रताप शाही ने इसको लेकर आश्वस्त भी किया था। प्राचार्य ने कहा कि 10 वोकेशनल कोर्स में एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी लाइब्रेरी साइंस, एमएससी आईटी, एमएससी इनवायरमेंटल साइंस, बीबीए, योगा स्ट्डीज आदि शामिल है। डॉ. मिश्र ने कहा कि छात्र हित को देखते हुए सिन्हा कॉलेज को यह अवसर उनके द्वारा प्रदान किया गया है जिसकी जितनी भी सराहना की जाय कम ही होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोई स्टडी सेंटर नहीं है, लेकिन अब सिन्हा कॉलेज में शुरू होगा। इसको लेकर संबंधित फैकल्टी के निर्देशक से बात की गई है और आशा है कि दिसंबर माह से सिन्हा कॉलेज में ये सभी कोर्स की पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में पूर्व से ही 13 वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई के साथ साथ 16 यूजी और 16 पीजी के पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# सोन कैनाल में डूबने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सोन कैनाल में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना बारून प्रखंड क्षेत्र के नरारी कलां थाना के मेह की है। मृतक की पहचान मेह गांव निवासी स्व. अंशु शर्मा के पुत्र रंजय शर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक युवक स्नान के लिए नहर की ओर गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव के कारण अन्यत्र निकल गया। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने युवक की खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में उसका कपड़ा नहर किनारे मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की मदद से युवक की खोजबीन शुरू हुई। नहर में अत्यधिक पानी होने से शव की तलाश करना आसना नहीं था। मामले की सूचना कैनाल के अधिकारियों को दी गई। पानी का लेवल कम होने पर गुरुवार की सुबह अंबा छठ घाट के पास से युवक का शव बरामद किया गया। सूचना पर पहुंचे मेह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार उर्फ़ अनु यादव ने शोक संतप्त परिजन को ढांढस बंधाया और आश्रित को आर्थिक सहायता की। उन्होंने बताया कि मृतक घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था। वह अत्यंत गरीब था। परिवार में उसकी केवल बुजुर्ग मां जीवित है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि स्नान के दौरान सोन कैनाल में डूबने से एक युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अधिवक्ता समाज से है मेरा विशेष लगाव : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ, अधिवक्ता संघ और युवा अधिवक्ता कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में संघ के केंद्रीय कक्ष में गुरुवार को समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का विषय राज्य सरकार से नये अधिवक्ताओं को मासिक प्रोत्साहन राशि आर्थिक सहायता देना और अधिवक्ता संघों को ई लाईब्रेरी वास्ते आर्थिक सहायता देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, वरिष्ठ अतिथि पूर्व एमएलसी मुन्ना सिह रहे। आरंभ में सर्वप्रथम अतिथियों को शॉल, बुके और माला देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व सासंद सुशील कुमार सिंह ने बिहार में एनडीए सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के हित में किये गई कार्यों की जमकर सराहना की। कहा कि एनडीए के शासनकाल में सरकारी अधिवक्ताओं के वेतन में कई गुना वृद्धि हुई है। पूर्व एमएलसी ने भी राज्य सरकार का आभार जताया। लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल ने कहा कि नये अधिवक्ताओं को प्रोत्साहन राशि मिलने से उनके भविष्य सुरक्षित होंगे। अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने कहा कि बिहार सरकार से मांग है कि अन्य मांगों को भी शीघ्रता से पुरी की जाएं। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिह ने कहा कि हम सब असुरक्षित माहौल में कार्य करते हैं इसलिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू होना आवश्यक हो गया है। जिला विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिह, पूर्व सचिव परशुराम सिह, पूर्व सचिव नागेंद्र सिह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता इंद्रदेव यादव, सरकारी अधिवक्ता बृजा प्रसाद ने बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि अधिवक्ता समाज के हित पूर्ति ही हमारा उद्देश्य है। इस मौके पर एपीपी प्रदीप कुमार सिंह, उदय कुमार सिन्हा, अनील कुमार चौबे, मुकेश कुमार सिंह, कामता प्रसाद सिह, बागेश्वरी प्रसाद, रविन्द्र सिंह, सियाराम पांडेय, अनुराग कुमार, सुधीर कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, बद्रीनारायण सिंह, इरशाद आलम, गिरिजेश सिंह, वीरेंद्र दुबे, अशोक कुमार गुप्ता, श्याम नंदन तिवारी, अवधेश राय, अमरेंद्र नारायण सिह, दिलीप कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिह, नृपेश्वर नारायण सिंह देव, मिथलेश प्रसाद यादव, संतोष कुमार, कुणाल राहुल सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन युवा अधिवक्ता कल्याण समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार मंटू ने किया।

# एसबीआई के कर्मचारियों ने चलाया सफाई अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वच्छता पखवारा के तहत भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक रूप से सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों और सार्वजनिक स्थालों की सफाई कर स्वच्छ भारत अभियान में अपना अहम योगदान दिया। साथ ही रमेश चौक स्थित मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक रितेश कुमार के नेतृत्व में एसबीआई कर्मचारियों ने सफाई कार्यों में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्य प्रबंधक हिमांशु प्रभाकर ने कहा कि स्वछता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इसे हर व्यक्ति को जरूर अपनाना चाहिए। इस मौके पर हिमांशु प्रभाकर, जितेंद्र कुमार, शिवानंद चौधरी, निलाभ कुमार, सहित एसबीआई के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सफाई कार्यों में अपना योगदान दिया।

# स्वच्छता के साथ दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति के तत्वावधान में ओबरा प्रखंड के खराटी गांव स्थित शहीद जगतपति स्मारक स्थल पर एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम का आयोजन उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता दोनों ही गतिविधियों को एक साथ संपन्न किया गया, ताकि आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के संदर्भ में जनता में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सहित प्रखंड के सभी स्वच्छता कर्मियों एवं पर्यवेक्षकों ने सामूहिक श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक चलने वाला यह राष्ट्रव्यापी अभियान स्वच्छ भारत के निर्माण के साथ-साथ लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल स्वच्छता एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव-2025 में मतदाता जागरूकता, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान की भावना को प्रोत्साहित करना भी है। जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में इस अभियान को चरणबद्ध रूप से संचालित कर आमजन तक स्वच्छता एवं लोकतांत्रिक भागीदारी का संदेश पहुंचाया जाएगा। रैली के दौरान लोकतंत्र है हमारा अधिकार, वोट देंगे इस बार तथा पेड़ भी लगाएंगे, वोट भी देंगे जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों को आगामी विधानसभा चुनाव-2025 में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। हकार्यक्रम में अनुपम कुमार, अंतरा कुमारी, अजीत शरण, अजय राम, जफर अंजुम, ब्रह्मदेव यादव, अजय प्रजापति, वेद प्रकाश, उपेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, गौतम कुमार, अरुण कुमार, बेबी देवी, योगेंद्र पासवान, ज्ञान प्रकाश, प्रियंका कुमारी, सुशीला कुमारी सहित अन्य स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ढिबरा थाना के एएसआई धर्मेंद्र यादव निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ढिबरा थाना के एएसआई धर्मेंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। वहीं प्रभारी थानाध्यक्ष पवन कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बता दें कि 17 सितंबर को बालूगंज बाजार में गश्ती के दौरान सड़क पर खड़ी बाइक को लेकर वाहन मालिक और एएसआई के बीच विवाद हो गया। इसके बाद गश्ती टीम ने बाइक जब्त कर थाना लाया गया और मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसमें महिला सिपाही ने बाइक सवार पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध में बीते दिनों बालूगंज बाजार बंद रखा। इस दौरान उत्पन्न विधि-व्यवस्था की समस्या को लेकर मामले में पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देश पर एसडीपीओ-2 चंदन कुमार के नेतृत्व में जांच-पड़ताल की गई जिसमें एएसआई धर्मेंद्र यादव दोषी पाए गए। वहीं घटना सत्यापन के बिना ही प्रभारी थानाध्यक्ष पवन कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सीडीपीओ के जांच प्रतिवेदन में आए तथ्यों एवं साक्षियों के विवेचना के आधार पर दोषी पाते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित एवं प्रभारी थानाध्यक्ष से विभागीय कार्रवाई के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराती है राष्ट्रीय सेवा योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का 57वां स्थापना दिवस उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। छात्रों ने झाड़ू लगा तथा कचरा उठाकर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराती है। आज के स्वयंसेवक कल के जिम्मेदार नागरिक हैं। उन्हें समाज निर्माण की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। वितेक्षक डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। एनएसएस उन्हें सेवा और सहयोग की सच्ची भावना से जोड़ता है। एनएसएस प्रभारी डॉ. नरेश कुमार सिंह ने कहा कि सेवा ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। एनएसएस छात्रों को समाज से जोड़ने और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में डॉ. तरुण माथुर, विवेक कुमार, रिया गिरी, विवेक, नेहा, प्रेम, सलोनी, निधि सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के बेरका गांव में गुरुवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि बेरका गांव निवासी 61 वर्षीय बिहारी मिस्त्री शौच के लिए गांव के पश्चिम दिशा में जा रहे थे। इसी क्रम में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने घायल वृद्ध को इलाज हेतु पीएचसी लाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालयी खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विशेष खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ निदेशक डॉ. धनंजय कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है बल्कि अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच का भी विकास करता है। विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी, कैरमबोर्ड, चेस आदि विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा दशम इ एवं दशम उ के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया। यह मैच दशम इ के कप्तान मंजीत कुमार तथा दशम उ के कप्तान राघवन कुमार के नेतृत्व में खेला गया। कड़ी टक्कर के बाद दशम इ ने पांच विकेट से जीत हासिल की। जीत के बाद सभी खिलाड़ी बेहद उत्साहित और खुश नजर आए। विजेता टीम को विद्यालय के प्राचार्य पंकज दुबे एवं प्रशासक ओम प्रकाश द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं पराजित टीम के खिलाड़ियों का भी भरपूर उत्साहवर्धन किया गया। विशेष रूप से शिक्षक आलम श्री संतन कुमार ने मैच में बेहतर अंपायरिंग करते हुए खेल का सफल और सुचारू समापन सुनिश्चित किया। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की विशेष खेल प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

# सभी सीटों पर लड़ाएंगे निर्दलीय गौ भक्त प्रत्याशी : शंकराचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार की राजनीति में सनातन आस्था और गौ रक्षा का मुद्दा एक नया मोड़ आ गया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गुरुवार को यहां प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार की सभी 243 सीटों पर गौ भक्त निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में उतरेंगे। शंकराचार्य ने कहा कि हमारी लड़ाई किसी दल या व्यक्ति से नहीं बल्कि उस व्यवस्था से है जो हमारी आस्था और संस्कृति की उपेक्षा करती रही है। सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम गौ माता का संरक्षण करेंगे। गौ रक्षा हमारी आस्था का विषय ही नहीं बल्कि यह हमारे समाज और संस्कृति की भी आधारशिला है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में केवल उन्हीं प्रत्याशियों को वोट दें जो गौ रक्षा को लेकर स्पष्ट और दृढ़ संकल्पित हों।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# खादी ग्रामोद्योग की मदद करने आगे आए सरकार : अजय श्रीवास्तव

## गांधी जयंती पर दशहरे में भी खुला रहेगा खादी भंडार, खादी के वस्त्रों पर गांधी जयंती के मौके पर 25% की छूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में खादी ग्रामोद्योग ने स्वरोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं तथा हजारों परिवारों के लिए रोजी-रोटी की व्यवस्था की है लेकिन अब जरूरत है कि खादी ग्रामोद्योग को बचाने के लिए और इसकी पुरानी प्रतिष्ठा स्थापित करने के लिए केंद्र तथा बिहार सरकार आगे आए तथा सहयोग प्रदान करें ताकि यह संस्था अपनी खोई हुई पहचान को वापस पा सके। यह बात खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहीं। उन्होंने कहा कि शहर के रमेश चौक स्थित खादी ग्रामोद्योग भंडार जो लोकनायक जयप्रकाश नारायण के द्वारा स्थापित संस्था ग्राम निर्माण मंडल द्वारा संचालित है, खादी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जो बिक्री होती है वह पूरे बिहार में प्रथम स्थान रखती है। उन्होंने बताया कि लगभग 2 दशकों से लगातार यह उपलब्धि हासिल होती आ रही है और हमने स्थानीय लोगों के बीच इस भावना को विकसित किया कि जिस प्रकार धनतेरस के दिन धार्मिक भावना से कोई न कोई बर्तन खरीदते हैं उसी प्रकार वैचारिक भावनाओं से 2 अक्टूबर को खादी वस्त्र अवश्य खरीदे जाएं। उन्होंने बताया कि इसका बहुत अच्छा असर पड़ा और जो आज भी गांधी जयंती पर खादी की खरीद में देखने को मिलता है।



उत्पादन के क्षेत्र में भी औरंगाबाद का बिहार में पहला स्थान रहा है। ओबरा, जम्होर, नवीनगर में कंबल उत्पादन, दाउदनगर, हसपुरा गोह में सूती खादी का उत्पादन का पूरे बिहार में खादी क्षेत्र में कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन आज संस्था की आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण बुनकर और सूतकारों के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हो पा रहा है। दयनीय स्थिति के कारण कच्चे माल का अभाव है। इस पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं तथा हजारों कामगारों का जीवन आश्रित हैं जिन्हें इन परिस्थितियों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और अब इस मोड़ पर इस संस्था को और खादी को केंद्र तथा राज्य सरकार की मदद की आवश्यकता है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार गांधी जयंती 2 अक्टूबर को है जो विजयादशमी भी है। खादी भंडार के व्यवस्थापक मोहन पांडे ने बताया कि विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर के दिन भी खादी भंडार दिनभर खुला रहेगा और खादी खरीद अभियान के लिए खादी प्रेमियों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने अपील की कि जिस तरह से लोगों ने विगत वर्षों में खादी खरीद कर इस संस्था का सम्मान बढ़ाया इस बार भी सभी लोग इस संस्था को सहयोग करेंगे। गांधी जयंती के अवसर पर सभी खादी वस्त्रों पर 25% की छूट दी जाएगी। संस्था के प्रधान कार्यालय के मंत्री सुनील कुमार तथा जिला मंत्री शालिग्राम मंडल ने बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती को ध्यान में रखते हुए खादी का पूरा जुटान किया गया है। उस दिन अधिक से अधिक खादी वस्त्र खरीद कर खादी कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद रखें।